

नवरात्रि का दूसरा दिन मां ब्रह्मचारिणी


रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 18 अक्टूबर 2020 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 59 मूल्य 3.00 ₹


## निर्वाचन अधिकारी ने कहा जो कहना है अभी कहिए, समय नही दूंगा

# अमित जोगी का नामांकन निरस्त

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

मरवाही उप चुनाव के 19 प्रत्याशियों के नामांकन पर दावा आपत्ति की जाँच में सबसे ज्यादा समय नवमें नंबर पर लगा। यह नवमां नंबर था अमित जोगी का। करीब करीब ढाई घंटे बाद अमित जोगी बाहर आए जबकि जिला निर्वाचन अधिकारी ने फ़ैसला सुरक्षित रख लिया जिसे कुछ देर बाद सार्वजनिक करते हुए घोषित किया मैं अमित ऐश्वर्य जोगी का नामांकन निरस्त करता हूँ। अमित जोगी के नामांकन में आपत्ति कांग्रेस के अलावा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की ओर से उर्मिला मार्को और निर्दलीय प्रताप सिंह भानू ने की थी। तीनों ही के पास राज्य स्तरीय छानबीन समिति के उस आदेश की कॉपी थी जिसमें अमित जोगी का जाति प्रमाण पत्र निरस्त किया गया था। इस आदेश की कॉपी अमित जोगी के पास नही थी। अमित जोगी के रायपुर स्थित निवास पर यह आदेश अब से कुछ देर पहले दिए जाने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। बहस के दौरान निर्वाचन निर्देशिका कंडिका 12 का उल्लेख करते हुए अमित जोगी ने जवाब देने के लिए वक़्त माँगा जिसे ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने अस्वीकार कर दिया था।

### छत्तीसगढ़ में संविधान और कानून समाप्त हो चुका है : अमित जोगी



अमित जोगी ने मीडिया के सामने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि हमारा देश संविधान और कानून से चलता है, बदलापुर से नहीं। जनता को इतना बेबस और बेवकूफ नहीं समझना चाहिए। वे सोचते है कि कुश्ती अकेले ही लड़े और जीते भी। वे कितनी भी कोशिश कर ले हमें मरवाही की जनता के दिलों से नहीं निकाल सकते। पूरी कार्रवाई अंधेरे में की जा रही है जिसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है उसे भी अंधेरे में रखा जा रहा है। जो जनता की आवाज है हमारे मीडिया के साथी को भी अंधेरे में रखा जा रहा है। हमारे छत्तीसगढ़ में अब संविधान व कानून का राज समाप्त हो चुका है।

### मुख्यमंत्री का आभार, उन्होंने सत्य को सामने लाया : संत कुमार नेताम



ओपन सिक्रेट के सार्वजनिक होने के बाद याने कि अमित जोगी के जाति प्रमाण पत्र राज्य की उच्च स्तर छानबीन समिति द्वारा ख़ारिज करने और फिर उस आधार पर नामांकन ख़ारिज करने के तत्काल बाद कलेक्ट्रेट परिसर में मौजूद संत कुमार नेताम ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार प्रगट किया है। जोगी के जाति मसले को लेकर लड़ाई लड़ने वाले संत कुमार नेताम सुबह से ही जीपीएम में मौजूद थे। ओपन सिक्रेट को लेकर वे पूरी तरह परिचित थे, और उन्हे औपचारिक ऐलान का इंतजार था। अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष संत कुमार नेताम ने कहा मैं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार जताता हूँ, उन्होने सत्य सामने लाया..फर्जी आदिवासीयों के विरुद्ध संघर्ष जारी रहेगा।

### छानबीन समिति एवं चुनाव आयोग के फैसले का स्वागत करती है कांग्रेस : विकास तिवारी

छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं प्रवक्ता विकास तिवारी ने कहा है कि छानबीन समिति के द्वारा जनता कांग्रेस के अध्यक्ष अमित जोगी और उनकी धर्मपत्नी ऋचा जोगी का जाति प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया गया, जिसके आधार पर चुनाव आयोग ने मरवाही विधानसभा के चुनाव में दोनों के नामांकन पत्र को रद्द कर दिया गया और उन्हें चुनाव लड़ने से अयोग्य साबित कर दिया गया। जनता कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एवं मरवाही विधानसभा उप चुनाव के प्रत्याशी अमित जोगी का जाति प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया है। शनिवार को गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिला मुख्यालय में अमित जोगी के जाति प्रमाणपत्र पर आपत्ति की सुनवाई की। छानबीन समिति ने अमित जोगी को आदिवासी नहीं माना है। इस आधार पर मरवाही विधानसभा चुनाव की उम्मीद्वारी से अमित का नामांकन पत्र निरस्त कर दिया गया है। जनता कांग्रेस की प्रत्याशी विधायक ऋचा अमित जोगी का जाति प्रमाण पत्र 15 तारीख को जिला छानबीन समिति द्वारा निलंबित कर दिया गया था,जिसके बाद भी उन्होंने नामांकन भरा शनिवार को गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिला मुख्यालय में ऋचा जोगी के



जाति प्रमाणपत्र पर आपत्ति की सुनवाई की। छानबीन समिति ने ऋचा जोगी के जाति प्रमाण पत्र निलंबित कर राज्य समिति को आगे जांच के लिए भेजा है, तब तक उनका प्रमाण पत्र का प्रभाव नहीं रहेगा, इस आधार पर मरवाही विधानसभा चुनाव की उम्मीद्वारी से ऋचा जोगी का नामांकन पत्र निरस्त कर दिया गया है। कांग्रेस के प्रत्याशी के.के. ध्रुव की तरफ से अधिवक्ता संदीप दुबे प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस विधि विभाग ने आपत्ति और बहस की एवं राष्ट्रीय गोंडवाना पार्टी के उर्मिला मार्को प्रत्याशी की तरफ से सुदीप श्रीवास्तव ने बहस की है। विकास तिवारी ने बताया कि जनता कांग्रेस अध्यक्ष अमित जोगी और उनकी धर्मपत्नी ऋचा जोगी का जाति प्रमाण पत्र निरस्त होने का आधार- 1-जिला स्तरीय छान-बीन समिति के द्वारा जनता कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी को तीन बार नोटिस देकर वहां से एवं सुनवाई हेतु बुलाया गया था जिसमें अमित जोगी उपस्थित नहीं हुये। 2-जिला छानबीन समिति के द्वारा प्रकरण को राज्यस्तरीय समिति के समक्ष भेजा गया और अमित जोगी को राज्यस्तरीय समिति के द्वारा नोटिस भेजा गया लेकिन अमित जोगी सुनवाई के दौरान उपस्थित नहीं हुए। जिला स्तरीय छानबीन समिति ने पाया कि अजीत जोगी के जाति प्रमाण पत्र को निरस्त कर दिया गया था और उस निरस्तीकरण के आधार पर अमित जोगी के कंवर जाति होने के दावे को छानबीन समिति ने निरस्त कर दिया। इसके बाद माननीय हाईकोर्ट ने भी इस प्रकरण में स्टे नहीं दिया था जिससे स्पष्ट था कि जनता कांग्रेस अध्यक्ष अमित जोगी कंवर जाति के आदिवासी नहीं है। 3-भारत के सामाजिक परिस्थितियों के आधार पर जाति प्रमाण पत्र बनाए जाते हैं। भारत के संविधान के अनुच्छेद की धारा 341 जो कि अनुसूचित जाति और 342 जो कि अनुसूचित जनजाति के अधिकारों प्रदान करने के लिए होता है जिसके आधार पर देश और राज्य में वर्ष 1950 के दौरान संविधान में व्यवस्था के आधार पर अति पिछड़ी जातियों को नौकरी में लाभ मिलता है और निर्वाचन व्यवस्था में भी इसका लाभ देश की अति पिछड़ी ➢शेष पेज 8 पर

## सरकार कुछ खास 'मित्रों' की जेबें भर रही है : राहुल

वार्ता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने नरेन्द्र मोदी सरकार पर हमला जारी रखते हुए शनिवार को 'वैश्विक भूख सूचकांक' 2020 को लेकर निशाना साधा और कहा कि भारत का गरीब भूखा है क्योंकि सरकार सिर्फ अपने कुछ ख़ास 'मित्रों' की जेबें भरने में लगी है।

वैश्विक भूख सूचकांक 2020 के 117 देशों में भारत का 94 वां स्थान है जबकि इंडोनेशिया, पाकिस्तान, नेपाल और बंगलादेश इसकी तुलना में कहीं बेहतर पायदान पर हैं। श्री गांधी ने इस संबंध में प्रकाशित एक ग्राफ को अपने ट्विटर पर साझा किया और केंद्र सरकार पर हमला करते हुए लिखा, भारत का गरीब भूखा है क्योंकि सरकार सिर्फ अपने कुछ ख़ास 'मित्रों' की जेबें भरने में लगी है।

सूचकांक के अनुसार इंडोनेशिया 70,नेपाल 73,बंगलादेश 75 और पाकिस्तान 88 वें पायदान पर है। श्री गांधी ने कल कोरोना से अर्थव्यवस्था को लगे झटकों को लेकर केंद्र पर हमला बोला था। उन्होंने एक ग्राफिक्स साझा करते हुए मोदी सरकार पर तंज कसा, भाजपा सरकार की एक और ठोस उपलब्धि, पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने भी भारत से बेहतर ढंग से कोविड का प्रबंध किया है। वायनाड से सांसद श्री गांधी ने दो दिन पहले ट्वीट करके कहा था कि प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आधार पर बंगलादेश जल्द ही भारत को पछाड़ देगा। इसमें उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकड़ों का हवाला दिया था। सरकार के सूत्रों ने इस पर जबाव देते हुए श्री गांधी के दावों को गलत बताया था।

### महागठबंधन का घोषणा पत्र जारी

## 10 लाख नौकरी, संविदा प्रथा खत्म करने और किसानों का ऋण माफ करने का वादा

वार्ता ‹ पटना
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की अगुवाई वाले महागठबंधन ने आज अपना चुनावी घोषाणा पत्र 'प्रण हमारा संकल्प बदलाव का' जारी करते हुए 10 लाख युवाओं को स्थायी नौकरी, शिक्षकों को समान काम के बदले समान वेतन देने, संविदा प्रथा समाप्त करने और किसानों का ऋृण माफ करने का वादा किया है। महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला और बिहार के प्रभारी शक्ति सिंह गोहिल, प्रदेश अध्यक्ष मदन मोहन झा, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिनवादी (भाकपा माले) की शशि यादव, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के अरुण सिन्हा और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के राम बाबू कुमार के साथ संवाददाता सम्मेलन में चुनावी घोषाणा पत्र प्रण हमारा संकल्प बदलाव का जारी करते हुए नीतीश सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया और कहा कि सरकार रोजगार, गरीबी, भुखमरी और पलायन पर बात नहीं करना चाहती है। पिछले 15 साल से श्री नीतीश कुमार राज्य के मुख्यमंत्री हैं, लेकिन आज तक बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिला पाए। उन्होंने बिहार से पलायन को रोकना महागठबंधन का संकल्प है। महागठबंधन की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट की बैठक में दस लाख बेरोजगारों को नौकरी देने का फैसला किया जाएगा। श्री यादव ने कहा कि परीक्षा के लिए भरे जाने वाले आवेदन फॉर्म निःशुल्क होंगे और परीक्षा केंद्रों तक जाने का किराया भी सरकार देगी। इसके साथ ही संविदा पर होने वाली बहाली को खत्म कर स्थायी नौकरी देने, शिक्षकों को समान काम के लिए समान वेतन देने, जीविका दीदियों का मानदेय दोगुना करने, मनरेगा की तर्ज पर रोजगार योजना शुरू करने, मनरेगा के तहत प्रति परिवार की बजाय प्रति व्यक्ति को काम का प्रावधान, न्यूनतम वेतन की गारंटी और कार्य दिवस को 100 से बढ़ाकर 200 किये जाने, पहले विधानसभा सत्र में केंद्र के कृषि संबंधी तीनों बिल के प्रभाव से बिहार के किसानों को मुक्ति दिलाने और किसानों का ऋृण माफ करने का वादा भी किया गया है। घोषणा पत्र में कोविड-19 के कारण अन्य राज्य में फंसे प्रवासी मजदूरों की स्थिति को ध्यान में रखकर वादा किया गया है कि सरकार बनने पर देश के हर राज्य में कर्पूरी श्रमवीर सहायता केंद्र बनेंगे, जहां किसी भी तरह की आपदा एवं आवश्यकता पड़ने पर श्रमवीर प्रवासी और उनके परिवार को बिहार सरकार से मदद मिल सकेगी।

### क्विक न्यूज़

#### अनंतनाग में मुठभेड़ , एक आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** दक्षिणी कश्मीर के अनंतनाग जिले में शनिवार को



सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर राष्ट्रीय राइफल्स, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और जम्मू कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह ने लरनू गांव में घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया था। इसी दौरान सुरक्षा बलों के जवान घर-घर की तलाशी ले रहे थे , तभी वहां छुपे आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी की। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने भी गोलियां चलायी , जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गयी। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया , जिसकी अभी पहचान नहीं की जा सकी है।

## लेमरू एलिफेंट परियोजना : 191 गांव होंगे प्रभावित

### लेमरू की जद में 23 कोल ब्लॉक

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

लेमरू एलिफेंट योजना के लिए पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ कार्यालय ने बीते 30 सितंबर को एक प्रस्ताव तैयार किया है। इस प्रस्ताव के अनुसार लेमरू एलिफेंट परियोजना में 191 गांवों के प्रभावित होने का उल्लेख किया गया है। साथ ही लेमरू की जद में 23 कोल ब्लाक आने की बात कही गई है। साथ ही पांच कोल ब्लाक का उत्पादन आंशिक रूप से प्रभावित होने का उल्लेख किया गया है। उल्लेखनीय है कि हाथी के रहवास केंद्र बनाने के लिए राज्य सरकार ने 1 हजार 9 सौ 95 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्रफल को चिन्हांकित कर लेमरू प्रोजेक्ट बनाना चाहती है। लेमरू हाथी रिजर्व का क्षेत्र हसदेव और मांड नदी के जल ग्रहण क्षेत्र को शामिल कर बढ़ाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। वर्तमान में कैबिनेट के निर्णय के मुताबिक हाथी रिजर्व का क्षेत्र 1995 वर्ग किलोमीटर है, जिसकी अधिसूचना अभी जारी नहीं हुई है। इस क्षेत्र में मांड रायगढ़ कोल फील्ड के कोर क्षेत्र के 11 ब्लॉक के साथ 10 किलोमीटर बफर क्षेत्र में 12 और कोल ब्लॉक आ रहे हैं।

हसदेव अरण्य कोल फील्ड के दो कोल ब्लॉक कोर में और 5 कोल ब्लॉक का कुछ हिस्सा बफर क्षेत्र में आ रहे हैं। 1995 वर्ग किलोमीटर में बांगो बांध के उत्तर का हसदेव नदी जल ग्रहण क्षेत्र शामिल नहीं है, जबकि यह मिनी माता बांगो बांध के लिए अत्यंत महत्व का है। इसी तरह मांड नदी का भी महत्वपूर्ण जल ग्रहण क्षेत्र पूरी तरह वर्तमान रिजर्व में शामिल नहीं है, अतः रिजर्व क्षेत्र बढ़ाने का प्रस्ताव है।



कोयला उत्पादन, आपूर्ति में विपरीत प्रभाव नहीं पड़ने का दावा लेमरू एलिफेंट योजना के तहत हाथी रिजर्व का क्षेत्रफल बढ़ाने से राज्य में कोयला उत्पादन और आपूर्ति में विपरीत प्रभाव नहीं पड़ने का वन अफसरों ने दावा किया है। वन अफसरों ने राज्य की वेबसाइट के हवाले से दावा किया है कि वर्ष 2010 में राज्य में 46 हजार 6 सौ 82 मिलियन टन कोयले का भंडार है। कोयला मंत्रालय की वेबसाइट पर 2018 के आंकड़ों के मुताबिक 57 हजार 2 सौ 6 मिलियन टन कोयले का भंडार छत्तीसगढ़ में है। सीएमपीडीआईएल के ताजा आकड़ों के हिसाब से यह भंडार 58 हजार 5 सौ 89 मिलियन टन है। आजीविका पर नहीं पड़ेगा असर लेमरू प्रोजेक्ट को लेकर वन अफसरों ने स्पष्ट किया है कि एलिफेंट रिजर्व बनने से ग्राम की संपत्ति, आजीविका या समुदायिक अधिकार पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा। साथ ही इन क्षेत्रों में लघु वनोपजों का संग्रहण भी जारी रहेगा। साथ ही हाथी रहवास क्षेत्र विकसित करने की धन राशि भी प्रतिवर्ष ग्रामसभा, ग्राम पंचायत को प्राप्त होगी। हाथी रिजर्व क्षेत्र के गठन से ग्रामीणों को भविष्य में विस्थापन से बचाने का दावा किया गया है। यह रेल दुर्घटना की प्रमुख वजह बनती है। ऐसे में रेलवे फाटकों पर दुर्घटनाओं को कम करने कठोर कदम उठाए जा रहे हैं।

### नन्हें शावक की दलदल में फंसकर मौत

**कटघोरा।** कटघोरा वन मंडल के केंदई रेंज अंतर्गत कोरबी सर्किल के परला, बीट क्षेत्र में आने वाले कक्ष क्रमांक 348 पर पिछले 3 दिनों से 46 हाथियों का दल विचरण कर रहा था जिसमें लगभग 4 नन्हा सावक भी थे।इस संबंध में वन विभाग द्वारा मिली जानकारी अनुसार बीते रात्रि 16 अक्टूबर के दो से तीन बजे के करीब एक माह का नन्हा नर हाथी बच्चा ग्राम परला, पहाड़ के नीचे स्थित तलाब में पानी पीने के दौरान वह दलदल में जा घुसा जिससे उसकी मौत हो गई।

### सड़क हादसे में 9 लोगों की मृत्यु, 32 घायल

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश में पीलीभीत के पूरनपुर क्षेत्र में एन एच 730 पर शनिवार तड़के बस और पिकप की हुई भीषण टक्कर में नौ लोगों की मृत्यु हो गयी तथा 32 अन्य घायल हो गये। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दुर्घटना के प्रत्येक मृतक के आश्रितों को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को इस हादसे में घायल हुए लोगों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश ने यहां बताया कि पीलीभीत डिपो की रोडवेज बस सवारियों को लेकर लखनऊ से पीलीभीत आ रही थी। पूरनपुर क्षेत्र में नेशनल हाईवे 730 के सोहरामऊ बॉर्डर के पास तेज रफ्तार बस सामने से आ रहे पिकअप वाहन ने टकरा गयी।

### जशपुर डिवीजन से फाइल कुनकुरी कराया ट्रांसफर, रेंजर पर कार्रवाई की मांग

# 17 में से 10 करोड़ पानी में बहा दिया गया, सड़क की गुणवत्ता पर भड़के विधायक मिंज

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

दमेरा से चरईडांड़ तक बनाई जा रही 6 किलोमीटर सड़क के लिए नाबार्ड की ओर से 17 करोड़ की राशि दी गई थी, जिसका विधिवत टेंडर जारी कर पीडब्लूडी की ओर से 2019 में काम शुरू किया गया। काम पूरा करने की अवधि एक साल की दी गई थी जो जनवरी 2020 में समाप्त हो गई। समय सीमा समाप्त हुए 9 महीने का वक्त बीत चुका है और निर्माण अभी 30 प्रतिशत के भीतर ही हुआ है। यह कहना है कुनकुरी विधायक यूडी मिंज का। उन्होंने प्रेस को संबोधित करते हुए सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठाए और कहा नाबार्ड की ओर से जिस विकास कार्य के लिए सड़क निर्माण की 17 करोड़ राशि स्वीकृत की गई उसमें से निर्माण कार्य का ठेका लेने वाली अंबिकापुर की कंपनी ने 10 करोड़ रुपए पानी में बहा दिया है। लगभग 25 प्रतिशत बिलो में काम लेकर गुणवत्ताहीन निर्माण कराया जा रहा है और जनता के पैसे का बंदरबांट किया जा रहा है।

उन्होंने इसपर सख्त रवैया अपनाते हुए कहा गुणवत्ताहीन निर्माण में ठेकेदार के साथ विभाग के इंजीनियरों की संलिप्तता है। ऐसे अधिकारियों का बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने वन की कटाई पर वन रेंजर और वन पालों पर निलंबन की कार्रवाई की भी मांग की है।



#### चौड़ाई और फिलिंग पर सवाल

विधायक यूडी मिंज ने 6 किमी लंबी दमेरा-चरईडांड़ सड़क के निर्माण में कई सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि चरईडांड़ से दमेरा घाटी जाने की ओर अत्यधिक चौड़ाई में मिट्टी फिलिंग का कार्य किया गया है। कार्य की स्वीकृति चौड़ाई के लिए नहीं हुई है। मिट्टी फिलिंग बिना कंप्रेस किए ही किया गया है जो पानी से आसानी से कट सकता है। सड़क की गुणवत्ता बहुत कम समय में ही सामने आ जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्य करने और कराने वाले दोनों को ही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

#### फाइल जशपुर से कुनकुरी ट्रांसफर

विधायक यूडी मिंज ने कार्य की गुणवत्ता और पीडब्लूडी अधिकारियों के कार्य की लापरवाही को देखते हुए दमेरा-चरईडांड़ मार्ग की फाइल को कुनकुरी डिवीजन में मंगा लिया है। अब कुनकुरी डिवीजन के अधिकारी ही कार्य की देखरेख करेंगे और विधायक को पल-पल की खबर देंगे।

#### रेंजर पर कार्रवाई की मांग

विधायक यूडी मिंज ने कहा कि जंगल को बचाने के लिए जो कुछ करना पड़े करूंगा। उन्होंने कहा कि अनुमति के बिना दमेरा के जंगल के पेड़ों को ठेकेदार ने काट दिया है। और वन विभाग के अधिकारियों ने आंख मूंद रखा है। उन्होंने डीएफओ से रेंजर और संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निलंबित करने की मांग की है।



दमेरा-चरईडांड़ सड़क की गुणवत्ताहीन निर्माण और लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारी इसे गंभीरता लेकर काम कराएं। जनता के पैसे का दुरूपयोग नहीं होना चाहिए यही हमारा उद्देश्य है।
**-यूडी मिंज,** विधायक कुनकुरी

# पंचायत मंत्री सिंहदेव नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना के बारे में रेडियो पर देंगे जानकारी

## आकाशवाणी के सभी केन्द्र एक साथ इस कार्यक्रम को रिले करेंगे

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टी.एस. सिंहदेव रेडियो पर छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी नरवा, गरवा, घुरवा और बारी योजना की जानकारी देंगे। वे 18 अक्टूबर को शाम साढ़े सात बजे से आठ बजे तक आकाशवाणी रायपुर से प्रसारित विशेष कार्यक्रम 'हमर ग्रामसभा' में योजना के अंतर्गत हो रहे कार्यों के बारे में बताएंगे। वे इस दौरान योजना के संबंध में श्रोताओं द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब भी देंगे। इस कार्यक्रम को मीडियम वेब 981 किलोहर्ट्ज पर सुना जा सकता है। प्रदेश में स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र एक साथ इस कार्यक्रम को रिले करेंगे।

आकाशवाणी के अंबिकापुर केंद्र से छत्तीसगढ़ी और सरगुजिहा में, रायगढ़ केंद्र से छत्तीसगढ़ी और कुड़ुख में तथा जगदलपुर केंद्र से छत्तीसगढ़ी और हलबी बोली में कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। शेष केंद्रों से छत्तीसगढ़ी में इसका प्रसारण होगा। उल्लेखनीय है कि विभागीय योजनाओं की जानकारी देने और इनका लाभ उठाने लोगों को प्रेरित करने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान, निमोरा द्वारा तैयार साप्ताहिक रेडियो कार्यक्रम 'हमर ग्रामसभा' का आकाशवाणी रायपुर द्वारा हर रविवार शाम साढ़े सात बजे से आठ बजे तक प्रसारण किया जाता है।




### टीएस सिंहदेव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सभी जिलों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से चर्चा की

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टीएस सिंह देव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने गोधन न्याय योजना एवं गोठान निर्माण में प्रगति लाने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए। मंत्री टी.एस.सिंह देव ने कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान कहा कि गोधन न्याय योजना में प्रगति लाए। यह शासन की महत्वाकांक्षी योजना है एवं यह योजना ग्रामीणों के लिए लाभप्रद साबित हो सके इसके लिए सतत प्रयास की आवश्यकता है। उन्होंने कहा की ग्रामीण आजीविका का एक महत्वपूर्ण हिस्सा इस योजना से पूर्ण होता है। उन्होंने वर्मी टैंक निर्माण पर भी जोर दिया एवं सभी जिलों से अद्यतन प्रगति ली। उन्होंने वर्मी टैंक में केंचुओं की उपलब्धता और उपयोग पर भी चर्चा की। मंत्री सिंह ने जैविक खाद की आकर्षक पैकेजिंग कर बिक्री की बात भी कही। महात्मा गांधी नरेगा के तहत प्रगतिरत एवं नए गोठान चिन्हांकन की भी समीक्षा की। अपूर्ण गोठान शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। मनरेगा के तहत सृजित मानव दिवस की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि अधिक से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जाय। उन्होंने ग्रामीणों की बेहतरी के लिए सतत प्रयास करने कहा। इसके अलावा मंत्री सिंहदेव ने नरवा कार्यक्रम, चारागाह की प्रगति की समीक्षा, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन एवं एस आर एल एम की भी समीक्षा की।

# पंजीयन के लिए ऑनलाइन अपॉइंटमेंट पोर्टल में सुधार

■ रायपुर में एक और उपपंजीयन कार्यालय खुलेगा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ के महानिरीक्षक पंजीयन अधीक्षक एवं अधीक्षक मुद्रांक ने बताया है कि हाल ही में विभिन्न पंजीयन कार्यालयों में पंजीयन होने वाले दस्तावेजों की संख्या अधिक होने के कारण अपॉइंटमेंट प्राप्त होने में कठिनाई होने बाबत सूचना प्राप्त हुई है। विगत माह रायपुर पंजीयन कार्यालय में कुछ स्टाफ के कोविड-19 से संक्रमित होने के कारण पंजीयन कार्य बाधित हुआ था तथा नवरात्रि के त्यौहार होने के कारण पंजीयन योग्य दस्तावेजों की संख्या अधिक होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई। यह भी पाया जाता है कि कुछ लोगों द्वारा एक ही दस्तावेज के लिए एक से अधिक बार अपॉइंटमेंट प्राप्त कर लिया जाता है। इस कारण से भी आम लोगों को अपॉइंटमेंट प्राप्त करने में असुविधा हुई है। इस समस्या के निराकरण हेतु ई-पंजीयन सिस्टम में सुधार कर ई-पंजीयन अपॉइंटमेंट की नई व्यवस्था की गई है। ई-पंजीयन की नई व्यवस्था के अनुसार अब विक्रय पत्र मामले में अपॉइंटमेंट केवल प्रतिफल मूल्य के 5 प्रतिशत से अधिक मूल्य के ई-स्टेम्प के आधार पर ही दिया जाएगा। यदि पूर्व से ही किसी पक्षकार द्वारा प्रतिफल राशि के 5 प्रतिशत से कम मूल्य के ई-स्टेम्प के आधार पर अपॉइंटमेंट प्राप्त किया है, उन्हें 24 घंटा का समय देते हुए सूची भेजी जाएगी कि वे सही मूल्य के आधार पर अपॉइंटमेंट प्राप्त करें। यदि वे ऐसा करने में विफल रहते हैं तो उनका अपॉइंटमेंट निरस्त करते हुए अन्य लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। यह भी व्यवस्था की गई है कि एक ही दस्तावेजों के लिए एक से अधिक अपॉइंटमेंट नहीं लिया जा सके इसके लिए यह व्यवस्था की गई है कि सिस्टम इस बात के लिए भी जांच करेगा कि लिए जा रहे अपॉइंटमेंट में उपयोग किए गए ई-स्टेम्प के द्वारा पूर्व में भी तो अपॉइंटमेंट तो प्राप्त नहीं किया गया है। यदि उसी ई-स्टेम्प में पहले भी अपॉइंटमेंट लिया जा चुका है, तो उन्हें अपॉइंटमेंट प्रदान नहीं किया जा सकेगा। यदि अपॉइंटमेंट प्राप्त होने के कारण कोई पक्षकार अपना दस्तावेज पंजीयन हेतु निर्धारित तिथि और समय में प्रस्तुत करने में असफल रहता है, तो उसी दस्तावेज को पंजीयन हेतु अपॉइंटमेंट 15 दिवस पश्चात प्राप्त हो सकेगा।

# शहर के आउटर में खिलाया जा रहा था सट्टा, एक दर्जन सटोरिये धरे गए, सट्टा-पट्टी भी बरामद



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

एसएसपी अजय कुमार यादव ने सभी राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों को सट्टा, जुआ और क्रिकेट सट्टा के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने और कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। इसी कल को सूचना प्राप्त हुई कि थाना खमतराई के अलग-अलग क्षेत्रों में कुछ लोगों की ओर से सट्टा खिलाया जा रहा है। जिसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक उरला के नेतृत्व में थाना खमतराई की एक विशेष टीम का गठन किया जाकर सटोरियों को रंगे हाथ पकड़ने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिस पर टीम की ओर से मुखबीर से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर थाना खमतराई क्षेत्र के अलग -अलग स्थानों में रेड कार्यवाही करते हुये कुल 12 सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नगदी 69,720 रूपये और सट्टा ङ्क पट्टी जब्त किया जाकर सभी 12 आरोपियों के विरूद्ध धारा 4क जुआ एक्ट के 12 अपराध कायम किये गये। सभी आरोपियों के विरूद्ध पृथक से धारा 151 जा.फौ. के तहत् भी कार्यवाही किया गया है। सट्टा, जुआ और क्रिकेट सट्टा खेलने/खिलाने वालों के विरूद्ध रायपुर पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### गिरफ्तार आरोपी

मनीष चौबे पिता नरोत्तम प्रसाद चैबे उम्र 28 वर्ष साकिन नगर निगम के पीछे वार्ड नंबर 31 गांधी नगर बीरगांव थाना उरला जिला रायपुर। वीरेंद्र कुमार रात्रे पिता गणेशराम रात्रि उम्र 32 वर्ष साकिन रामेश्वर नगर भनपुरी थाना खमतराई रायपुर। संजय चंद्राकर पिता देखन चंद्राकर उम्र 21 वर्ष साकिन रामेश्वर नगर भनपुरी थाना खमतराई रायपुर। शंकर यादव पिता गोविंद राम यादव उम्र 29 वर्ष साकिन न्यू आनंद नगर सेंधवार तालाब के पास थाना खमतराई रायपुर। राजकुमार भारती पिता पंचम दास भारती उम्र 33 वर्ष साकिन भनपुरी कबीर आश्रम के पास थाना खमतराई रायपुर। चंदन लाल बंजारे पिता मूंगे लाल बंजारे उम्र 30 वर्ष साकिन शासकीय स्कूल के पास गोंडवारा थाना खमतराई रायपुर। हरिवंश साहू पिता गोपाल राम साहू उम्र 21 वर्ष साकिन रामेश्वर नगर शिव मंदिर के आगे भनपुरी थाना खमतराई रायपुर। राजेश बहादुर पिता नत्थू बहादुर उम्र 51 वर्ष साकिन नगर पालिका बीरगांव के बगल हनुमान मंदिर के पास थाना उरला रायपुर। ओम शंकर कुर्रे पिता सेवादास कुर्रे उम्र 19 वर्ष साकिन इंदिरानगर शुक्रवारी बाजार बीरगांव थाना उरला रायपुर। गणेश बंजारे पिता मूँगे लाल बंजारे उम्र 21 वर्ष साकिन धान बाई का मकान के पास न्यू गोंदवारा थाना खमतराई रायपुर। प्रदीप पटेल पिता पुनीत राम पटेल उम्र 27 वर्ष साकिन मांढर स्टेशन के पास थाना विधान सभा रायपुर। दिलहरण मारकण्डे पिता इंदर मल मारकण्डे उम्र 29 वर्ष साकिन छठवां तालाब गोंदवारा थाना खमतराई रायपुर।

# दीपावली पर गोबर से बने दीये करेंगे घरों को रोशन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



सरकार की महत्वपूर्ण योजना गोधन न्याय योजना के माध्यम से आसानी से गोबर उपलब्ध होने की वजह से इससे वर्मी कम्पोस्ट बनाने के अलावा नए प्रयोग किए जा रहे है, जो कि पर्यावरण के अनूकुल होने के साथ ही रोजगार का माध्यम भी बन रहा है। जिला सुकमा के स्व-सहायता समूहों की महिलाओं के द्वारा राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर गोबर से दीये बनाने का काम किया जा रहा है। जो नगर में ही नहीं बस्तर के विभिन्न हिस्सों को दीपावली में घरों को रोशन करेंगे। सुकमा नगर पालिका क्षेत्र के कुम्हारास कि चार समूहों की महिलाएं गोबर से दीया बनाने के कार्य में जुट गई हैं।

स्व-सहायता समूहों गंगाजनी, महालक्ष्मी, बम्लेश्वरी और मां अम्बे से जुड़ी महिलाएं अपने दैनिक कार्यों से थोड़ा समय निकालकर इन दीयों को आकार दे रहीं हैं। बम्लेश्वरी समूह से जुड़ी सनमती पांडे ने बताया कि उन्हें दीये बनाने में बहुत खुशी हो रही है। महिलाओं ने इस बात पर हर्ष जताया कि दीया बनाने से आर्थिक लाभ के साथ ही उनके घरों में भी दीपावली की खुशियां दोगुनी हो जाएंगी। महालक्ष्मी समूह से जुड़ी श्रीमती सुदन पांडे ने बताया कि उन्होंने आपस में ही प्रति महिला प्रतिदिन 100 दीये बनाने का लक्ष्य रखा है, इस प्रकार यदि 10 महिलाएं भी एक साथ दीये बनाएं तो प्रतिदिन 1000 दीयों को अपने हाथों से आकार दे पाएंगी। उन्होंने बताया कि सुबह सभी महिलाएं अपने घर के दैनिक कार्यों को पूरा कर अपने मोहल्ले के इमली पेड़ की छांव में एकत्रित हो जाती हैं। वहां वे दीये बनाने का कार्य करती हैं।

कुम्हारास के मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष दीपावली त्योहार के लिए मिट्टी एवं गोबर की सहायता से शहर के महिला स्व सहायता समूहो के माध्यम से दीये तैयार करने तथा उनके विक्रय की व्यवस्था किया जाना है, इसी क्रम में समूह की महिलाओं को गोबर एवं मिट्टी से दीये बनाने का प्रशिक्षण राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के माध्यम से दिया गया। जिसमे प्रारंभिक स्तर पर गोबर से निर्मित 8000 दीये तैयार करने करने का कार्य महिला समूहों द्वारा किया जा रहा है।

# नागा साधुओं ने 750 साल पहले निर्माण करवाया था कंकाली मंदिर

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



किसी समय श्मशान और वीरान जंगल में बना कंकाली तालाब वर्तमान दौर में राजधानी की घनी बस्ती के बीच स्थित है। बताया जाता है कि नागा साधुओं ने मां कंकाली के स्वप्न में दिए आदेश पर 750 साल पहले कंकाली मंदिर का निर्माण करवाया था। मंदिर के ठीक सामने भव्य सरोवर बनाकर बीच में छोटा सा मंदिर बनवाकर शिवलिंग की स्थापना की गई है। इस मंदिर में शुरुआती दौर में नागा साधु और शिवभक्त पूजन-दर्शन करने आते थे। शहर की पुरानी बस्ती क्षेत्र में स्थित मां कंकाली मंदिर का इतिहास सबसे अलग और पुराना है। कंकाली मंदिर का शस्त्रागार साल में केवल एक ही दिन यानि दशहरा की सुबह खुलता है। फिर शाम ढलते ही शस्त्रागार पूरे एक साल के लिए बंद हो जाता है। इस दौरान दर्शनार्थियों की भारी भीड़ लगती है। लोग माता के सामने मत्था टेकते हैं और पुराने अस्त्र-शस्त्र के दर्शन करते हैं। वहीं कंकाली तालाब की बात की जाए तो भीषण गर्मी के समय जब राजधानी के नदी व तालाब सूखने लगते हैं तब भी छत्तीसगढ़ का ये चमत्कारी कंकाली तालाब हमेशा की तरह लबालब भरा रहता है। इसी कारण आज तक कोई भी इस तालाब में डूबे मंदिर के दर्शन नहीं कर पाया है। साथ ही ऐसी मान्यता है कि किसी के शरीर में खुजली हो या चर्म रोग के कारण कोई परेशान हो तो तालाब में डुबकी लगाने से चर्म रोग में राहत मिलती है।

# ई-कॉमर्स ने खत्म किया इंडिया और भारत के बीच का अंतर

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

फ्लिपकार्ट इस त्योहारी सीजन में ग्राहकों को अधिक से अधिक फायदा पहुंचाने और विक्रेताओं, एमएसएमई और कारीगरों को प्रगति और वृद्धि के रास्ते पर आगे ले जाने की अपनी प्रतिबद्धता की ओर ध्यान दे रही है। ऐसे में बिग बिलियन डेज के पहले दिन से मिले कुछ शुरुआती रुझान यहां दिए गए हैं जो बताते हैं कि भारत किस तरह तेजी से डिजिटलीकरण की ओर कदम बढ़ा रहा है।भारत हुआ ऑनलाइन - मेट्रो और टियर 2 शहरों के ग्राहकों के अलावा विभिन्न कैटगरी में 50 फीसदी नए ग्राहक टियर 3 और इससे छोटे शहरों के रहे होम कैटगरी के नए ग्राहकों में 53 फीसदी, बड़े एप्लायंस और बीजीएम (ब्यूटी और सामान्य चीजें) कैटगरी के नए ग्राहकों की संख्या में करीब 50 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली और ये सभी टियर 3 शहरों के हैं इस त्योहारी सीजन में एमएसएमई ने की वापसी, टियर 2 और इससे छोटे शहरों के विक्रेताओं को ई-कॉमर्स पर वृद्धि देखने को मिली - 2550 से ज्यादा पिनकोड के स्थानीय एमएसएमई को पूरे देश से मांग में वृद्धि देखने को मिली इस बिग बिलियन डेज में 167 नए शहरों के विक्रेता ई-कॉमर्स से जुड़े लगभग 60 फीसदी विक्रेता टियर 2 और तलचर, वेलूर, सोहागपुर, सिंदी जैसे इससे भी छोटे शहरों में रहते हैं।

# एनएच एमएमआई नारायणा सुपरस्पेशलिटी निःशुल्क मैमोग्राफी एवं परामर्श शिविर

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

आज के इस आधुनिक युग में जहा चिकित्सा विज्ञान ने इतनी तरक्की कर ली है, वही हमारी तीव्र जीवन शैली से हम रोगो के और नजदीक होते जा रहे है। आज की अशांत जीवन शैली, पश्चिमी सभ्यता के प्रति झुकाव और अनियमित दिनचर्या भी कारण है की स्तन कैंसर आज की युवा पीढ़ी में भी आम होता जा रहा है। महिलाओ में होने वाले कैंसर में ब्रेस्ट कैंसर का अनुपात सबसे अधिक हैद्य भारत में हर 28 में से 1 महिला ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित है, शहरों में ये अनुपात 22 में से 1 हैद्य ब्रेस्ट कैंसर से बचने के लिए हमें और जागरूक होने की आवस्यकता है महिलाओं के स्तन में गाँठ,निप्पल से अचानक डिस्चार्ज, स्तन की त्वचा या आकार में बदलाव जैसे लक्षण दिखें तो उन्हें तुरंत मैमोग्राफी करनी चाहिए, महिला की उम्र यदि 40 से अधिक हो तो उन्हें सालाना मैमोग्राफ ी करनी चाहिए, अनुवांशिकता भी इस महत बिमारी का एक बड़ा हिस्सा है। अगर परिवार में स्तन कैंसर का इतिहास हो तो डॉक्टर से नियमित सलाह लेते रहना आवश्यक है।

समाज को इसके प्रति और जागरूक करने लिए इस ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता माह एनएच एमएमआई नारायणा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल द्वारा 16 से 24 अक्टूबर तक निशुल्क मैमोग्राफी शिविर आयोजित कर रहा है। इसके अंतर्गत उपयुक्त लक्षणों वाली महिलाओं की निशुल्क मैमोग्राफी एवं निशुल्क परामर्श डॉ मौ रॉय द्वारा दिया जायेगा। एनएच एमएमआई नारायणा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में अब एक वृहद् कैंसर संस्थान सफलता पूर्वक कार्यरत हैए जो की किसी भी प्रकार के जटिल से जटिल कैंसर का उपचार करने में समर्थ है एवं आधुनिक मशीनों से लेस हैद्य शहर में एकमात्र ऐसा संसथान है जहां कैंसर मरीजों को सुपरस्पेशलिस्ट विशेषज्ञों की सेवाएं उपलब्ध हैं।

**आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार करने**

# उद्योगों के तीव्र विकास के लिए कच्चे माल की आसान उपलब्धता आवश्यक : नवीन जिन्दल

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



जिन्दल स्टील एंड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) के चेयरमैन नवीन जिन्दल ने आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को सरकार की दूरदर्शी सोच बताते हुए कहा कि इसके लिए उद्योगों का तीव्र विकास आवश्यक है और उद्योगों का त्वरित विकास कच्चे माल की आसानी से उपलब्धता पर निर्भर करता है।

जिन्दल तेल एवं प्राकृतिक गैस और इस्पात मंत्रालय के समन्वय से इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा गआत्मनिर्भर भारतः रसायन, पेट्रो-रसायन एवं इस्पात क्षेत्र के उद्योगों पर फोकसग विषय पर आयोजित डिजिटल कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और इस्पात मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत जैसे दूरदर्शी कदमों की शुरुआत से स्टील सेक्टर उत्साहित है और वह उन अग्रणी क्षेत्रों में शामिल होने जा रहा है जिसके योगदान के बल पर आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य आसानी से प्राप्त किया जा सकता है।

जिन्दल ने कहा कि कोई भी उद्योग तभी आगे बढ़ सकता है जब उत्पादन की स्थितियां उसके अनुकूल हों। कच्चा माल आसानी से उपलब्ध हो, टैक्स की तार्किक और न्यूनतम दरें हो, रॉयल्टी व अन्य दायित्व भी इस तरह हों, जिससे हमारे उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा कर सकें और अपनी स्थायी जगह बना सकें।

उन्होंने कहा कि ऊर्जा के स्थायी विकल्प दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं। सौर, वायु, पनबिजली जैसे अक्षय ऊर्जा के साधनों के विकास से अगले 30 साल बाद कोयले का इस्तेमाल न्यूनतम हो जाएगा इसलिए हमें कोयला ब्लॉक की नीलामी कर जल्द से जल्द आत्मनिर्भर भारत के अपने लक्ष्य को पाने का प्रयास करना चाहिए क्योंकि भारत में थर्मल कोयले का अथाह भंडार है। उन्होंने लौह अयस्क खदानों के बारे में भी ऐसी ही राय दी और ओडिशा सरकार की पारदर्शी नीतियों को सराहते हुए अन्य राज्यों को उससे प्रेरणा लेने को कहा। उनके अनुसार अगले 30 साल में पूरी दुनिया में लोहा-इस्पात का इतना अधिक उत्पादन हो जाएगा कि खदानों के बजाय स्टील की रि सा इ कि ल ं ग प्राथमिकता हो जाएगी इसलिए आत्मनिर्भर भारत मिशन का उपयोग कर भारत को मजबूत अर्थव्यवस्था का निर्माण करना चाहिए। कच्चा माल आसानी से उपलब्ध होगा तो निश्चित रूप से उद्योगों का विस्तार होगा और कर की दरें तार्किक होंगी तो निसंदेह वस्तु सस्ती होगी और उसकी पहुंच अधिकतम व्यक्ति तक सुनिश्चित होगी। जिन्दल ने कहा कि उद्योगों को चलाने के लिए बिजली सस्ती होनी चाहिए। एक्सचेंज में डेढ़ रुपये में मिलने वाली बिजली फैक्टरी तक पहुंचते-पहुंचते कई गुना महंगी हो जाती है। सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए। कोयले से गैस बनाने की तकनीक (सीजीपी) पर प्रकाश डालते हुए श्री नवीन जिन्दल ने कहा कि इससे सिंथेसिस गैस तैयार होती है, जो हाइड्रोजन और कार्बन मोनो ऑक्साइड का मिश्रण होती है। इस रासायनिक ऊर्जा से पेट्रोलियम उत्पाद, मेंथा, डीजल, अमोनिया समेत अनेक प्रोडक्ट तैयार किए जा सकते हैं जो स्टील के साथ-साथ तेल एवं प्राकृतिक गैस, कृषि, उर्वरक व अन्य उद्योगों के लिए लाभदायक हो सकता है।

राष्ट्र निर्माण में जेएसपीएल के योगदान पर उन्होंने कहा कि हमारी कंपनी ने देश को कई उत्पाद सबसे पहले दिये। इनमें पैरलल फ्लैंज बीम, स्लैब कास्टर, 5 मीटर चौड़ी प्लेट, मेट्रो के लिए हेड हार्डेंड रेल और एसिमेट्रिक रेल्स प्रमुख हैं। इसी तरह जेएसपीएल रेल पटरियों की निजी क्षेत्र की एकमात्र निर्माता है। जेएसपीएल ही वह कंपनी है जिसने जिन्दल पावर लिमिटेड के रूप में निजी क्षेत्र के स्वतंत्र बिजली संयंत्र का तोहफा सबसे पहले राष्ट्र को दिया और उससे प्रेरित होकर आज दर्जनों पावर प्लांट संचालित हो रहे हैं एवं देश बिजली क्षमता के मामले में सम्मानजनक स्थान पर है।

# आपदा पीड़ितों को 16 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा विभिन्न प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को जिला कलेक्टर के माध्यम से आपदा पीड़ितों को आर्थिक सहायता मंजूर की जाती है। प्रदेश के विभिन्न जिलों के चार प्रकरणों में 16 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत सूरजपुर जिले की प्रेमनगर तहसील के ग्राम नवापारा कलां के शिवमंगल की मृत्यु सर्पदंश से हो जाने के कारण तथा उत्तर बस्तर (कांकेर) जिले की नरहरपुर तहसील के ग्राम कोसमपानी के श्री हरीश कुमार कुंजाम की मृत्यु पानी में डूबने से हो गई थी, उनके परिजनों को चार-चार लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी तरह से नारायणपुर जिले के विकासखण्ड नारायणपुर के ग्राम हलामीमुंजमेटा के श्री मनीराम उईके और श्री लाल साय की मृत्यु पानी से डूबने से हो जाने के कारण मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

### गृह मंत्री साहू दुर्ग जिले के विभिन्न गांवों का दौरा करेंगे

**रायपुर।** गृह एवं लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू 18 अक्टूबर रविवार को दुर्ग जिले के दुर्ग विकासखण्ड के विभिन्न गांवों का दौरा कर स्थानीय कार्य मों में शामिल होंगे। मंत्री साहू सबेरे 10.30 बजे रायपुर से कार से प्रस्थान करेंगे और दोपहर 12 बजे ग्राम उमरपोटी, 12.45 बजे ग्राम पुरई, 1.30 बजे ग्राम खम्हरिया, 2.15 बजे ग्राम धनोरा, 3 बजे ग्राम हनोदा, 4 बजे ग्राम कोड़िया, 4.45 बजे ग्राम भानपुरी और 5.30 बजे ग्राम कोकड़ी में आयोजित स्थानीय कार्य मों में शामिल होंगे।
वे शाम 6 बजे कोकड़ी से प्रस्थान कर वापस रायपुर आएंगे।

# कृषक परिवारों के बच्चों ने देश की प्रतिष्ठित मेडिकल प्रतियोगी परीक्षा नीट में मारी बाजी

## सुरेश और सीमा को भाई-बहनों ने पढ़ाई के लिए किया उत्साहवर्धन

■ कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने बच्चों को दी बधाई एवं शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com




जिले के धुर नक्सली प्रभावित इलाके के सामान्य कृशक परिवारों के 5 बच्चों ने देश की सर्वोच्च मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट को क्वालीफाई कर अपनी मेहनत और लगन को साबित कर दिया है। वहीं ये सभी बच्चे साधनों की कमी और दूरस्थ ईलाके से होने के वाबजूद इस सर्वोच्च मेडिकल प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर अन्य बच्चों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गये हैं। जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा खनिज न्यास निधि से संचालित ''छूलो आसमान'' संस्था बीजापुर में अध्ययनरत् अजय कलमूम, सुरेश मड़कम, सीमा भगत, शीनू झाड़ी और हरीश एगड़े ने अपनी मेहनत और अथक लगन के बलबूते नीट प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल किया है। अब उक्त बच्चों को काउन्सलिंग में शामिल होकर देश की मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई हेतु अवसर मिलने की संभावना है। जिला कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल जिले के सूदूर ग्रामीण क्षेत्रों के इन बच्चों की सफलता पर उन्हे बधाई देने के साथ ही अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उन्होने इन बच्चों की सफलता के लिए ''छूलो आसमान'' संस्था के शिक्षकों को भी बधाई देते हुए आगामी प्रवेष परीक्षाओं के लिए बच्चों को बेहतर कोचिंग एवं मार्गदर्शन प्रदान करने कहा है। देश की सर्वोच्च मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट क्वालीफाई करने वाले इन बच्चों में उसूर ब्लॉक अंतर्गत कोत्तागुडम निवासी सुरेश म?कम के पिता का स्वर्गवास हो चुका है। सुरेष ने बताया कि माताजी शांति सहित दो ब? भाई संतोश और अर्जुन खेती-किसानी कर उसे पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करते हैं। सुरेश भी 12वीं में 60 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने भाईयों के सपने को साकार करने कृतसंकल्पित है। सुरेश ने नीट प्रवेश परीक्षा में 24115वां अखिल भारतीय रैंक हासिल किया है। इसी तरह भैरमगढ़ ब्लाक के बेंचरम निवासी अजय कलमूम ने नीट में 23390वां रैंक हासिल किया है। अजय ने बताया कि उसके माता-पिता रामेष्वरी और सोमारू खेती-किसानी कर उसे पढ़ाई करवा रहे हैं, अजय को भरोसा है कि उसे मेडिकल कॉलेज में अवश्य प्रवेश मिलेगी। वहीं बीजापुर निवासी सीमा भगत ने बताया कि पिताजी का स्वर्गवास हो चुका है और बड़े भाई अर्जुन भगत उसकी पढ़ाई पर ध्यान दे रहे हैं एक छोटे भाई प्रीतम बीएससी द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा है। सीमा ने बताया कि माता बृहस्पति भगत गृहणी हैं और उसकी पढ़ाई पर सतत् ध्यान देती हैं। सीमा को नीट में 26454वां रैंक मिला है। बीजापुर के ही रहने वाले हरीश एगड़े और बीजापुर ब्लाक के पापनपाल निवासी शीनू झाड़ी ने भी देश की सर्वोच्च मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट क्वालीफाई कर जिले का नाम रौशन किया है। जिला शिक्षा अधिकारी डी समैया और छूलो आसमान संस्था के प्राचार्य बसमैया अंगनपल्ली ने बताया कि घोर माओवाद प्रभावित ईलाके के इन बच्चों की सफलता से हम सभी खुश हैं और अब उक्त बच्चों को मेडिकल कॉलेज में प्रवेश हेतु काउन्सलिंग प्रक्रिया में सम्मिलित करवायेंगे। इन बच्चों की सफलता से अन्य बच्चों को पढ़ाई एवं तैयारी के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। इसे मद्देनजर रखते हुए आगामी प्रतियोगी प्रवेश परीक्षाओं के लिए संस्था के बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही विषेशज्ञ शिक्षकों का मार्गदर्शन सुलभ कराया जायेगा।

# नहीं मिला न्याय, प्रभुनाथ पानीग्राही बैठे आमरण अनशन पर




पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

सूधापाल के आदिम जाति कल्याण विभाग में 2014 को डाटा एंट्री आपरेटर, सहायक ग्रेड तीन, व भृत्य पद की सीधी भर्ती मे जम कर हुए फर्जीवाड़े की शिकायत चतुर्थ वर्ग कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष प्रभु नाथ पानीग्राही द्वारा की गई थीं जसके तहत शिक्षा मंत्री प्रेम साय सिंह टेकाम ने 2019 को दो सदस्यीय समिति का गठन किया और इस समिति को मामले की जांच का जिम्मा दिया था तथा जांच रिपोर्ट अभी तक शिकायत कर्ता को नहीं मिल पाई जिसके कारण मामला और भी संदेह जनक होता जा रहा है और तरह तरह के प्रश्न उभर कर सामने आ रहे तथा विगत 2अक्टूबर से प्रभु नाथ जाँच रिपोर्ट की माँग को ले कर उपवास पर बैठे थे उसके बाद भी उन्हें न्याय नहीं मिला जिसके चलते प्रभु नाथ पानीग्राही आज 17 अक्टूबर से अन्न जल का त्याग कर अनिश्चित कालीन आमरण अनशन पर बैठ रहे हैं तथा अभी तक इस फर्जी वाडे के खिलाफ कोई संतुष्टि जनक कार्यवाही शासन प्रशासन द्वारा नहीं किया गया है तथा प्रभु नाथ इस लड़ाई को अपने गीने चूने सहयोगियों के साथ लड रहे हैं लेकिन अभी तक किसी भी पार्टी के प्रतिनिधियों ने कोई संवेदना नही दिखाई है विगत दिनों में बस आप पार्टी ने धरना स्थल पर पहुँच कर अपना समर्थन दिया था।

# श्री राघव मन्दिर किरंदुल में नगर परिवार की ओर से 5 ज्योति कलश प्रज्जवलित

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com



सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया की मंगल कामनाओं सहित बैलाडीला देवस्थान समिति श्री राघव मन्दिर के द्वारा शारदीय नवरात्रि पर्व विक्रम संवत 2077 के सुअवसर पर आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को शुभ मुहूर्त में घटस्थापना की गई। कोविड-19 के संक्रमण से रोकथाम हेतु केंद्र सरकार, राज्य शासन एवं जिला प्रशासन के निर्देशों का पूर्णतः परिपालन करते हुए बैलाडीला देवस्थान समिति श्री राघव मन्दिर के पदाधिकारियों, सदस्यों, गायत्री परिवार एवं नगर के प्रबुध्दजनो द्वारा सर्वसम्मति से इस वर्ष पूरे नगर परिवार के सुख, स्वास्थ्य, शांति, उन्नति हेतु 5 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित करने का निर्णय लिया गया तथा आमजनों द्वारा ज्योति प्रज्ज्वलन को स्थगित किया गया है। श्री राघव मन्दिर के प्रधान पुजारी सत्येंद्र प्रसाद, समिति के प्रकाश चन्द्र जैन, राजेन्द्र यादव द्वारा घटस्थापना, पूजन एवं ज्योति कलश प्रज्ज्वलन किया गया तथा पूरे नगर परिवार, राष्ट्र के सभी नागरिकों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए एवं कोविड-19 से मुक्ति हेतु प्रार्थना की गई। प्रधान पुजारी द्वारा शुभ मुहूर्त में समस्त विधि विधान से धार्मिक कार्य सम्पन्न कराया गया।

# मेखवाया में धान खरीदी हो इसके लिए चार पंचायतों की बैठक

■ कलेक्टर से मांग करने पहुंचे जनप्रतिनिधि

पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com



धान खरीदी कुछ ही महीनों के बाद शुरू होने वाली है ऐसे में चार पंचायत के लोग सयुक्त बैठक कर मेखवाया में धान खरीदी करने की मांग को लेकर कलेक्टोरेट पहुँचे। जहां जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियो के समक्ष अपनी बात रखी।

मेखवाया धान समिति के नाम पर छिंदगढ़ ब्लाक मुख्यालय में धान खरीदी किया जा रहा है। जो कि करीब 20 किमी दूर स्थित है। धान खरीदी केंद्र के लिए चार पंचायतो की बैठक। धोबनपाल सरपंच आनंद मरकाम, हंदराम पोडियम व विष्णु कवासी ने बताया कि 11 अक्टूम्बर को चार पंचायत मेखवाया, गुडरा, धोबनपाल व उरमापाल की सयुक्त बैठक की गई। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि मेखवाया समिति में इस बार धान खरीदी किया जाए। ताकि किसानों को धान बेचने में आसानी हो। क्योकि मेखवाया समिति के नाम से 22 किमी दूर ब्लाक मुख्यालय छिंदगढ़ में धान खरीदी होता है। वहाँ धान बेचने जाने पर 3-3 दिन इंतजार करना पड़ता है। कई किसान धान बेच नही पाते है। इसलिए हमारी मांग है कि मेखवाया में धान खरीदी किया जाए ताकि किसानों को धान बेचने में आसानी हो सके। इसके लिए कलेक्टर से मांग करने कलेक्टर कार्यालय पहुंचे है।

> पिछले साल कई ऐसे किसान है जो धान नही बेच पाए है। क्योंकि दूरी व समय लगने के कारण कई परेशानी हुई है। जब मेखवाया के नाम पर समिति बनी हुई है तो धान खरीदी भी वही केंद्र में किया जाए। ताकि आसपास के किसानों को इसका लाभ मिल सके।
> **- विष्णु कवासी** ग्रामीण

## दिन दहाड़े रिहाइशी इलाके में पहुंचा मादा भालू बच्चों के साथ, गांव में दहशत



**कांकेर।** जंगली जानवरों का शहर की ओर रिहायशी इलाको में आने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शु वार को शीतलापारा मार्ग स्थित राइसमिल के सामने दिन दहाड़े शाम को जंगली मादा भालू अपने दो बच्चों के साथ शहर की ओर कूच करते देखे गए। इस बीच मादा भालू की आहट से आसपास के लोगो मे दहशत का माहौल है। किसी तरह आसपास के व्यापारी की मदद से भालू को जंगल की ओर खदेड़ा गया।तब जाकर आसपास के लोगो ने राहत की सांस ली।रिहाइशी इलाके में जंगली जानवर के शहर की ओर आवागमन को लेकर शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी हाजी मोहम्मद शरीफ ने कहा की जंगल के जानवरों जैसे भालू तेंदुआ के अलावा विभिन्न प्रजातियों के जानवरों के शहर की ओर आने से रिहायशी इलाकों में दहशत का माहौल रहता है।चुकी जंगली जानवरों का शहर की ओर आना जानवरों के भूखे रहने जैसा प्रतीत हो रहा है।वन विभाग को जंगल के जानवरों के लिए खाने पीने की समुचित व्यवस्था की जानी चाहिए । ताकि जँगली जानवर जंगलों में अपनी भुख प्यास मिटाए ।और किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके ।

# ऑल इंडिया वर्कर फेडरेशन मुख्यालय हैदराबाद ने स्टील प्लांट के डीमर्जर का किया विरोध

■ केन्द्र सरकार का फैसला किसानों के हित में नहीं

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com




नगरनार स्टील प्लांट को एनएमडीसी से डीमर्जर कर निजीकरण किए जाने के केन्द्रीय सरकार के फैसले के विरोध में 17 अक्टूबर को आंल इंडिया एनएमडीसी वर्कर फैडरेशन ने मुख्यालय हैदराबाद में विरोध किया फेडरेशन के सचिव राजेश संधु ने कहा कि बस्तर के किसानों ने एनएमडीसी के प्लांट के लिए अपनी अपनी जमीने दी थी और यहा के बेरोजगार युवाओं ने रोजगार पाने का सपना देखा था तथा बस्तर मे विकास के लिए प्लांट लगाया जा रहा है लेकिन केन्द्रीय सरकार ने स्टील प्लांट निजीकरण करने का फैसला ले लिया है जिसका हम विरोध करते हैं और इसकी लडाई अंतिम चरण तक लडने को तैयार हैं।

इस विरोध में आंल इंडिया एनएमडीसी वर्कर फैडरेशन के सभी प्रोजेक्ट के मजदूर नेता उपस्थित थे, जिसमे किरन्दुल से राजेश संधु, ए के सिंग, बचेली से आशीष यादव, शंकर राव, दोन्नामल्लई से सोमशेखर, श्रीनिवास, पन्ना से समरबहादुर सिंग, भोला सोनी, पालंचा से रवि, जी प्रसाद राव, हैदराबाद से नरेन्द्र पटवाल, जलाबुद्दीन, साई कुमार, हनुमन्ता राव, एवं नगरनार से महेन्द्र जान शामिल थे ।

# संजीव दास बने श्रमजीवी पत्रकार संघ के ब्लॉक अध्यक्ष

■ संगठन को बल देने जल्द करेंगे ब्लॉक कार्यकारिणी की घोषणा

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com



श्रमजीवी पत्रकार संघ के दंतेवाड़ा जिलाध्यक्ष आजाद सक्सेना संगठन का विस्तार करते हुए शुक्रवार नए कार्यकारिणी की घोषणा की।यूपी बिहार भवन में आयोजित बैठक के दौरान सर्वसम्मति से किरंदुल बैलाडीला निवासी संजीव दास को कुआकोंडा ब्लॉक का अध्यक्ष घोषित किया गया। सक्सेना ने बताया कि लंबे समय से संगठन में लगन और निष्ठा से काम करने के कारण यह अहम जिम्मेदारी संजु को दिया गया।

इस दौरान जिला महासचिव जितेंद्र चौधरी जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष राजेंद्र सक्सेना उपाध्यक्ष रामकृष्णा बैरागी अनिल भदौरिया सह सचिव एस एच अजहर ऑफिस सेक्रेटरी शेखर दत्ता रघु राव रवि कुमार सदस्य शेख आजाद रवि दुर्गा किशोर जाल बी रामु ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कॉलेज ज्वाइन करने हवाई जहाज से भेजने का वादा किया

# एनएमडीसी, जिला प्रशासन शिक्षकों और छात्रों की मुख्यमंत्री ने सराहना की

पायनियर संवाददाता ➤ बचेली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दंतेवाड़ा में 'छू-लो-आसमान' के 17 छात्रों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बात की, जिन्होंने जेईई मेन्स में इस वर्ष क्वालीफाई किया है । मुख्यमंत्री और विद्यार्थियों के बीच मंगलवार को हुई आधे घंटे की इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री ने सबसे पहले छात्रों, शिक्षकों, जिला प्रशासन एवं एनएमडीसी की सराहना की तथा छात्रों से अनेक प्रश्न भी पूछे जैसे - आप किस कॉलेज में एडमिशन लेना चाहते हैं, आप क्या बनना चाहते हैं, आपके माता-पिता के सपने क्या हैं, आपने इस लॉक डाउन पीरियड के दौरान पढ़ाई कैसे की, आदि। छात्रों ने भी जोश के साथ मुख्यमंत्री के सभी प्रश्नों के उत्तर दिए एवं उनसे चर्चा की।

**चयनित छात्रों-** संतराम और उपासना जैसे कुछ छात्रों ने भविष्य में आई.ए.एस अधिकारी बनने की बात कही । कु. कल्याणी कम्प्यूटर इंजीनियरिंग में रुचि रखती हैं ताकि उन्हें गूगल और माइक्रोसॉफ्ट में नौकरी मिल सके। मुख्यमंत्री ने सभी छात्रों को प्रोत्साहित किया और उन्हें कड़ी मेहनत करने के लिए कहा। छात्रों ने मुख्यमंत्री को बताया कि कलेक्टर से लेकर एनएमडीसी के अधिकारियों तक सभी ने बेहतर परिणाम लाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया था । अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री सुमित देब ने बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री के स्वागत उदबोधन में मुख्यमंत्री के स्वागत के साथ-साथ एनएमडीसी द्वारा सी.एस.आर अन्तर्गत छत्तीसग? में किये जा रहे कार्यों का विवरण दिया एवं 'छू-लो-आसमान' से वर्ष 2011 से 2020 के बीज चयनित कुल 845 छात्र-छात्राओं का भी विवरण दिया ढ्ढ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में कलेक्टर दीपक सोनी, एनएमडीसी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सुमित देब ने सभी छात्रों के साथ बातचीत की। 'छू-लो-आसमान' संस्था के लिए एनएमडीसी द्वारा प्रत्येक वर्ष रु. 3.00 करोड़ की सहायता दी जाती है ताकि छात्र-छात्राओं की अच्छी शिक्षा, शिक्षण-सामग्री, गणवेश, भोजन एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री प्रदान की जा सके। यहाँ पर यह उल्लेखनीय है कि इस महामारी के दौरान भी, दंतेवाड़ा के ग्रामीण इलाकों में रहने के बावजूद ऑनलाइन अध्ययन के माध्यम से इन 17 छात्रों ने जेईई मेन्स क्वालीफाई किया है । उनमें से कुछ छात्र दंतेवाड़ा अबूझमाड़ के आंतरिक गांवों में रहते हैं, जहां कोई नेटवर्क कवरेज नहीं है और छात्रों को व्हाट्सएप पर भेजी गई अध्ययन सामग्री को डाउनलोड करने के लिए इंद्रावती नदी के किनारे आना पड़ता था । अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में इन छात्रों ने साबित किया है कि कड़ी मेहनत और संकल्प के साथ कुछ भी हासिल किया जा सकता है। दंतेवाड़ा से इस साल कुल 63 छात्रों ने जेईई मेन्स दिया है जिसमें 17 छात्रों का चयन हुआ। सभी बाधाओं के खिलाफ, इन छात्रों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वर्ष 2021 के लिए 'छू-लो-आसमान' संस्था में 40 और सीटें (20 सुकमा व 20 बीजापुर जिले के लिये) बढ़ाने की घोषणा की है तथा मुख्यमंत्री ने हेमंत कुमार आर्या जिनका चयन जेईई में हुआ है, उनके नेत्र उपचार हेतु सहायता प्रदान करने का भी आश्वासन दिया है । जिस पर एनएमडीसी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री सुमित देब ने हर्ष व्यक्त किया है। इस पहल से यह सुनिश्चित हो जाएगा कि दंतेवाड़ा आने वाले समय में अपनी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए जाना जाएगा।

उक्त वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री के अतिरिक्त कैबिनेट मंत्री रवींद्र चौबे, कावासी लखमा, मोहम्मद अकबर, एवं कुछ विधायक गण, एनएमडीसी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक और एनएमडीसी के सलाहकार दिनेश श्रीवास्तव ने भी बैठक में भाग लिया । उपस्थित सभी महानुभावों ने भी छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है ।

# बताना होगा मिठाई निर्माण और बेस्ट-बिफोर की तारीख

## होटल, स्वीट कॉर्नरों के लिए बनाया नया नियम तत्काल लागू

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com




राज्य की सभी मिठाई दुकानों, होटलों और स्वीट कॉर्नरों को अपने संस्थान में बनने और बि ी की जाने वाली मिठाइयों के निर्माण और बेस्ट बिफोर की तारीख लिखनी होगी। यह काम वे मिठाई की ट्रे में करेंगे। नए नियम के पालन के पहले खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए जा रहे हैं।
**-डॉ.आरके शुक्ला,** असिस्टेंट कमिश्नर खाद्य एवं औषधि प्रशासन रायपुर

खुले में बिकने वाली मिठाइयों की ट्रे पर मिठाई के निर्माण की तारीख लिखनी होगी। यह भी बताना होगा कि यह कितने दिन तक सुरक्षित रखा जा सकता है। याने बेस्ट बिफोर की तारीख और माह अंकित किया जाना अनिवार्य होगा। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण से इस आशय के निर्देश मिलने के बाद राज्य खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने जिलों में पदस्थ खाद्य सुरक्षा अधिकारियों से इस आशय को आदेश जारी कर दिए हैं।

सीजन याने दीपावली के ठीक पूर्व तैयारी कर रहे स्वीट कॉर्नर और होटल तथा मिठाई दुकानों को पहली बार नए नियम से बांधा जा रहा है। यह इसलिए किया जा रहा है ताकि खुले में बनने और बिकने वाली मिठाइयों की बिक्री और गुणवत्ता को लेकर प्राधिकरण के मानक का पालन जमीनी स्तर पर भी किया जा सके। आदेश के बाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कार्रवाई के पहले वे सभी मिठाई दुकानों और स्वीट कॉर्नरों को नियम की जानकारी दें और जागरूकता अभियान चलाएं।

**मिठाई की ट्रे में लिखना होगा :** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के आदेश के अनुसार सभी होटलों मिठाई दुकानों और स्वीट कॉर्नरों को अपनी संस्थान में बनने वाली मिठाई के निर्माण और बेस्ट बिफोर की तारीख लिखना होगा। यह डिस्प्ले इस साइज में लिखना अनिवार्य होगा जिससे खरीदी करने आए उपभोक्ता को बाहर से यह दिखाई दे सके।

**इसलिए नया नियम :** खाद्य एवं औषधि प्रशासन के इस आदेश के पीछे एक वजह यह बताई जा रही है कि अभी तक इस नियम के नहीं होने से मिठाई दुकानें कालातीत अवधि खत्म कर चुकी मिठाइयों को तापमान द्वारा नियंत्रित करके बेचा करती है। उचित तापमान पर रखे जाने से मिठाइयां जल्द खराब होने से बच जाती है। इससे मांग या त्योहार के दिनों में बिक्री में आसानी होती है लेकिन खराब होने की स्थिति में जवाबदेही से बचने का रास्ता मिल जाता है।

**पहले जागरूकता अभियान :** प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वह आदेश के पालन के पहले सभी मिठाई दुकानों और स्वीट कॉर्नरों को नए नियम से अवगत कराएं। इस नियम के पालन करने में आने वाली दिक्कत दूर करने में मदद करें। यह भी बताएं कि नियम लागू करने और मानने के लाभ क्या होंगे। इसके लिए वे अभी से समय रहते ऐसी सभी संस्थानों को जानकारी दें। पालन कैसे करना है यह भी बताएं।

# जिला स्तरीय नक्सल समन्वय समीक्षा बैठक आयोजित

## नक्सली गतिविधियों पर पूर्ण अंकुश लगाने के जिला पुलिस बल

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



जिला स्तरीय नक्सल समन्वय समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन । नक्सली गतिविधियों पर पूर्ण अंकुश लगाने के जिला पुलिस बल, सीआरपीएफ, आईबी, एसआईबी एक साथ मिलकर बनाये रणनीति। जिले के अंतर्गत माओवादी गतिविधियों पर सत्त निगाह रखे जाने के लिए निर्णय। पुलिस कप्तान द्वारा सीआरपीएफ के अधिकारियों के साथ किया गया समन्वय बैठक दिये आवश्यक दिशा निर्देश।

विगत दिवस विशेष महानिदेशक एसआईबी एवं एएनओ अशोक जुनेजा के द्वारा उड़ीसा और छत्तीसगढ़ अंतर्राज्यीय समन्वय हेतु वर्चुअल मीटिंग आयोजित किया गया था। जिसके तारतम्य में जिला स्तरीय नक्सल समन्वय बैठक आयोजित करने के निर्देश दिये थे। जिस पर डॉ. आनंद छाबड़ा पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज के मार्गदर्शन एवं समन्वय से जिले में जिला स्तरीय नक्सल समन्वय समीक्षा बैठक गरियाबंद पुलिस कप्तान भोजराम पटेल की अध्यक्षता में 17 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक कार्यायल के सभा कक्ष में आयोजित किया गया। समीक्षा बैठक के दौरान माओवादियों के गतिविधियों में पूर्ण रूप से अंकुश लगाने हेतु जिला स्तरीय नक्सल समन्वय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उक्त मीटिंग में सीआरपीएफ कमाण्डेंट 211 बटालियन संजीव रंजन, सीआरपीएफ कमाण्डेंट 65 बटालियन विजय कुमार सिंह, सीआरपीएफ एसी 211 बटालियन वाईके राहंगदाले, सीआरपीएफ 211 बटालियन टूआईसी सुरेश कुमार, सुखनंदन राठौर अति. पुलिस अधीक्षक गरियाबंद, संतोष महतो अति.पुलिस अधीक्षक गरियाबंद, सीआरपीएफ ओसी 65 बटालियन बाबुल हॉजरा, सीआरपीएफ एसी 65 बटालियन अंकित कुमार, सीआरपीएफ एसी 65 बटालियन टी हॉकिप सीआरपीएफ एसी 65 बटालियन बीजेन्द्र सिंह, सीआरपीएफ एसी 65 बटालियन सुनील कुमार, सीआरपीएफ 211 बटालियन निरीक्षक मनोज कुमार एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। साथ ही गरियाबंद पुलिस बल से डीएसपी हेड क्वाटर टीआर कंवर, एसडीओपी मैनपुर रूपेश खाण्डे, एसडीओपी संजय ध्रुव, रक्षित निरीक्षक उमेश राय, थाना प्रभारी गरियाबंद विकाश बघेल, थाना प्रभारी छुरा राजेश जगत, थाना प्रभारी अमलीपदर सत्येन्द्र सिंह श्याम, थाना प्रभारी इंदागांव जयवीर भागत, थाना प्रभारी जुगाड़ सुमन लाल पोया, थाना प्रभारी शोभा संतोष जयसवाल, थाना प्रभारी मैनपुर भूषण चंद्राकर, थाना पीपरछड़ी प्रभारी प्रेम सिंग कोमरे भी उपस्थित रहे। गरियाबंद पुलिस द्वारा नक्सली गतिविधियों पर पूर्ण अंकुश लगाने के संबंध में जिला पुलिस बल, सीआरपीएफ, आईबी, एसआईबी एक साथ मिलकर बनाये रणनीति।

# पुलिस चौकी प्रभारी एवं तहसीलदार की उपस्थिति में शान्ति समिति का बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरीडीह
www.dailypioneer.com




16 अक्टूबर को शाम 5 बजे पुलिस चौकी लवन परिसर में दुर्गोत्सव व दशहरा उत्सव को लेकर शांति समिति का बैठक सम्पन्न हुआ । जिसमें शहर एवं ग्रामीण अंचलों में दुर्गा स्थापना व दशहरा मनाए जाने को लेकर के लिए शासन के द्वारा दिशा - निर्देश को पालन करते हुए मनाने का निर्णय लिया गया । शासन द्वारा दिशानिर्देश को नायब तहसीलदार प्रियंका बंजारा एवं चौकी प्रभारी यशवंत सिंह ने विस्तृत रूप से जानकारी दिया । दुर्गोत्सव व दशहरा के संबंध में नगर अध्यक्ष श्रीमती मीना बार्वे ,नगर उपाध्यक्ष रामकुमार साहू एवं देवीलाल बार्वे अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लवन एवं पत्रकार गोलू कैवर्त्य और उपस्थित गणमान्य नागरिको ने अपनी राय ब्यक्त किया । शांति समिति की बैठक मेंपुलिस चौकी लवन से ए. एस.आई . एस के नेताम, ए एस आई कमल किशोर देवांगन, संत कुमार,अजय नवरंगे, लक्ष्मीकांत, निरंजन सेन,मन्नू ध्रुव, देवेंद्र देवांगन, तिलक सिदार, जितेंद्र साहू, विष्णु खटकर, शैलेन्द्र ,रूपेश, कमल कुर्रे. हरिशंकर,चुन्नीलाल, पुलिस सह स्टाफ, पत्रकार, गणमान्य नागरिको में पत्रकार गोलू कैवर्त्य, दानी राम साहू, योगेश सिंघम, प्रकाश बार्वे,अजय ताम्रकार, बनवारी बार्वे, गोपी साहू, चुडामणी सिंघ, मनेन्द्र जयसवाल, एसकुमार धीवर , विनोद अनंत , अजय बार्वे, नंदू वर्मा, पंकज अनंत , बिहारी बार्वे , दयाशंकर कुर्रे , सुदर्शन बार्वे, दर्शन बंदे, नूतन, नरेन्द् साहू, उमाशंकर कैवर्तय, भगतराम, रज्जू निराला, नारायण टंडन आदि गणमान्य लोगों की उपथित में बैठक सम्पन्न हुआ ।

# जिला साहू संघ बलौदाबाजार युवा प्रकोष्ठ का गठन

- कसडोल के जय,भानु,चंदन,रूपचं, नागेश्वर को भी मिला स्थान

पायनियर संवाददाता ◄ कसडोल
www.dailypioneer.com




जिला साहू संघ बलौदाबाजार भाटापारा जिला अध्यक्ष धनंजय साहू की अनुशंसा/ अनुमति से जिला युवा प्रकोष्ठ के संयोजक नन्दू साहू द्वारा युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों का मनोनयन कर नियुक्ति सूची घोषित किया गया गया है। घोषित सूची में जिले के सभी परिक्षेत्र को ध्यान रखते हुए कुल 39 व्यक्तियों को पदाधिकारी नियुक्त किया गया है।

संयोजक नंदू साहू ने बताया कि जिला साहू समाज युवा प्रकोष्ठ के सहसंयोजक उत्तम साहू लाहौद, महेन्द्र कुमार (मोनू) साहू सकरी, महासचिव गोरे लाल साहू हसुवा, डायमण्ड साहू गो?ा, उपाध्यक्ष राम कुमार साहू भटभेरा, नागेश्वर साहू कसडोल, संजीव साहू भटगांव, धन्नू साहू रेंगाडीह, हरिओम साहू सरसीवां, चमन लाल साहू लवन, खुमान साहू बलौदाबाजार, राम बिशाल साहू लाहौद, कोषाध्यक्ष चंदन साहू कसडोल, सह कोषाध्यक्ष अंकित साहू अहिल्दा को बनाया गया है। इसी प्रकार संगठन सचिव भागवत साहू सकरापाली, शत्रुघन साहू गिधौरी, मुकेश साहू सिमगा (सुहेला), नीरज साहू जारा, ओम प्रकाश साहू मे?, देवप्रसाद साहू छिर्रा, बिरेन्द्र साहू भाटापारा, संयुक्त सचिव आशा राम साहू सिमगा, मनीष साहू सरसेनी, दीनदयाल साहू कैथा, राजेश साहू बलौदा बाजार, पवन साहू रिसदा, योगेश साहू मु?पार हथबंद, देवनारायण साहू रसेड़ी, संतोष साहू भाटापारा (ढाबाडीह), मनीष साहू सरसेनी, सांस्कृतिक सचिव संजय साहू डमरू, प्रचार-प्रसार मंत्री हेमलाल साहू किरवई, भैयाराम साहू रिसदा, मीडिया प्रभारी भानूप्रताप साहू कसडोल, योगेश साहू टुण्ड्रा, जय साहू कसडोल, हेमकुमार साहू घिरघोल, भागवत प्रसाद साहू पवनी को नियुक्त किया गया है।

कार्यकारिणी सदस्य में रूपचन्द साहू कसडोल, अतुल साहू अर्जुनी, ललीत साहू अर्जुनी, शंकरलाल साहू लवन, अशोक साहू अहिल्दा, हरिश साहू लाहौद, देवेन्द्र साहू नरधा, रोहित साहू धोबनी, जनकराम साहू बलौदा बाजार, खेलन साहू ससहा, दिलेश साहू, भाटापारा, उमाशंकर साहू, भाटापारा दशरथ साहू भाटापारा, मोती साहू भाटापारा, हरिश साहू भाटापारा पटपर, रज्जू साहू भाटापारा, ओमप्रकाश साहू भाटापारा( अर्जुनी ), पारस साहू खटियापाटी, संतोष साहू ढाबाडीह, रूपचंद साहू कसडोल, राजेन्द्र साहू पलारी आशाराम साहू सिमगा, शशि भूषण साहू बलौदाबाजार, डाकेश साहू करदा, दिनेश साहू नरधा, खिलेन्द्र साहू गोड़ा, थानेश्वर साहू मरदा, खेमराज साहू पुरेना खपरी, छबीराम साहू रसेड़ी टिकेश्वर साहू, बिलाईगढ़, कुंदन साहू ससहा शामिल है। विशेष आमंत्रित सदस्य में अध्यक्ष, जिला साहू संघ बलौदाबाजार धनंजय कुमार साहू, उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ/संरक्षक जिला साहू संघ बलौदाबाजार रेवाराम साहू, संरक्षक श्री पंचराम साहू बिलाईगढ़ कार्यकारी अध्यक्ष मुरारी साहू मोहतरा, राम विलास साहू बनसांकरा, पूर्व युवा प्रकोष्ठ संयोजक जिला साहू संघ बलौदाबाजार पप्पू साहू ससहा, पूर्व पार्षद पलारी राजेन्द्र साहू, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि भाटापारा मीनकेतन साहू शामिल है।

# राज्य निर्माता अटल जी ने पीएम ग्राम सड़क योजना के तहत पूरे देश में सड़कों का जाल बिछाया : शिवरतन

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



जिस प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का हम भूमिपूजन करने आए हैं वह वास्तव में हमारे देश के यशस्वी नेता स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की देन है जिन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पूरे देश के गांव-गांव में सड़कों का जाल बिछाया उक्त बातें क्षेत्रीय सांसद सुनील सोनी ने ग्राम बोरतरा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनने वाले ग्राम सुरकी से बोड़सरा मार्ग के भूमि पूजन अवसर पर विधायक शिवरतन शर्मा के साथ पहुंचे बोरतरा में ग्रामीणजनों के मध्य कहीं। इस दौरान उन्होंने 5 लाख की लागत से ग्राम में बनने वाले सीसी रोड तथा साहू समाज के सामुदायिक भवन का भी लोकार्पण किया।

इस दौरान ग्रामीणजनों को संबोधित करते हुए सांसद सुनील सोनी ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रथम उद्देश्य ग्रामों में रहने वाले ग्रामीणजनों का विकास करना है इसीलिए उन्होंने 2023 तक प्रत्येक ग्रामीण जनों का मकान पक्का हो, घरों में बिजली हो ,पानी हो शौचालय हो, इस पर ही प्रमुख लक्ष्य रखा है और मैं आपको बता दूं कि प्रत्येक घरों में निशुल्क पानी पहुंचे इसके लिए हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्याप्त राशि बजट में रखी है और मेरी मांग पर जल संसाधन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहां है कि रायपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए जितनी राशि लगेगी वे कमी नहीं होने देंगे। सोनी ने कहा कि गांवों के विकास में 135 में 133 योजनाएं केंद्र की हैं गांव के लोगों को गांव में ही रोजगार मिले इसके लिए गांव में मिलने वाली मनरेगा की राशि 65000 करोड़ के बजट में 40 हजार करोड़ की और वृद्धि कर दी है लेकिन दुर्भाग्य है कि प्रदेश की सरकार इस राशि अधिकांश पैसा भी गोबर खरीदने में लगा रही है जबकि आप लोग बताओ कि आपने कितना गोबर सरकार को बेचा है पूरा गोबर कागजों में ही लेना और बेचना चल रहा है गरीब परिवारों को मिलने वाली निराश्रित पेंशन योजना और विधवा पेंशन योजना जो कई महीने से नहीं आ रही थी हमने इसके लिए तुरंत केंद्र से राशि भेज वाई आप लोग प्रदेश की भूपेश सरकार से पूछिए कि उन्होंने चुनाव के समय निराश्रित एवं विधवा पेंशन 1000 रुपए देने का वायदा किया था वह क्यों नहीं दे रहे हैं। विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि आज जो सुरकी बोरतरा मार्ग का हम भूमि पूजन कर रहे हैं इससे आप लोगों को सुर्की से भाटापारा जाने के लिए सुगम रास्ता मिलेगा और समय की भी बचत होगी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 17 करोड़ की लागत से बनने वाले इस मार्ग की राशि दो हजार अट्ठारह उन्नीस के बजट में ही स्वीकृत हो गई थी परंतु कोरोना महामारी के वजह से भूमि पूजन में देरी हुई।

# थप्पड़ मारने वाले अधिकारी पर कड़ी कार्यवाही हो : टेसूलाल धुरंधर

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कर्मचारी /अधिकारी फेडरेशन जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के पूर्व जिला संयोजक एवं भाजपा विधायक प्रत्याशी विधानसभा बलौदाबाजार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर वन विभाग में पदस्थ वनपाल दिनेश वर्मा को प्रशिक्षु सहायक वन संरक्षक शिवेंद्र भगत द्वारा विभागीय बैठक के दौरान उपस्थित कर्मचारी/अधिकारियों के बीच बेवजह थप्पड़ मारने की निंदा करते हुए ऐसे बेलगाम अफसर को तत्काल निलंबित कर निष्पक्ष जांच कर कड़ी कार्वाई करने की मांग वनमंत्री माननीय मोहम्मद अकबर से मांग की है।

उन्होंने कहा कि इस घटनाक्रम से कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है तथा ऐसे ही संवेदनहीन अधिकारियों के कारण विभाग की छवि खराब होती है अतः शीघ्र कार्यवाही करना सुनिश्चित करें अन्यथा आक्रोशित कर्मचारियों द्वारा उग्र प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी समस्त जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी ।

## प्रथम चरण के 486 चबूतरा निर्माण के लिए थपथपाई पीठ

# मुख्य सचिव ने जिले में चल रहे योजनाओं एवं निर्माण कार्यों पर जतायी संतुष्टि

- कोरोना से बचने के लिए मास्क, हैंड सेनेटाइजिंग एवं सोशल डिस्टेंसिंग ही एक मात्र दवाई

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव श्री आर पी मंडल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के कलेक्टर श्री सुनील कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक आई के एलेसेला से जिले में चल रहे शासन की योजनाओं एवं निर्माण कार्यो का जायजा लिये है।

इस दौरान कलेक्टर जैन ने जिले में चल रहे शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं एवं निर्माण कार्यो के बारे विस्तृत से जानकारी मुख्य सचिव को दिये है। मुख्य सचिव श्री मंडल ने जिले मे प्रगतिशील कार्यों पर संतुष्टि जतायी है। श्री मंडल ने धान खरीदी के लिए बनाये जा रहे पहले चरण के 145 धान खरीदी केन्द्रों पर 486 चबूतरे निर्माण पूरे करने के लिए जिले की पीठ थपथपाई है। साथ ही उन्होंने ने धान खरीदी के पहले दूसरे चरण के चबूतरे को पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये है।

इसके साथ ही मुख्य सचिव ने धान खरीदी की तैयारी, बारदाने के व्यवस्था,कोविड की स्थिति,गोधन न्याय योजना के अंतर्गत वर्मी कंपोस्ट टांका निर्माण की प्रगति,वन अधिकार पट्टा वितरण, गिरदावरी एंट्री सहित अन्य विषयों पर जानकारी ली गयी है। उसी तरह डीआईजी ने पुलिस अधीक्षक सी एलेसेला से जिले में राजनैतिक प्रकरणों की वापसी एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति के तहत दर्ज प्रकरणों संबंध में जानकारी लिये है। इस दौरान अपर कलेक्टर राजेंद्र गुप्ता, डीएफओ आलोक तिवारी, जिला पंचायत सीईओ डॉ फरिहा आलम सिद्की, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निवेदिता पॉल, प्रशिक्षु आईपीएस जितेंद्र यादव सहित सम्बंधित विभाग के जिला अधिकारी गण उपस्थित थे।

**त्यौहार का सीजन, बरतें अधिक सावधानी, कोरोना से बचने के लिए मास्क,हैंड सेनेटाइजिंग एवं सोशल डिस्टेंसिंग ही एक मात्र दवाई :** मुख्य सचिव ने कहा की आने वाले कुछ दिनों में त्यौहारो का सीजन की शुरुआत हो जायेगी। कुछ दिनों में ही नवरात्र, दशहरा एवं दीपावली आने वाले है। अभी भी प्रदेश में लगातार संक्रमण का खतरा बना हुआ है। इसलिए जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग कोरोना से बचाव के लिए निरंतर प्रयास करते रहे। लोगो को भी जागरूक बन कर इस लड़ाई में सहयोग प्रदान करें। उन्होंने आगे कहा की कोरोना से बचने के लिए मास्क,हैंड सेनेटाइजिंग एवं सोशल डिस्टेंसिंग ही अभी एक मात्र दवाई है। जिला प्रशासन को अनिवार्य रूप से कोरोना सम्बंधित दिशा निर्देशो का पालन सुनिश्चित करवाने के लिए निर्देश दिए गये है।

# कोरोना के 109 नये मामले, 76 को मिली छुट्टी

**बलौदाबाजार।** जिले में कोरोना के 109 नए मरीज मिले हैं। इनमें सबसे अधिक 33 मरीज अकेले कसडोल विकासखण्ड से हैं। बलौदाबाजार से 23, भाटापारा से 26, बिलाईग? से 6, पलारी से 9 और सिमगा विकासखण्ड से 12 मरीज शामिल हैं। इस प्रकार जिले में कोरोना संक्रमित लोगों की संख्या ब?कर 4,558 तक पहुंच गई है। इसमें 3250 लोगों का इला? हो चुका है। वे ठीक होकर अपने घर में स्वस्थ जीवन बीता रहे हैं। फिलहाल 1248 सक्रिय मरी? हैं, जिनका कोविड अस्पताल, केयर सेण्टरों और होम आइसोलेशन में इलाज चल रहा है। सीएमएचओ डॉ सोनवानी ने बताया कि आज 76 मरीजों को ठीक होने पर अस्पतालों से छुट्टी दे दी गई। जिले में कोरोना जांच के लिए 852 नमूने लिए गए । जिले में कल रात एक मौत भी हुई। पलारी विकासखण्ड के 40 वर्षीय पुरुष की रायपुर के निजी अस्पताल में मौत हो गई।इसके अलावा बीते दिनों हुई 3 मौतों की सूचना विलम्ब से मिलने के कारण आज रिकार्ड में लिया गया। इस प्रकार जिले में कोरोना से हुई कुल मौतों की संख्या 60 हो गई है। ज्यादातर मौत कोरोना सहित अन्य जटिल बीमारियों के कारण हुई है।

# फिल्मी डायलॉग से कोविड-19 के प्रति जागरुकता अभियान, जिला प्रशासन की अनोखी पहल
















पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन द्वारा कोरोना संक्रमितों सहित कोरोना से बचाव के लिए लोगो को अलग-अलग तरीको से जागरूक किया जा रहा हैं। जिसकी वजह से कोविड मरीजो का रिकवरी प्रतिशत बेहद ही बढ़िया हैं।

जिला प्रशासन अब कोरोना से लोगों को फिल्मी अंदाज में जागरूक कर रहा है। मास्क, सैनिटाइजर और सोशल डिस्टेंसिंग की परिभाषा को समझाने के लिए 'दिलवाले' के राहुल और 'चेन्नई एक्सप्रेस' की मीनम्मा को सोशल दूरी बनाकर रेलवे स्टेशन पर बैठने की बात कह रहे हैं। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के लिए हर जिले में प्रशासन की ओर से अलग-अलग तरह से तैयारी की जा रही है। ताकि लोग जागरूक हो सकें। साथ ही कोरोना से भी लड़ने के लिए लगातार मास्क और सैनिटाइजर के उपयोग पर जोर दिया जा रहा है। इन सबसे अलग कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए फिल्मी दुनिया के डायलॉग से भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

ये अनोखा तरीका बालोद जिला प्रशासन ने अपनाया है। जिला प्रशासन ने अब मोगैंबो से लेकर बाबू राव और डॉन से लेकर हर खूबसूरत डायलॉग को कोरोना फाइट के लिए अपनाया है। जिला प्रशासन ने लोगों को जागरूक करने के लिए बैनर-पोस्टर बनाया है। इसमें फिल्म दिलवाले के राहुल और मीनम्मा को सोशल दूरी बनाकर रेलवे स्टेशन पर बैठे हुए दिखाया गया है। ये तस्वीर जिला प्रशासन की जागरूकता अभियान का हिस्सा है। बालोद जिले में वर्तमान में संक्रमित मरीजों का आंकड़ा 3561 पहुंचा चुका है। 2754 स्वास्थ्य हो चुके हैं और 789 मरीज का इलाज चल रहा है। वहीं 18 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। वहीं 380 मरीजों में घरों में रहकर इलाज कर रहे हैं।

# वन विभाग के प्रमुख सचिव मनोज पिंगुवा ने सेनिटाइजर यूनिट का किया शुभांरभ

## स्व-सहायता समूह की महिलाओं से दोना, पत्तल, चवनप्रास बनाने की ली जानकारी

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com







छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य एवं उद्योग तथा वन विभाग के प्रमुख सचिव मनोज पिंगुवा ने आज वनधन विकास केन्द्र पंचक्की में 10 लाख की लागत से बनी मशीन सेनिटाइजर यूनिट का शुभांरभ किया। इस अवसर पर कलेक्टर महादेव कावरे, मुख्य वनसंरक्षण सरगुजा ए.बी.मिंज, वनमण्डलाधिकारी कृष्ण जाधव, जिला पंचायत सीईओ के.एस.मण्डावी,, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक सी.आर.टेकाम, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के प्रबंधक एम.एस.पैंकरा, तहसीलदार लक्ष्मण राठिया, वनमण्डलाधिकारी एस.के. गुप्ता, युवा वैज्ञानिक समर्थ जैन एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे।


पिंगुवा ने वन विभाग के अंतर्गत वनधन विकास केन्द्र पंचक्की में स्व-सहायता समूह की महिलाओं से महुआ से सेनेटाईजर बनाने की विधि तथा दोना पत्तल, चवनप्रास बनाने की जानकारी ली। पंचक्की में स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा 5 लीटर, 100 ग्राम, 200 ग्राम, 50 ग्राम का सेनिटाइजर बनाया जा रहा हैं और अन्य राज्यों से महुआ से बने हर्बल युक्त कमिकल मुक्त सेनिटाईजर की बड़ी संख्या में मांग भी की जा रही है।

समूह की महिलाओं द्वारा सेनिटाईजर बनाकर पैंकिंग करके उन्हें भेजा रहा है। महुआ सेनिटाईजर की मांग कोरोना संक्रमण को देखते हुए कम कीमत पर शासन द्वारा लोगें को उपलब्ध कराई जा रही है।

वनधन विकास केन्द्र पंचक्की में 10 लाख की लागत से सेनिटाईजर यूनिट भी स्थापित किया गया है। जहां महुआ से बने सेनिटाईजर को पैंकिंग करने का कार्य किया जा रहा है।

# 1.65 लाख टन से पटा हुआ कचरा का डंपिंग साइट समाप्ति की कगार पर

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com







नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र का एक ऐसा डंपिंग साइट जिसमें वर्ष 1995 से समस्त जोन क्षेत्र के कचरे को एकत्र कर निरंतर कचरा डाला जाता रहा है! यह डंपिंग साइट अब धीरे-धीरे समाप्ति की ओर है! भिलाई निगम के संपूर्ण क्षेत्र से निकलने वाला कचरा कुरूद के ट्रेंचिंग ग्राउंड में डाला जाता रहा है! वहां कचरा इस कदर जमा हो गया था कि 200-300 मीटर के क्षेत्र में बदबू का आलम हो गया था! रहवासी परेशान थे!

साथ ही इस रास्ते से गुजरना मुमकिन नहीं था। कचरे का ढेर 25 फीट की ऊंचाई तक पहुंच गया था। इस स्थल पर वाहनों का आवागमन तो दूर व्यक्ति के खड़े होने की जगह नहीं बची थी। चारों ओर केवल कचरा ही कचरा नजर आता था। कचरे के ढेर के ऊपर से हाईटेंशन तार गुजरने के कारण आए दिन कचरे में आग लगने की शिकायत प्राप्त होने लगी। उस दौरान 300 टन कचरा प्रतिदिन पूरे निगम क्षेत्र से निकलकर सीधे ट्रेंचिंग ग्राउंड में पहुंचता था। तब एक भी एसएलआरएम सेंटर निगम क्षेत्र में नहीं बना था, जिससे कचरे का निष्पादन किया जाता। इन परिस्थितियों को देखते हुए महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने कुरूद स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड के डंपिंग साइट को पूर्ण रूप से समाप्त करने का फैसला लेते हुए अधिकारियों को कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए।

वर्ष 2016 में निगम क्षेत्र में पहला एसएलआरएम सेंटर नेहरू नगर ऑक्सीडेशन पॉन्ड में तैयार किया गया। जिसके तैयार होने से कचरे के ढेर में कमी होने लगी! एक एसएलआरएम सेंटर होने के कारण कुरूद का कचरा डंपिंग साइट को पूर्ण रूप से समाप्त करना एक बड़ी चुनौती थी! महापौर देवेंद्र यादव के निर्देश पर वर्ष 2018 में डंपिंग साइट को पूर्णतः विलोपित करने का कार्य प्रारंभ किया गया। सिस्टम था बायोरेमेडीएशन जैसी आधुनिक तकनीक का।

डंपिंग साइट समाप्त करने की कड़ी चुनौती को महापौर ने स्वीकार करते हुए कार्य प्रारंभ कराया और प्रतिदिन 10 टन कचरे की छनाई शुरू हुई, इसमें से 2 टन खाद के अलावा, पॉलिथीन तथा अन्य प्रकार के कचरे अलग अलग होते गए, कचरा का ढेर धीरे-धीरे समाप्त होने लगा। इसी बीच खुर्सीपार सहित अन्य क्षेत्रों में एसएलआर सेंटर का निर्माण हुआ। कुरूद स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड का कचरा धीरे-धीरे सिमटने लगा। ट्रेंचिंग ग्राउंड से निर्मित हुए खाद को विक्रय किया गया और अब तक 700 टन खाद तैयार होकर विक्रय हो चुका है, जिससे निगम को 15 लाख 40 हजार का राजस्व प्राप्त हुआ है! आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने निगम की पदस्थापना के बाद से ही इस पर फोकस किया और लगातार फीडबैक लेते रहे अब स्थिति यह है कि कुरूद स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड का कचरे का ढेर 80 से 90त्न तक समाप्त किया जा चुका है। संबंधित ठेकेदार ने बताया कि बचे हुए कचरे को जल्द ही समाप्त कर दिया जाएगा।

## सरपंच बिहारी लाल सड़क निर्माण का भूमिपूजन किया

तिल्दा नेवरा। समीपस्थ ग्राम पंचायत सरोरा में स्टील आयरन कंपनियों के द्वारा दी गई राशि जो कि गांव विकास हेतु सी सी सड़क के निर्माण के लिए दिया गया हैं। जो बीते शुक्रवार के दिन ग्राम पंचायत के सरपंच बिहारी लाल वर्मा द्वारा पूजा अर्चना कर उसके उपरांत भूमिपूजन का कार्य सम्पन हुआ, जिसमें की गांव के लोगों में खुशी का माहौल हैं। जो की सड़क निर्माण का कार्य सूर्या वर्मा के घर से लेकर नरेश वर्मा के घर तक उसके बाद रवि शुक्ला के घर से होते हुए नरसिंग वर्मा के घर तक और गोवर्धन साहू के घर से रवि ठाकुर के घर तक सड़क निर्माण होना हैं। भूमिपूजन में मुख्य रूप से रूप से संरपच बिहारी लाल वर्मा ,उपसरपंच राकेश विनोंद सिंह, ओमप्रकाश वर्मा,हरिश साहू ,झडी साहू सुनील ,तिलक व ग्राम वासियों की उपस्थिति थी।

# 17 पौव्वा अवैध शराब के साथ एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा पुलिस ने अवैध रूप से रखे 17 पव्वा अवैध शराब के एक आरोपी को हिरासत में लिया और पुलिस ने व्यिक्त आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की इस संबंध में जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम पीपरभट्ठा में अवैध रूप से शराब बेचने आरोपी विजय पारधी पिता झुमुक लाल पारधी, जो नवलपुर मार्ग के पास खड़ा हुआ है और चिल्लर में शराब बेच रहे है, सूचना मिलने पर तत्काल टीम नवलपुर मार्ग पर जाकर आरोपी के कब्जे से 17 पव्वा मसाला मूल्य 1530 रू को जप्त किया आरोपी द्वारा जुर्म कबूल किया स्काा की गांव में अधिक मूल्य पर शराब बिक्री करता है।

आरोपी के पास शराब रखने बेचने का किसी प्रकार से दस्तावेज नहीं होने पर उपस्थित,



गवाहों के समक्ष आरोपी के कब्जे से शराब जप्त की गई, व विधिवत कार्रवाई करते हुए ,अपराध धारा-34(1) क के तहत कार्यवाही की गई।

# किसानों को सामुदायिक, व्यक्तिगत अधिकार पत्र से लाभांवित करें | दूरस्थ अंचल के किसानों को लघु और कुटीर उद्योग से जोड़ने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य एवं उद्योग तथा वन विभाग के प्रमुख सचिव मनोज पिंगुवा ने आज विश्राम गृह में वन विभाग, उद्यान कृषि, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, मछली पालन, विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर जिले में शासन की योजनाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर कलेक्टर महादेव कावरे, मुख्य वनसंरक्षण सरगुजा ए.बी.मिंज, वनमण्डलाधिकारी कृष्ण जाधव, जिला पंचायत सीईओ के.एस.मण्डावी, के.एस.मण्डावी,, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक सी.आर.टेकाम, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के प्रबंधक एम.एस.पैंकरा, तहसीलदार लक्ष्मण राठिया, उपमण्डलाधिकारी अभिषेक जोगावत, वनमण्डलाधिकारी एस.के.गुप्ता, एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे।

पिंगुवा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ शासन की मंशा है कि दूरस्थ वनांचल के लोगों को सामुदायिक वन अधिकार पत्र, व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र, सामुदायिक वनसंसाधान अधिकार पत्र से अधिक से अधिक लोगों को लाभांवित करने के लिए कहा है। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जशपुर जिले में खेती की अपार संभावनाएं है और यहां के किसान चाय, कॉफी, काजू, मिर्च, लीची, स्ट्राबेरी, नाशपत्ती की खेती से जुड़े हैं किसानों को अदरक, हल्दी, एवं अन्य खेती के लिए भी प्रोत्साहित करें ताकि कम लागत से वे अपनी अच्छी आमदनी अर्जित कर सके।

उन्होंने किसानों को लाभांवित करने के लिए वन विभाग और उद्यान विभाग के माध्यम से नर्सरी फलदार पौधे लगाकर शासन की योजना के तहत् वितरण करने के निर्देश दिए है ताकि फल के उत्पादन से भी किसान अपनी आमदनी अर्जित कर सके। उन्होंने कहा कि किसानों, स्व-सहायता समूह को लाभांवित करने के लिए छोटे-छोटे कुटीर उद्योग, लघु उद्योग को भी बढ़ावा दे ताकि दूरस्थ अंचल के किसान उद्योग से जुड़ सके और अपनी आमदनी बढ़ा सके। उन्होंने अधिकारियों को वन अधिकार अधिनियम की भी जानकारी ली। और अधिनियम के तहत् वनांचल में निवास करने वाले लोगों को लाभांवित करने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा कि पूर्व में वन अधिकार पत्र से जिन हितग्राहियों को लाभांवित किया गया है। उनको मनरेगा के तहत् भी भूमि समतलीकरण एवं अन्य योजनाओं का लाभ दें। उन्होंने उद्योग अधिकारी को प्रधानमंत्री स्वरोजगार, एवं मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना से छोटे-छोटे कुटीर एवं लघु उद्योग के लिए लोन की राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है ताकि वे रोजगार से जुड़ सके।

उन्होंने नरूवा, गरूवा, घुरूवा बाड़ी योजना के तहत् जलसंरक्षण एवं संर्वधन के लिए नाले के लिए डीपीआर तैयार करने के भी निर्देश दिए है।

# वनविभाग के प्रमुख सचिव ने सारुडीह चाय बगान का निरीक्षण किया

जशपुरनगर। छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य एवं उद्योग तथा वन विभाग के प्रमुख सचिव मनोज पिंगुवा ने सारुडीह चाय बगान का निरीक्षण किया





और चाय की गुणवत्ता, पैंकिंग और बनाने के विधि की जानकारी किसानो से ली। उन्होंने किसानो कों प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जशपुर में चाय की खेती के लिए अपार संभावनाएं है और इसको बढ़ावा देना जरूरी है ताकि किसान कृषि के साथ अन्य फसलों को अपनाकर आर्थिक लाभ अर्जित कर सके। इस अवसर पर कलेक्टर महादेव कावरे, मुख्य वनसंरक्षण सरगुजा ए.बी.मिंज, वनमण्डलाधिकारी कृष्ण जाधव, जिला पंचायत सीईओ के.एस.मण्डावी, के.एस.मण्डावी, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक सी.आर.टेकाम, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के प्रबंधक एम.एस.पैंकरा, तहसीलदार लक्ष्मण राठिया, वनमण्डलाधिकारी एस.के.गुप्ता, एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे।

पिंगुवा ने कहा कि जशपुर जिले की महिलाओं के लिए आय का उत्तम साधन चाय का बगान है। इससे जुड़कर महिलाएं अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही है। सारूडीह बगान लगभग 20 एकड़ में फैला है जहां लगभग 18 किसानों को लाभ मिल रहा है।

# मोदी सरकार के कृषि विधेयक किसानों के लिए काला कानून : संजय

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

**कृषि विधेयकों के विरोध में कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान जारी**

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम धवलपुर में जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी द्वारा केन्द्र सरकार द्वारा पारित कृषि विधेयक के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमे आसपास के पांच गांवों के किसान व प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मौके पर कांग्रेस नेता संजय नेताम ने मोदी सरकार के कृषि विधेयक को किसानों के लिए काला कानून बताया। साथ ही नए कृषि विधेयक को सरकार से वापस लेने की मांग की गई कृषि कानून से होने वाले दुष्परिणाम की भी जानकारी किसानों को दी गई। यह किसान विरोधी बिल कारपोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने की एक सोची-समझी योजना है, जो मोदी सरकार का शुरू से ही एजेंडा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ खड़ी है और जब तक सरकार इस पर फिर से विचार नहीं करती, कांग्रेस पार्टी द्वारा रोष धरने और प्रदर्शन जारी रहेंगे। कांग्रेस पार्टी किसानों के समर्थन में आवाज़ उठा रही है जो आगे भी जारी रहेगी। इसी कड़ी में शनिवार को धवलपुर में किसानो के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी कन्हैया लाल ठाकुर,हबीब मेमन,जनपद सदस्य प्रतिनिधि हेमलाल बारले,युवा कांग्रेस ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष यशवंत यादव,चुन्नू यादव ग्रामीण अध्यक्ष, पूर्व गुजरात कमलेश,महेंद्र नागेश सरपंच मोहन्दा, नारद ध्रुव सरपंच धवलपुरडीह, लोकेश ठाकुर सरपंच प्रतिनिधि जंगल धवलपुर,नेपाल सोरी वरिष्ठ कांग्रेसी,हेमलाल यादव,छेदन यादव,शालिक निषाद, धनेश बघेल, गणेश बघेल, धनीराम मरकाम,नरेश बघेल,नरोत्तम सिन्हा,नरोत्तम निषाद,बिसाहू सिन्हा,चन्दन नागेश,दिनेश ठाकुर सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

**न्यायालय नजूल अधिकारी जिला मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

// उद्घोषणा //

प्रकरण क्र. /अ-6/2020-21

पक्षकार-श्री बारीन्द्र कुमार वर्मा पिता स्व. शिवशंकर सहाय वर्मा साकिन आर के नगर बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग.
.... आवेदक
विरुद्ध
छ.ग. शासन
... अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण/अनावेदक ग्राम/ मोहल्ला पुराना बस स्टैण्ड मुंगेली, जिला मुंगेली को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री बारीन्द्र कुमार वर्मा पिता स्व. शिवशंकर सहाय वर्मा** निवासी आर के नगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर सहित अधिवक्ता श्री सुरेश खुसरो उपस्थित होकर मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नं. 38 सी, प्लाट नं. 07 क्षेत्रफल 4050 वर्गमीटर पर फौती दर्ज कर पृथक से अपने हिस्से की भूमि को नजूल रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किए जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः एवं मोहल्ला पुराना बस स्टैण्ड, मुंगेली, तहसील मुंगेली जिला-मुंगेली स्थित उपरोक्त नजूल भूमि के संबंध में नजूल नामांतरण प्रकरण विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 31.10.2020 को न्यायालीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा/आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

ईश्तहार आज दिनांक 14.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
(सुश्री रजनी भगत)
नजूल अधिकारी, मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी जिला मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

// उद्घोषणा //

प्रकरण क्र. /अ-6/2020-21

पक्षकार-श्री रामशरण पिता उमेंद लाल श्रीवास्तव वगैरह साकिन गांधी वार्ड मुंगेली तह. व जिला मुंगेली छ.ग.
.... आवेदक
विरुद्ध
छ.ग. शासन
... अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण/अनावेदक ग्राम/ मोहल्ला गांधी वार्ड मुंगेली, जिला मुंगेली को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री रामशरण श्रीवास्तव पिता उमेद श्रीवास्तव** एवं एक अन्य निवासी गांधी वार्ड मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली द्वारा आवेदन पेश कर गांधी वार्ड मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नं. 38 बी, प्लाट नं. 186 क्षेत्रफल 229 वर्गमीटर आपसी पारिवारीक सहमति के आधार पर नजूल रिकार्ड में पृथक से अपने हिस्से की भूमि को नजूल रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किए जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः एवं मोहल्ला गांधी वार्ड, मुंगेली तहसील मुंगेली जिला- मुंगेली स्थित उपरोक्त नजूल भूमि के संबंध में नजूल नामांतरण प्रकरण विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 31.10.2020 को न्यायालीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा/आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

ईश्तहार आज दिनांक 15.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
(सुश्री रजनी भगत)
नजूल अधिकारी, मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं समक्ष प्राधिकारी देवभोग, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**

// उद्घोषणा //

रा.मा.क्र./.../अ-2/वर्ष 2020-21
क्रमांक 1566/अविअ/वा-1/2020

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक केशवो पिता अर्जुन जाति गोंड निवासी ग्राम झाखरपारा तहसील देवभोग, जिला गरियाबंद (छ.ग.) के द्वारा ग्राम झाखरपारा प.ह.नं. 24, रा.नि.मं. झाखरपारा, तहसील देवभोग में स्थित भूमि स्वामी हक में भूमि ख.नं. 716/1 रकबा 1.24 हे. में से 0.05 हे. भूमि पटवारी अभिलेख में कृषि दर्ज है, जिसे आवासीय प्रयोजन के लिए भूमि परिवर्तित किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव आवेदक द्वारा दिए गए आवेदन पत्र अनुसार आवासीय प्रयोजन परिवर्तित किए जाने में जिस किसी भी व्यक्ति एवं संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 30.10.2020 समय 5.00 बजे तक मेरे समक्ष स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समय पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
एवं समक्ष प्राधिकारी, देवभोग

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग संभाग, दुर्ग**

// मैनुअल पद्धति निविदा सूचना //

ज्ञाप क्रमांक-9375/व.ले.लि./लेखा खण्ड/2020-21    दुर्ग, दिनांक 14.10.2020

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 27.10.2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि :- 31.10.2020 अपहरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 04.11.2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 05.11.2020 पूर्वान्ह 11.30 बजे से

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम/ No of Calls | कार्य की अनुमानित लागत(रु.लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 29 T0348 | मुख्य मार्ग से आंगनबाड़ी, पी.डी.एस. केन्द्र, ग्राम पंचायत भवन पहुंच मार्ग निर्माण कार्य नेवई (प्रथम आमंत्रण) | 19.87 |
| 29 T0350 | मुख्य मार्ग से स्कूल भवन पहुंच मार्ग निर्माण कार्य विनायकपुर (प्रथम आमंत्रण) | 19.99 |
| 29 T0351 | मुख्य मार्ग से स्कूल भवन, पी.डी.एस. केन्द्र, आंगनबाड़ी, सहकारी बैंक पहुंच मार्ग निर्माण कार्य जंजगिरी (प्रथम आमंत्रण) | 19.99 |
| 29 T0354 | मुख्य मार्ग से स्कूल भवन, सेवा सहकारी केन्द्र पहुंच मार्ग निर्माण कार्य अछोटी (प्रथम आमंत्रण) | 19.52 |
| 29 T0355 | मुख्य मार्ग से स्कूल भवन, आंगनबाड़ी, ग्राम पंचायत पहुंच मार्ग निर्माण कार्य कोनारी (प्रथम आमंत्रण) | 19.52 |
| 29 T0357 | मुख्य मार्ग से स्कूल भवन, आंगनबाड़ी, पहुंच मार्ग निर्माण कार्य रूदा (प्रथम आमंत्रण) | 13.05 |
| 29 T0359 | मुख्य मार्ग से स्कूल भवन, पी.डी.एस. केन्द्र, पंचायत भवन, पटवारी कार्यालय, एस.एच. केन्द्र, आंगनबाड़ी, सहकारी बैंक, पहुंच मार्ग निर्माण कार्य आमटी (प्रथम आमंत्रण) | 16.31 |
| 29 T0362 | मुख्य मार्ग से स्कूल भवन, आंगनबाड़ी क्रं.3, सहकारी बैंक पहुंच मार्ग निर्माण कार्य अंडा (प्रथम आमंत्रण) | 13.05 |
| 29 T0368 | मुख्य मार्ग से आंगनबाड़ी, स्कूल, ग्राम पंचायत भवन पहुंच मार्ग निर्माण कार्य कोड़िया (प्रथम आमंत्रण) | 18.09 |
| 29 T0370 | मुख्य मार्ग से स्कूल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंच मार्ग निर्माण कार्य स्टेशन मरोदा (प्रथम आमंत्रण) | 18.69 |
| 29 T0371 | मुख्य मार्ग से आंगनबाड़ी, स्कूल, ग्राम पंचायत भवन पहुंच मार्ग निर्माण उमरपोटी (प्रथम आमंत्रण) | 12.75 |
| 29 T0375 | मुख्य मार्ग से आंगनबाड़ी, पी.डी.एस. केन्द्र, स्कूल पहुंच मार्ग निर्माण कार्य कार्य जोरातराई (प्रथम आमंत्रण) | 12.16 |
| 29 T0377 | मुख्य मार्ग से ग्राम पंचायत, आंगनबाड़ी, स्कूल पहुंच मार्ग निर्माण कार्य ग्राम रिसाली (प्रथम आमंत्रण) | 17.50 |
| 29 T0381 | मुख्य मार्ग से ग्राम पंचायत भवन, आंगनबाड़ी, स्कूल पहुंच मार्ग निर्माण कार्य ग्राम पंचायत मतवारी (प्रथम आमंत्रण) | 17.50 |
| 29 T0383 | मुख्य मार्ग से आंगनबाड़ी, अस्पताल, स्कूल पहुंच मार्ग निर्माण कार्य खोपली (प्रथम आमंत्रण) | 19.99 |
| 29 T0386 | मुख्य मार्ग से स्कूल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनबाड़ी पहुंच मार्ग निर्माण कार्य बोरीगारका (प्रथम आमंत्रण) | 17.79 |
| 29 T0392 | सी.सी. रोड निर्माण कार्य ग्राम पंचायत विनायकपुर जनक दिल्लीवार के घर से स्कूल तक देवमंत्री के घर से स्कूल तक कुल लं. 266.50 मी. (प्रथम आमंत्रण) | 19.98 |
| 29 T0394 | सी.सी. रोड निर्माण कार्य ग्राम पंचायत आलबरस से स्कूल मैदान हेतु सीमेंटीकरण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 19.98 |
| 29 T0395 | जिला दुर्ग के ग्राम मुरई पाउवारा मार्ग के किमी 1/4 से जागृति)चैक से पूरन सिंह राजपूत के घर तक लं. (225 मीटर से आरनाली निर्माण सी.सी. कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 8.30 |

☐ General Condition ☐ Plant Condition ☐ Special Condition

नोटः-1. "It is mandatory for the "B" "C" & "D" Class bidders, to submit (Annexure 3, Annexure "2",
2. It is mandatory for the "A" Class bidders affidavit (Annexure 3, appendix 1, anncxure 1, 2.
3. अन्य निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। एवं अन्य निविदा संबंधी शर्तों का अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग दुर्ग संभाग दुर्ग

जी-84340/4

## संपादकीय

# महबूबा की राजनीति व्यापक गठबंधन का प्रयास

**ऐसा** लगता है कि 14 महीने से अधिक समय तक जेल में रहने के बावजूद जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती का स्वभाव नहीं बदला है। पीडीपी नेता सभी स्थानीय पार्टियों का व्यापक गठबंधन बनाना चाहती हैं। रिहा होने के कुछ ही घंटे के भीतर वे नेशनल कान्फ्रेंस नेताओं फारूक व उमर अब्दुल्ला से मिलीं एवं तथाकथित संयुक्त गुपकार घोषणा के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट की जिसका अर्थ जम्मू कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा वापस दिलाना है। उन्होंने अपने दृष्टिकोण से कश्मीर मुद्दे के दीर्घकालीन राजनीतिक समाधान के लिए अब्दुल्ला परिवार से हाथ मिलाया है। उनकी बातचीत से स्पष्ट है कि वे अपने आंदोलन को आगे बढ़ा कर अपने स्पेस पर पुनः कब्जा करना चाहती हैं। उनकी भावी राजनीति पर गौर करना होगा। वैसे सभी नेता जानते हैं कि घाटी का पुराना दर्जा बहाल करवाना लगभग असंभव है क्योंकि दुनिया की बड़ी शक्तियों ने भी भारत द्वारा अपने संवैधानिक क्षेत्र में किया यह परिवर्तन मंजूर कर लिया है। उनको कश्मीर का दर्जा बदलने को सुप्रीम कोर्ट में भी चुनौती देनी होगी। मजेदार बात है कि उनके बयान में अनुच्छेद 370 हटाने का ज्यादा उल्लेख न होकर केन्द्र द्वारा कश्मीर की 'पहचान व दर्जे पर हमले' की बात कही गई है। इसका उद्देश्य सभी पार्टियों को स्वीकार्य एजेंडा तैयार करना है। यह सरकार की परीक्षा है। महबूबा सबसे बाद में रिहा की जाने वाली मुख्यधारा नेता हैं। शायद सरकार को आशंका थी कि अनुच्छेद 370 समाप्त करने के खिलाफ उनके भड़काऊ भाषणों से जनता पर असर पड़ सकता है। शायद सरकार ने इन नेताओं का सही आंकलन नहीं किया है। कश्मीर में तमाम नियंत्रणों व लाकडाउन के बावजूद शायद निराश नौजवानों का एक हिस्सा अभी चरमपंथ की ओर आकर्षित है। संभवतः अभी कश्मीर के मुख्यधारा में समाहित होने में थोड़ा समय और लगेगा तथा भाजपा को जमीनी स्तर पर उम्मीद के अनुसार पूरा समर्थन नहीं मिला है। 2018 में 19,582 पंचों व सरपंचों की सीटों में से 7,528 पर चुनाव हुआ था। इनमें निर्वाचित बहुत से लोगों को श्रीनगर के होटलों में रख कर सुरक्षा देनी पड़ी है। भाजपा को उम्मीद थी कि वह स्थानीय स्तर पर मित्र नेताओं का वैकल्पिक राजनीतिक पिरामिड तैयार कर लेगी, पर शायद वह इसमें पूरी तरह सफल नहीं हुई है। पंचों, सरपंचों की 12,000 से अधिक सीटें खाली हैं जिसका प्रभाव स्थानीय प्रशासन पर पड़ रहा है। इस कारण भ्रम व निराशा का माहौल है जो हिंसा को जन्म दे सकता है। इसी कारण सरकार ने रणनीति बदली है और वह वर्ष के अंत तक पंचायत की बाकी सीटों पर भी चुनाव करवाना चाहती है। जमीनी स्तर पर राजनीतिक स्पेस खाली रहने से अब्दुल्ला व मुफ्ती को स्थान मिल सकता है। इसी व्यापक एजेंडे के अंतर्गत सरकार ने अनुभवी राजनेता मनोज सिन्हा को जम्मू कश्मीर संघशासित क्षेत्र का नया उप-राज्यपाल बना कर भेजा है। वे खामोशी से काम करने वाले राजनेता हैं तथा सभी राजनीतिक पार्टियों से संवाद स्थापित कर सकते हैं। भाजपा के समर्थन से पीडीपी व नेशनल कान्फ्रेंस के असंतुष्ट तत्वों ने जम्मू कश्मीर अपनी पार्टी बनाई थी, पर अभी उसे जनता का समर्थन प्राप्त करना बाकी है। सरकार राज्य के पुराने नेताओं को इस शर्त पर विचार-विमर्श प्रक्रिया के लिए तैयार कर सकती है कि वे पाकिस्तान के साथ मिल कर दोमुंही राजनीति न करें। इस दिशा में मध्यम मार्ग तलाशा जा सकता है। इसके लिए पहले घाटी में मुख्यधारा इंटरनेट बहाली के साथ ही तेजी से विकास के और कदम उठाने होंगे। कश्मीरी नौजवानों को डिजिटल शिक्षा क्रान्ति का पूरा लाभ नहीं मिल रहा है। सरकार को नौजवानों को निराश होने से बचाना होगा। ई-कामर्स, टैक्स की आनलाइन फाइलिंग व अन्य वित्तीय लेनदेन को गति देने की आवश्यकता है। लाकडाउन व नियंत्रणों के कारण सप्लाई श्रृंखला बाधित हुई है तथा अर्थव्यवस्था में गतिरोध है। सेवा क्षेत्र के साथ ही राज्य के परंपरागत सेब व्यापार, पर्यटन व हस्तशिल्प को गति देने की आवश्यकता है। कश्मीर में बेहतर माहौल बनाने की जरूरत है।

# रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता

**स्वदेशी एटीएजीएस कार्यक्रम से सबक लेकर भारत को देश तथा सेना के हित में रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। यह पहली ऐसी आयुध प्रणाली है जिसकी डिजाइन व विकास शुरुआत से अंत तक पूरी तरह भारतीय है।**



**जेपी सिंह**
(लेखक पूर्व उप सेना प्रमुख हैं)



**रक्षा** शोध एवं विकास संगठन-डीआरडीओ ने दो रणनीतिक साझीदारों-भारत फोर्ज लिमिटेड तथा टाटा पावर स्ट्रेटेजिक इंजीनियरिंग डिवीजन के साथ मिल कर 2012 में एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम-एटीएजीएस की शुरुआत की थी। रक्षा अधिग्रहण परिषद-डीएसी ने अगस्त, 2018 में 150 एटीएजीएस खरीद की पुष्टि की थी। इनके विकास की प्रक्रिया वर्ष 2013 में शुरू हुई थी जो अंततः जाकर 2017 में पूरी हुई। हाविट्जर तोपों का विकास रिकार्ड तीस महीनों में हुआ और पिछले चार सालों में इनका व्यापक परीक्षण किया गया है। इनका प्रदर्शन लगातार बहुत शानदार रहा है।

एटीएजीएस सर्वाधिक परिष्कृत तथा दुनिया की संभवतः पहली फील्ड गन है जो बाई-माड्यूलर चार्ज सिस्टम-बीएसएमसीएस सातवीं श्रेणी के प्रणोदकों का प्रयोग करने में सक्षम है। यह 48 किलोमीटर दूर तक मार कर सकती है जो 155-52 कैलिबर किस्म में एक रिकार्ड है। एटीएजीएस स्वदेशी विकसित 155 मिलीमीटर-45 कैलिबर आर्टिलरी गन धनुष का एक हिस्सा है। धनुष एफएच-77बी 155 एमएम 39 कैलिबर टोड हाविट्ज़र का परिणाम है जिसका विकास पहले स्वीडिश रक्षा निर्माता बोफोर्स ने किया था। भारतीय सेना ने 1987 से 1991 के बीच कुल 414 स्वीडिश हाविट्जर तोपें खरीदी थीं। धनुष हाविट्ज़र की अधिकतम मारक क्षमता साल्वो मोड में 38 किलोमीटर है, जबकि एटीएजीएस 48 किलोमीटर तक मार कर सकती है। भारत-निर्मित एटीएजीएस में दुहरी पावर व्यवस्था है जहां हाइड्रालिक्स का प्रयोग मोबिलिटी तथा तोप के इन-आउट एक्शन के लिए होता है, जबकि बिजली की शक्ति का प्रयोग गन लेइंग एंड एम्युनिशन हैंडलिंग सिस्टम-एएचएस में किया जाता है। यह व्यवस्था पूरी तरह बिजली संचालित की जाती है ताकि इसका ज्यादा रखरखाव न करना पड़े तथा यह लंबे समय तक विश्वसनीय व सुरक्षित रूप से कारगर रह सके। गन सिस्टम की स्वचालित व्यवस्था है जिसमें उच्च क्षमता वाले इनर्शियल नेवीगेशन सिस्टम-आईएनएस तथा स्वचालित एएचएस का प्रयोग शामिल है। इससे लगातार गोलों को लोड करने और दागने की क्षमता मिलती है, जबकि इसके लिए मैनुअल व्यवस्था भी बनी रहती है। विभिन्न परिस्थितियों में तोप की हाइड्रालिक व्यवस्था इसे प्रभावी क्षमता प्रदान करती है। इससे यह सड़कों पर, दुर्गम स्थानों पर, रोगिस्तान में तथा ऊंचे पहाड़ों पर कारगर रहती है। भारत में निर्मित उच्च शक्ति वाली आक्जि़लरी पावर यूनिट इसकी सेल्फ प्रोपेल्ड गति, तेजी से तैनाती तथा जल्दी से सक्रियता सुनिश्चित करती है। एटीएजीएस में 95 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी पुर्जे हैं। कच्चे माल से तैयार उत्पाद तक इसकी पूरी सप्लाई श्रृंखला देश में स्थित है। इससे यह रक्षा प्रणालियों में 'मेक इन इंडिया' का सच्चा प्रतीक बन गई है। एटीएजीएस तोप प्रणाली में 7,463 पुर्जे हैं जिनमें से 4,977 पुर्जों के निर्माण में लगभग 30,000 निर्माण प्रक्रियायें शामिल होती हैं तथा इनकी जांच के 2,00,000 से अधिक आयाम हैं।

यह परियोजना अब डीआरडीओ टीआरएल चरणों के अनुसार टेक्नोलोजी रेडीनेस लेविल-टीआरएल के दसवें चरण में है। पिछले पांच वर्ष में इसका अनिवार्य परीक्षण हुआ है। इस महीने की शुरुआत में इसका अंतिम परीक्षण शुरू हुआ जिसे प्रिलिमिनरी स्टाफ क्वालीटेटिव रिक्वायरमेंट्स-पीएसक्यूआर ट्रायल कहते हैं। इसे हथियार प्रणाली में शामिल करने से पहले किया जाने वाला परीक्षण माना जाता है। तोप का कठोर पूर्व-पीएसक्यूआर परीक्षण प्रयोगकर्ताओं व डीआरडीओ टीमों द्वारा पहले ही किया जा चुका है। इन परीक्षणों से बीएफएल-विकसित तोप प्रणाली ने कुल मिला कर 130 से अधिक राउंड अधिकांशतः जोन सात में दागे हैं तथा इनका परीक्षण सभी मानकों पर खरा उतरा है। टाटा एयरोस्पेस एंड डिफेंस लिमिटेड द्वारा तैयार तोप ने 99 राउंड दागने में सफलता पाई। पांचवें रैपिड फायर प्रैक्टिस के 100वें राउंड में तोप की ट्यूब फट गई जो अपने किस्म की पहली दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना थी। इसके कारणों की जांच हो रही है। कुछ विशेषज्ञों ने इसे एम्युनिशन की खराबी बताया है, जबकि अन्य इसे ट्यूब की गड़बड़ी बताते हैं क्योंकि वह अत्यधिक दबाव नहीं झेल पाई। हालांकि, उसे इसके लिए सक्षम बनाया जाता है। उल्लेखनीय है कि अब तक तोपें लगभग 2,000 राउंड दाग चुकी हैं और वे आसानी से 560 मेगापास्कल स्तर का दबाव झेल सकती हैं। इस प्रकार वे जोन सात में फायरिंग करने में सक्षम हैं। प्रक्रिया के एक हिस्से के रूप में 'गंभीर व ढांचागत दबाव' की पहचान व उसे दूर करने की जांच भी शामिल है। यह जांच जरूरी है। आत्मनिर्भर भारत के लिए एटीएजीएस विकास की प्रक्रियाओं में बाधा डालना या विलम्ब पैदा करना उचित नहीं होगा। यह पहली ऐसी आयुध प्रणाली है जिसकी डिजाइन व विकास शुरुआत से अंत तक पूरी तरह भारतीय है। डीआरडीओ तथा दो प्रमुख भारतीय औद्योगिक साझीदारों द्वारा विकसित एटीएजीएस प्रणाली राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है तथा यह भारतीय वेंडरों व सब-वेंडरों की नेटवर्क परिस्थितियों के लिए पूरी तरह उपयुक्त है। हमारे पास इसकी डिजाइन, आईपी व सभी डेटा का स्वामित्व है जिसका प्रयोग इस समग्र आयुध प्रणाली में किया गया है। विदेशी सहायता बहुत महंगी होती है और इसके आधार पर सफलता पाने की सोचना मूर्खतापूर्ण होगा। आत्मनिर्भरता की दिशा में थोड़ी परेशानियों के बावजूद हमें सफलतायें मिली हैं। भारत में अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, इस्राइल व चेक गणराज्य से आने वाली अधिकांश तोपों के साथ ऐसी दुर्घटनायें फायरिंग के निम्न क्षेत्रों में हुई हैं जहां कम दबाव का प्रयोग किया जाता है। इसलिए एटीएजीएस के मामले में उच्च दबाव की बात करना उचित नहीं होगा। यह तथ्य भी उल्लेखनीय है कि इनमें से किसी तोप की फायरिंग जोन सात में नहीं की गई थी और न ही उससे एटीएजीएस जितने गोले दागे गए थे। यह भारत में तैयार होने वाले गोला-बारूद की गुणवत्ता तथा प्रभावशीलता जांचने का भी सही समय है क्योंकि हम आर्टिलरी एम्युनिशन, फ्यूज़ तथा चार्ज बनाने के क्षेत्र में तुलनात्मक रूप से नए हैं। अत्यधिक उच्च दबाव को देखते हुए एम्युनिशन के हर हिस्से को पूरी तरह सटीक रूप से कारगर होना चाहिए। इसमें शेल, प्रोजेक्टाइल व फ्यूज़ शामिल हैं। इनको अत्यधिक उच्च कोणीय गति के उपयुक्त होना चाहिए। कुल मिला कर कहा जाए तो अनुभवों व परीक्षणों से ही सटीक कारगरता व अनुभव प्राप्त होता है। इसकी संभावना बहुत कम है कि कोई विदेशी हथियार निर्माता अपनी प्रमुख तकनीकें व डेटा हमें देगा तथा भारत को आत्मनिर्भर बनाने में सहायता करेगा। देश के हित में तथा सेना को ज्यादा सक्षम बनाने के लिए हमें ऐसी दुर्घटनाओं पर ज्यादा ध्यान नहीं देना चाहिए तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उम्मीद करनी चाहिए कि भारत की एटीएजीएस सफल होगी।

# मातृ मृत्यु दर पर अंकुश लगाना आवश्यक

> एक और पहलू है उपलब्ध रक्त की गुणवत्ता का। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन ने खुलासा किया है कि लगभग 1,342 लोगों को संपूर्ण भारत में 2018-19 के दौरान खून चढ़ाए जाने के कारण एचआईवी संक्रमण हो गया। इस जानकारी से देश में विद्यमान रक्त आधान व्यवस्था पर सवाल खड़े होते हैं।

**सायंतनी चटर्जी**
(लेखिका लोक नीति परामर्शदाता हैं)



**सं**युक्त राष्ट्र टिकाऊ विकास लक्ष्य-3 (एसडीजी-3) के अंतर्गत सामाजिक पूंजी के तौर पर सभी के स्वास्थ्य एवं बेहतरी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाता है। एसडीजी-3, विशेष रूप से एसडीजी 3.1 का उद्देश्य वैश्विक मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) अनुपात को 2030 तक प्रति एक लाख पर 70 से कम मौतों के स्तर पर लाना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, माता की मृत्यु का अर्थ है गर्भावस्था के दौरान किसी महिला की मौत होना अथवा गर्भ समापन के 42 दिनों के भीतर किसी महिला की मौत होना, किसी ऐसे कारण से जो गर्भधारण से सबंधित हो अथवा गर्भाधान अथवा उसके प्रबंधन के कारण बढ़ गया हो। भारत सरकार की राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 में निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार, 2020 तक प्रति एक लाख जीवित जन्मों पर पर एमएमआर को 100 के स्तर पर लाने का लक्ष्य रखा गया है।

इस वर्ष जुलाई में महानिबंधक नमूना पंजीकरण व्यवस्था कार्यालय द्वारा जारी विशेष बुलेटिन से मिले आंकड़े दर्शाते हैं कि भारत में एमएमआर 2016-18 में 113 के स्तर पर था। यद्यपि इसमें 2915-17 में 122 और 2014-15 में 130 की तुलना में गिरावट देखी गई है मगर यह एसडीजी लक्ष्य से बहुत पीछे है। सबसे ज्यादा परेशान करने वाले आंकड़े असम से आए हैं जहां एमएमआर 215 है। हालांकि, यदि इसकी तुलना 2012-13 के आंकड़ों से की जाए तो यह 301 के स्तर से काफी कम हुआ है। कुछ भी हो, भारत की एसडीजी प्रतिबद्धताओं को देखते हुए, इस अनुपात को आगे और नीचे गिराने के लिए तात्कालिक हस्तक्षेप की आवश्यकता है।

हाल ही में, जुलाई माह में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद के उच्च स्तरीय घटक के सत्र में भाषण दिया था, जिसमें उन्होंने उल्लेख किया था कि भारत का विकासीय उद्देश्य, ''सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास'' किसी को भी पीछे न छोड़ने के एसडीजी के मूल सिद्धांत के साथ प्रतिध्वनित होता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि विशाल जनसंख्या के सामाजिक आर्थिक संकेतकों को सुधारने में भारत की सफलता का महत्वपूर्ण प्रभाव वैश्विक एसडीजी लक्ष्यों पर पड़ा है। इस प्रकार, एमएमआर जैसे वैयक्तिक स्वास्थ्य संकेतकों को संबोधित करना निश्चित रूप से देश के सार्वजनिक स्वास्थ्य को सुधारने एवं एसडीजी के लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण है।

व्यक्तिगत रूप से राज्यों की भूमिका भी बेहद महत्वपूर्ण है। उदाहरण के लिए, उच्च एमएमआर अनुपात वाले असम जैसे राज्य के लिए प्राथमिकता के आधार पर इस समस्या से निबटना महत्वपूर्ण हो जाता है। असम में महामारी विज्ञान के मातृ मृत्यु अध्ययन के अनुसार, आंकड़े दर्शाते हैं कि 21.3 प्रतिशत मौतें रक्तस्राव के कारण, 17.3 प्रतिशत गर्भावस्था के कारण हाइपरटेंशन तथा 10 प्रतिशत सेप्सिस के कारण होती हैं। जन्म के उपरांत 24 घंटों के भीतर 500 मिलीलीटर अथवा उससे अधिक रक्तस्राव को पोस्टपार्टम हैमरेज कहा जाता है। एक दमदार रक्त आधान व्यवस्था विकसित करके ऐसी मौतों को काफी हद तक कम किया जा सकता है, क्योंकि ऐसी सक्षम रक्त हस्तांतरण प्रणाली सुरक्षित एवं उपयुक्त खून तक सार्वभौमिक पहुंच मुहैया कराती है। असम में वार्षिक रक्त संग्रहण 2018-19 में 2,34,488 यूनिट था जबकि राज्य को 2019 में कुल अस्पताल बिस्तरों के सापेक्ष 2,42,000 ऐनिट की आवश्यकता थी। राज्यवार श्रेणी के अनुसार, जो वास्तविक रक्त इकाई संग्रहण के सापेक्ष वार्षिक आवश्यकता का आंकलन करती है, असम पांच में सबसे नीचे आता है। राज्य में 82 ब्लड बैंकों के साथ, यह खेदजनक बात है कि रक्त की कमी चिंता का विषय बनी हुई है। एक और अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू है उपलब्ध रक्त की गुणवत्ता का। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन ने खुलासा किया है कि लगभग 1,342 लोगों को संपूर्ण भारत में 2018-19 के दौरान खून चढ़ाए जाने के कारण एचआईवी संक्रमण हो गया। इस जानकारी से देश में विद्यमान रक्त आधान व्यवस्था पर सवाल खड़े होते हैं।

सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक प्रभावी समाधान है 100 प्रतिशत ऐच्छिक मदद की संस्कृति की ओर बढ़ना तथा विनियम दान से मुक्ति पाना। रक्तदाताओं की भर्ती रक्त आधान सेवाओं का सर्वाधिक अहम लक्षण है और एक स्वस्थ, प्रतिक्रियाशील एवं अभिप्रेरित ऐच्छिक रक्तदाताओं के सहयोग पर चलने वाले एक व्यवस्था संबंधित गुणवत्ता मुद्दों को कम करने में मददगार होती है। असम में स्वेच्छा से रक्तदान करने वालों का प्रतिशत 47.9 है, जो 71.9 के राष्ट्रीय औसत से बहुत कम है। भारत जैसे विकासशील देश में एक और समस्या है खंडात्मक रक्त आधान प्रणाली। देश में 3,321 ब्लड बैंकों के प्रभावी परिचालन के लिए यह अनिवार्य हो जाता है कि व्यवस्थाएं पारदर्शी एवं गुणवत्ता की गारंटी वाली हों। लेकिन, प्रभावी परिचालन के लिए 3,321 ब्लड बैंकों की निगरानी सुनिश्चित करना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। हालांकि, विकासशील देशों से प्राप्त अनुभवमूलक आंकड़े दर्शाते हैं कि एक केंद्रीकृत केंद्र एवं स्पोक मॉडल काफी हद तक सुरक्षित रक्त तक पहुंच बनाने में मददगार हो सकता है। दुखद रूप से, ऐसी केंद्रीकृत रक्त आधान प्रणाली वर्तमान समय में भारत में मौजूद नहीं है, यद्यपि यह अतिरिक्त संग्रहीत रक्त की बर्बादी को रोकती है, खासकर अब जबकि बैंकों के बीच अधिक मात्रा में हस्तांतरण को राष्ट्रीय रक्त आधान परिषद द्वारा मंजूरी दे दी गई है। यह पहुंच को भी बढ़ाती है, क्योंकि रक्त को केंद्रों से वहीं पुनः भेजा जा सकता है जहां उसका अभाव होता है। आपात स्थितियों के मामले में, रक्त नमूनों का संग्रहण सरल होता है। एक केंद्र तथा स्पोक मॉडल तथा 100 प्रतिशत निशुल्क रक्तदान वाला ढांचा एक हब और स्पोक मॉडल तथा परमार्थ के लिए रक्तदान का ढांचा भारत तथा असम के लिए मौतों की संख्या घटाने में मददगार होगा।

## फरमाया



**दिल्ली** प्रदूषण से मुकाबला करने का प्रयास कर रही है, इसके लिए हमने एक नया अभियान चलाया है, रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**हम** अपनी सजगता छोड़ नहीं सकते, खासकर इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि धान की कटाई चल रही है और सरकार द्वारा खरीद भी।

– **कैप्टन अमरिंदर सिंह**
पंजाब के मुख्यमंत्री



**राबर्ट** डेस्टेरो चीन तथा दलाई लामा के बीच संवाद को बढ़ावा देने के अमेरिकी प्रयासों का नेतृत्व करेंगे अथवा उनके प्रतिनिधि तिब्बत की बेजोड़ धार्मिक, सांस्कृतिक व भाषाई अस्मिता की रक्षा करेंगे।

– **माइक पॉम्पियो**, अमेरिकी विदेश सचिव

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से

pioneer.editorial@gmail.com

पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## प्रतीकात्मक आगमन

**पक्षी** सुंदर प्राणी हैं, लेकिन हर साल दुनिया भर में पक्षियों की अप्राकृतिक मौतों के कारण बिजली लाइनों के साथ टकराव एक बड़ी ज्ञातक समस्या है। प्रतीकात्मक आगमन (विश्व प्रवासी पक्षी दिवस) पर, एक कॉमन क्रेन वडला उत्तरी कजाकिस्तान में आई है। जो 15 दिनों में 4800 किलोमीटर की दूरी तय करती है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य है बड़ी एवियन प्रजातियों पर बिजली लाइनों के प्रभाव का अध्ययन करना। यह पक्षियों पर इस तरह का पहला अध्ययन है, यह आश्चर्यजनक है। डॉ. सुरेश कुमार और उनके साथियों को सलाम जिन्होंने वडला पर नजर रखी जीपीएस तकनीक के द्वारा। यह अध्ययन अभी तक समाज के दबाव की जरूरतों को पूरा करने के लिए कुशल समाधान खोजने के लिए पर्यावरणीय नेतृत्व की दिशा में हमारे प्रयास का एक और उदाहरण है। अब, पावर लाइन की मृत्यु दर के स्तर को कम करने के लिए कार्रवाई की आवश्यकता है, अनावश्यक बिजली लाइनों को हटाने और मौजूदा बिजली लाइनों के लिए, निवारक और शमन उपायों का उपयोग किया जाना चाहिए। भारत उड़ान रंगों के साथ आ रहा है। मिशन पूरा हुआ। आत्मनिर्भर भारत।

– **खुशबू वेद**, आलोट, मप्र

## खाने में पोषक तत्व

**16** अक्टूबर विश्व खाद्य दिवस है। खाने का सीधा संबंध स्वास्थ्य से है और कोरोना जैसी महामारी के समय में अच्छे स्वास्थ्य का महत्व लोगों को समझ आने लगा है। बदलती जीवनशैली में खानपान में पोषक तत्वों की कमी के कारण भारत कुपोषण की एकतरफा नहीं बल्कि दोहरी मार झेल रहा है। जिसमें से पहली सूक्ष्म तत्वों की कमी है तथा दूसरी गैर संचारी बीमारियां हैं जैसे मोटापा, मधुमेह, रक्तचाप इत्यादि। कुपोषण के इस दोहरे बोझ से भारत को बचाना अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके लिए ज़रूरी है थाली में सभी पोषक तत्वों को शामिल करना। भारतीयों में जरूरी पोषक तत्वों की कमी को देखते हुए सरकार ने अन्य उपायों के साथ ही पौष्टिकीकृत खाद्य पदार्थों को भी बढ़ावा दिया है। खाद्य पौष्टिकीकरण लोगों में पोषक तत्वों की कमी दूर करने के लिए खाद्य पदार्थों में इन पोषक तत्वों को मिलाने को कहते हैं। खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के द्वारा इसके लिए 2018 में अधिनियम और एफ लोगो भी जारी किया गया था। अभी भारत में आटा, चावल, दूध, तेल, नमक का पौष्टिकीकरण किया जा सकता है और ऐसे पौष्टिकिकृत पदार्थ आम बाजारों में उपलब्ध भी हैं परंतु उपभोगताओं में अभी इसे लेकर जागरुकता नहीं है।

– **डिंपी भाटिया**, नई दिल्ली

## कश्मीरियों के दिलों को जीतें

**पिछले** एक साल से कश्मीर की जो स्थिति है उससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की कोई बहुत अच्छी छवि नहीं जा रही है। सरकार ने साहस व दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए धारा 370 व 35-ए को समाप्त करके अपना काम तो कर दिया है। पाकिस्तान अगर कश्मीर को लेकर कोई बयान देता है तो उसे खास तवज्जो नहीं मिलती, लेकिन संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग जैसे मंचों से उठते गंभीर स्वरों की ज्यादा समय तक अनदेखी नहीं की जा सकती। लेकिन अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी ऐतराज जताया गया। कश्मीरियों का सुकून भी कश्मीर में शांति जितना ही जरूरी है। इस सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों का मन अशांत रहना विदेशी ताकतों का काम आसान कर देता है। इसलिए पहली जरूरत है कश्मीरियों का विश्वास जीतने की, और यह काम संवाद बढ़ाकर ही किया जा सकता है। बेहतर हो कि आ रहे जाड़ों में सीमावर्ती क्षेत्रों में जमी बर्फ का फायदा उठाते हुए सरकार कश्मीरियों के साथ अपने रिश्तों में गरमाहट लाए ताकि आपसी विश्वास को एक नई जमीन मिल सके।

– **डॉ. हेमंत कुमार**, भागलपुर

## डीएफओ सतोविशा स्वयं कर रही लगातार मॉनिटरिंग

# 22 हाथियों का झुंड डौंडी वन परिक्षेत्र में कर रहा विचरण, वन अमला हाथियों को जंगल की ओर रुख करने जुटा

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले में 22 हाथियों के झुंड ने प्रवेश कर लिया है। वन अमला पूरी तरह हाथियों पर नजर बनाए हुआ है। हाथी का झुंड गुरूर रेंज से होते हुए दल्ली वन परिक्षेत्र में पहुंचा चुका है। इस वक्त हाथियों का दल डौंडी वन परिक्षेत्र में विचरण कर रहा है। वनमण्डाधिकारी सतोविशा समाजदार ने बताया कि पूरा वन अमला सक्रिय है। सभी रेंज की ड्यूटी लगाई गई है। पल-पल की मॉनिटरिंग भी की जा रही है। फिलहाल घबराने जैसी कोई बात नहीं है। वन अधिकारियों ने ग्रामीणों से ये भी कहा कि हाथियों को सही दिशा देने की कोशिश की जा रही है। ताकि वे भटके न। अधिकारियों ने निर्देश देते हुए ये भी कहा कि यदि कहीं महुआ एकत्र किया गया है तो उसे तुरंत सुरक्षित जगह पर रखें। समाजदार ने आगे बताया कि वन विभाग ने टीम तैयार कर ली गई है। तीनों रेंज के अधिकारी-कर्मचारी काम में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि हाथियों के झुंड ने गुरुर क्षेत्र में खेती को नुकसान पहुंचाया था। लेकिन उसके बाद से उन्होंने खेतों को नुकसान नहीं पहुंचाया है। हाथियों के लिए ऐसा रास्ता बना दिया गया है। जो जंगल से ही अंदर ही चले जाए। वन विभाग की ओर से तार फेंसिंग की गई है। जरूरत के मुताबिक तार फेसिंग को खोल दिया जा रहा है। इसके साथ ही हाथी को अंदर जाने का रास्ता भी दिया जा रहा है।






### भूपेश बघेल ने लेमरू एलीफेंट रिजर्व शुरू किए जाने का किया ऐलान

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 15 अगस्त 2019 को इन हाथियों के लिए एक बड़ी परियोजना लेमरू एलीफेंट रिजर्व शुरू किए जाने का ऐलान किया था। इसके तहत कोरबा में करीब 450 वर्ग किलोमीटर घनघोर जंगल वाले लेमरू वन परिक्षेत्र में एलीफेंट रिजर्व बनाने का लक्ष्य रखा गया। लेकिन इसका काम अब तक शुरू नहीं हो सका है।

### छत्तीसगढ़ चौथे नंबर पर

-3 साल में असम 274 लोगों की मौत
-ओडिशा में 243 लोगों की मौत
-झारखंड में 230 लोगों की मौत
-छत्तीसगढ़ में 204 लोगों की मौत
-पश्चिम बंगाल में 202 लोगों की मौत

### लोकसभा में अगस्त 2019 में दिए गए आंकड़ों के मुताबिक हाथी के हमले में इंसानों की मौत

- 2016-17 में 74 लोगों की मौत,
- 2017-18 में 74 लोगों की मौत,
- 31 मार्च 2019 तक 56 लोगों की मौत
- 2016 से अब तक 200 से ज्यादा लोगों की मौत,
- छत्तीसगढ़ में 3 साल में 204 लोगों की मौत,
- देश में 3 साल में 1,474 लोगों की मौत

### पहले और अब की सरकार ने किए उपाय

हाथी रहवासी क्षेत्रों के विकास और प्रोजेक्ट एलीफेंट के नाम पर पिछले 10 साल में छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने करीब 64 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। 2018 में सर्वाधिक 1307 करोड़ खर्च किए। इसके बाद भी मौतों की संख्या में कमी होते नहीं दिख रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक खनिज न्यास मद से साल 2018 में 13 लाख रुपए खर्च कर उद्यानिकी विभाग ने 100 ग्रामीणों को मधुमक्खी पालन की ट्रेनिंग दी। लेकिन किट की खरीदी नहीं की गई। वन विभाग ने क्रेडा की मदद से साल 2015-16 में 11 लाख खर्च कर 25 किलोमीटर की सोलर फेंसिंग की गई थी। योजना के तहत 7 गांव में संयंत्र लगाने थे और फेसिंग में 72 किलोमीटर कवर होना था। 25 किलोमीटर के बाद यह दायरा आगे नहीं बढ़ सका। हाल ही में हाथियों की समस्या से निपटने प्रशिक्षित कुमकी हाथी को लाया गया। इस पर लाखों रुपए खर्च किए गए। बावजूद इसके यह उपाय भी असफल रहा।

### महुआ भंडारण पर रोक

वनमण्डलाधिकारी सतोविशा समाजदार ने बताया कि हाथियों का दल ज्यादा से ज्यादा बांस के जंगलों से होकर गुजरेगा। क्योंकि बांस उनका पसंदीदा खाना है। बांस खाने से उनका पेट भरा रहेगा तो वो खेतों की ओर रुख नहीं करेंगे। जंगल के फेंसिंग को खोलकर देखा गया तो विभाग सफल साबित हुआ। यहां हाथी बांस के जंगलों में होकर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बात का ध्यान रखें कि महुआ का भंडारण न हो। अगर महुआ का भंडारण होगा तो हाथी घरों की ओर रुख करेंगे।

### जिले में विचरण कर रहा हाथियों का झुंड

इन दिनों प्रदेश के कई हिस्सों में हाथियों ने आतंक मचा रखा है। जिले के दल्लीराजहरा रेंज में 22 हाथियों का दल पहुंचा हैं। हाथियों को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। गुरुर क्षेत्र के बड़भूम की तरफ से बेलोदा होते हुए मंगलतराई और कलकसा के जंगलों में हाथियों का दल पहुंचा है। वन विभाग ग्रामीण क्षेत्रों में मुनादी करा रहा है। लोगों से घरों में रहने की अपील की जा रही है।

# सांसद के आमरण अनशन के समर्थन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने धरना दिया



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय सहित जिले के विभिन्न स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद विजय बघेल के द्वारा पाटन में किए जा रहे आमरण अनशन के समर्थन में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर समर्थन किया जानकारी के मुताबिक दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल द्वारा कार्यकर्ताओं के निशर्त रिहाई के लिए तीसरे दिन भी आमरण अनशन जारी रहा।

विदित हो कि पाटन क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं को परेशान करने वर्तमान सरकार द्वारा की गयी द्वेषपूर्ण कार्यवाही के विरोध में सांसद समस्त कार्यकर्ताओ सहित आमरण अनशन पर बैठे है। इसी क्रम में आज भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल बेमेतरा में छ ग के भूपेश सरकार के दमनकारी वादाखिलाफी किसानविरोधी झूठ फरेबी नीतियों के विरोध में और पाटन में विगत 2 दिनों से दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल के नेतृत्व में अपने पार्टी के कार्यकर्ता के ऊपर हुए अन्याय अत्याचार,जेल से तत्काल निः शर्त रिहाई को लेकर चल रहे आमरण अनशन के समर्थन में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया जिसमे पूर्व विधायक अवधेश चन्देल, अनिल माहेश्वरी सांसद प्रतिनिधि नगरपालिका बेमेतरा ,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, मोंटी साहू मंडल अध्यक्ष, विकास धरडे जिला अध्यक्ष युवामोर्चा,पंचू साहू उपाध्यक्ष नगर पालिका,विकास तम्बोली पूर्व महामंत्री,हर्ष तिवारी, संजीव तिवारी, सतीश कसार, दीपेश साहू, होरीलाल सिन्हा, निखिल साहू,पार्षद-नीलू ठाकुर नीतू कोठरी घनश्याम ताम्रकार लक्ष्मी डेहरे महामंत्री संतोष वर्मा युगल देवांगन रीना साहू सावित्री रजक सुखेन्द सलूजा परमेश्वर साहू ओम सलूजा मंडल उपाध्यक्ष दत्त बैस दीवान जी साहू जी सहित अधिक संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लागत प्रबंधन पुस्तिका 2020-21 विमोचित

**भिलाई।** इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक, प्रभारी (सेवाएँ) एस एन आबिदी ने 14 अक्टूबर, 2020 को अपने कक्ष में सादे समारोह में लागत प्रबंधन पुस्तिका 2020-21 का आर्नलाइन विमोचन किया। इस समारोह में लागत नियंत्रण विभाग से महाप्रबंधक के ललिता, महाप्रबंधक रूपम कुमार, उप महाप्रबंधक नीना राठौर, वरिष्ठ प्रबंधक सुधारानी दाश, सहायक प्रबंधक (लागत प्रबंधन विभाग) जे व्ही विभा एवं तकनीकी सहायक मुख्य महाप्रबंधक, प्रभारी (सेवाएँ) सचिवालय शेख मोहम्मद कासिम उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक, प्रभारी (सेवाएँ) एस एन आबिदी ने कहा कि विभिन्न विभागों में कार्यरत् अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लागत से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने से उनके कार्य में इसका असर पड़ेगा और यह उत्पादन लागत को कम करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने संयंत्र के कर्मचारियों से अपील की कि वे अपने कम्प्यूटर में इस पुस्तिका में दी गई जानकारी से अवगत हों और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों एवं सहयोगियों को भी इन जानकारियों से अवगत करायें।

# सेल में निवारक सतर्कता पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

स्टील अर्थॉरिटी इण्डिया लिमिटेड (सेल) द्वारा वित्तवर्ष 2020-21 अवधि के दौरान ई-4, ई-5, ई-6 स्तर के मिड-कैरियर कार्यपालकों एवं 1000 से अधिक नये जुड़े कनिष्ठ अधिकारियों को कवर करने तथा 2019 बैच के 127 प्रबंधन प्रशिक्षुओं हेतु 'निवारक सतर्कता' पर 2 दिनों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। मार्च-2021 तक कुल 28 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई गई है। यह प्रशिक्षण डिजिटल माध्यम से आयोजित की जा रही है। कुछ सत्रों में प्रतिभागीगण कोविड-19 के दिशानिर्देशों का अनुपालन करते हुए उपस्थित हुए। सेल के प्लांट्स/यूनिट्स के विभिन्न मानव संसाधन विकास केन्द्रों में प्रथम दिन विशेषज्ञों द्वारा विषय से जुड़े अलग-अलग टॉपिक बनाए गए हैं। प्रतिभागी अपने संबंधित एचआरडी केन्द्रों से सत्रों में भाग लेते हैं। दूसरे दिन मेंटोर के मार्गदर्शन में टीमें एक विशिष्ट विषय पर केस-स्टडी पर चर्चा करती हैं और उसी विषय पर प्रेजेंटेशन तैयार करती हैं एवं उसी सत्र के समापन के दौरान प्रस्तुतिकरण प्रस्तुत करते हैं।

उल्लेखनीय है कि मिड-कैरियर कार्यपालकों के लिए 24 व 25 सितम्बर, 2020 को प्रथम प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन सेल अध्यक्ष, अनिल कुमार चौधरी ने किया था। केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त एवं सेक्रेटरी, स्टील की उपस्थिति में सेल, अध्यक्ष चौधरी ने इस कार्यक्रम के समापन सत्र की अध्यक्षता की।

# मुक्तिधाम में होगा गोबर से बने कंडे का उपयोग

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्रान्तर्गत गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी केन्द्रों में गोबर से कंडे तैयार किए जा रहे हैं। तैयार किए जा रहे कंडे की तादाद बढ़ती जा रही है। प्रत्येक जोन में इसका कार्य तीव्रता से हो रहा है। महिला समूहों द्वारा बनाये जा रहे कंडे की विक्रय की व्यवस्था निगम ने प्रारंभ कर दिया है। आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने आज अपने निरीक्षण के दौरान उपायुक्त एवं नोडल अधिकारी गोधन न्याय योजना अशोक द्विवेदी को इसके कार्ययोजना तैयार करने को लेकर निर्देशित किया है। आयुक्त रघुवंशी गोधन न्याय योजना को लेकर बेहद गंभीर है, शासन के मुख्य योजना पर कोई भी लापरवाही नही चाहते है। इसके संदर्भ में उन्होंने जोन आयुक्तों को कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिये है। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त तरुण पाल लहरें मौजूद रहे।

### पर्यावरण प्रदूषण कम करने के कारगार साबित होगा गोबर का कंडा



प्रत्येक जोन क्षेत्रों में तीव्र गति से गोबर से कंडे बनाये जाने का काम किया जा रहा है। जोन कं. 02 एवं 03 को अधिक से अधिक कंडे तैयार करने का लक्ष्य दिया गया है। मुक्ति धाम में कंडे से दाह संस्कार होने से प्रदूषण में कमी आयेगी। लकड़ी का उपयोग कम होगा। कंडा की खासियत यह है कि यह पूरी तरह से जल जाता है, राख के अलावा कोई भी अवशेष नहीं बचता। गोबर और भूंसे के इस्तेमाल से बना कंडा तीव्रता से जलता है। जिसका उपयोग मुक्ति धाम में लकड़ी के साथ किया जाता रहा है। अब स्व सहायता समूह की महिलाओं से गोबर कंडा खरीद कर मुक्ति धाम में इसका व्यापक उपयोग निगम भिलाई करेगा!

### महिलाओं को रोजगार मिलने के साथ राजस्व की होगी बचत

गोबर से बने कंडे को निगम खरीदेगी और इसका उपयोग दाह संस्कार के लिए रामनगर और छावनी मुक्ति धाम में किया जाएगा। 2रू प्रतिकिलो की दर से क्रय किये जा रहे गोबर से कंडे तैयार करने में आ रही लागत का आंकलन व प्रचलित बाजार दरो की तुलना करते हुए निगम कंडे क्रय करके मुक्ति धाम में दाह संस्कार के लिये उपयोग करेगी। महिलाओं को कंडे बेचने से प्रॉफिट भी होगा और रोजगार भी मिलेगा। लकड़ी खरीदी में लागत अधिक लगता है इसमें भी कमी आयेगी इससे निगम का राजस्व भी बचेगा। रामनगर मुक्ति धाम में अक्टूबर माह के डेथ रेट में कमी आई है, एक शव के लिये लगभग 300 कंडे की आवश्यकता का अनुमान लगाया गया है।

# विधायक आशीष ने आंतरिक सड़क निर्माण एवं उन्नयन के लिए 15.27 करोड़ स्वीकृति कराया

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



विधायक आशीष छाबड़ा के भगीरथ प्रयास से बेमेतरा जिला मुख्यालय बेमेतरा शहर में आंतरिक सड़क निर्माण एवं उन्नयन कार्य हेतु राज्य सरकार ने 15 करोड़ 27 लाख रुपये स्वीकृत किये है,ज्ञात हो इस राशि का उपयोग बेमेतरा शहर के विभिन्न नवीन मार्गो के निर्माण में किया जयेगा इन स?कों के बन जाने से बेमेतरा शहर की नवीन कालोनियों में पहुच मार्ग की उपलब्धत होगा साथ जी पूर्व निर्मित खराब हो चुकी सड़को का भी पुनरर्निर्माण जो सकेगा 15 करोड़ रुपये से बनने वाली सड़के बेमेतरा शहर के विकास में मिल का पत्थर साबित होगी शहरवासियों के लिए नई सड़क उपलब्ध को सकेगी जिससे शहर में बने अव्यस्तिथ कालोनियों में आवागमन सुलभ हो सकेगा। साथ ही राज्य शासन ने बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा के मांग पर ग्राम बहेरा (का) में नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य हेतु 27 लाख रुपये की स्वीकृति की है,जिससे छेत्र में लोगो को बेहतर स्वस्थ्य सेवाएं मिल सके विधायक आशीष छाबड़ा बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के समुचित विकास हेतु निरन्तर प्रयरन्तशील है जिसका लाभ क्षेत्रवासियों को मिल रहा है,विधायक आशीष छाबड़ा ने इसका श्रेय प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल,गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू,स्वस्थ्य मंत्री टी.एस.सिंहदेव, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे को दिया है।

# शारदीय नवरात्रि पर्व की शुरुआत, श्रद्धा भक्ति के साथ हुई

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

इस साल के शारदीय नवरात्रि पर्व बहुत सादगी किंतु श्रद्धा भक्ति के साथ प्रारंभ हुआ है एक तरफ जहां कोरोनावायरस को ध्यान में रखते हुए देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति के स्थान पर अधिकांश मंदिरों में केवल संस्था के एक ही मनोकामना ज्योति की स्थापना शुभ मुहूर्त में किया गया है वहीं दूसरी तरफ श्रद्धालुओं के दर्शन को लेकर मंदिर समिति के द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से विभिन्न व्यवस्था किए जाने की जानकारी मिली है वहीं क्वांर नवरात्रि पर्व मे जिले के विभिन्न गांव से जिला मुख्यालय में इस बार विभिन्न चौक चौराहों में देवी मां की विशाल मूर्ति की स्थापना अधिकांश स्थानों पर नहीं किया गया है और कुछ जगहों पर माता के सामान्य मूर्ति की स्थापना कर पूजा अर्चना की व्यवस्था संस्था के द्वारा ही किया जाएगा

कोरोना वायरस के कारण इस साल शारदीय नवरात्रि पर्व व सादगी किंतु श्रद्धा एवं भक्ति के साथ श्रद्धालुओं के द्वारा शनिवार को प्रारंभ किया गया जिला मुख्यालय में इस साल विभिन्न देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं के द्वारा प्रज्वलित किए जाने वाले घृत एवं तेल मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना अधिकांश मंदिरों में नहीं किया गया है बल्कि सामान्य रूप से संस्था के द्वारा के लिए केवल एक ही ज्योति कलश की स्थापना किया गया है इस संबंध में जानकारी के अनुसार माता शीतला मंदिर में शुभ मुहूर्त अभिजीत मुहूर्त में आचार्य बलदेव शास्त्री के सानिध्य में ज्योति कलश की स्थापना वैदिक मंत्रों के साथ एवं विभिन्न विधि विधान के साथ स्थापित किया गया इसी तरह माता भद्रकाली मंदिर में भी ब्रह्म मुहूर्त में संस्था के द्वारा एकमात्र ज्योति कलश की स्थापना की गई जबकि मां बमलेश्वरी मंदिर में साल सात मनोकामना ज्योति का स्थापना किया गया है इसी प्रकार माता महामाई मंदिर में भी इस वर्ष कोरोना वायरस के कारण सुरक्षा को लेकर मनोकामना ज्योति संस्था के द्वारा एकमात्र किया गया है।




### देवी मंदिरों में सुरक्षा के लिए किया गया है व्यवस्था

कोविड-19 इस वर्ष नवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है जहां एक तरफ लोग कोरोनावायरस को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के लिए व्यक्ति गत अपने हिसाब से व्यवस्था कर रहे हैं वहीं दूसरी तरफ मंदिरों में भी समितियों के द्वारा माता के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को लिए भी सुरक्षा के लिए व्यवस्था किया गया है इस संबंध में माता शीतला मंदिर के सदस्य राजू गोविंदानी ने बताया है कि मंदिर में सैनिटाइजर की व्यवस्था की गई है एवं श्रद्धालु मास्क लगाकर माता का दर्शन कर सकते हैं इसके अलावा माता के दर्शन के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का भी पालन करने तरफ भी ध्यान दिया जाएगा।

# जीवनदीप समिति की राशि का दुरूपयोग, एसपी से शिकायत

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



मारो नगर पंचायत क्षेत्र के निवासियों ने एसपी को एक ज्ञापन के माध्यम से मारो में पदस्थ आर एम ए के द्वारा जीवनदीप समिति की राशि की अनियमितता करने की शिकायत लिखित में किया गया है । इस संबंध में नगर पंचायत के मोहन यादव ओमप्रकाश सिंह शिव शंकर बसंत गुप्ता औंकार सिंह सहित अन्य लोगों ने लिखित शिकायत में बताया है कि मारो में पदस्थ आर एम ए प्रतिभा जांगिड़ एवं उनके पति आर एम ए पीएचसी नानघाट के कमलेश जांगड़े के द्वारा विगत वर्षो से जीवनदीप समिति फंड एवं आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना फंड का दुरुपयोग कर अनियमितता बरती जा रही है। साथ ही स्टाफ के लोगों के साथ निरंतर दुर्व्यवहार कर प्रताड़ित किया जा रहा है। नगर के प्रतिनिधियों एवं जनप्रतिनिधियों को दबाने का प्रयास लगातार उनके द्वारा किया जा रहा है पीएचसी मारो पीएचसी नांदघाट पीएचसी संबलपुर के 24 घंटे के अंदर उक्त योजनाओं के फंड का जांच मांग करते हुए कहा गया है कि इससे अनियमितता की जांच हो जाएगी मामला सही होने पर तत्काल आर एम ए मारो एवं नांदघाट पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही किया जाए।

## महामाया मंदिर की स्थापना राजा नटवर साय ने की थी

# महामाया माता के दरबार में आस्था के ज्योत जले, बस स्टैंड में विराजी मां दुर्गा

पायनियर संवाददाता ◄ नवागढ़
www.dailypioneer.com

शारदीय नवरात्रि के पहले दिन शनिवार को माता के दरबार में शुभ मुहूर्त में आस्था के ज्योत जले। नगर की आराध्य देवी मां महामाया मंदिर में सुबह से देर-रात तक कोरोना गाइडलाइंस के चलते पिछले वर्षों की तुलना में कम संख्या में लेकिन पूरी श्रद्धा के साथ भक्त दर्शन करने पहुंचते रहे। माँ महामाया मन्दिर में परंपरा अनुसार प्रथम व प्रमुख ज्योत नगर प्रधान विकास धर दीवान ने आचार्य श्रीकांत शर्मा के मंत्रोचार द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजन कर जलाया। ज्योति प्रज्वलन के समय बंशीधर दीवान, श्याम बिहारी श्रीवास्तव, राजेन्द्र मिश्रा,जितेंद्र नाथ योगी, रामनाथ योगी सहित श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। नवागढ़ के प्रसिद्ध महामाया देवी की स्थापना गोड़ राजा नरवरसाय ने किया था। राजा शक्ति के उपासक थे, उन्होंने अपने किले के भीतर मां महामाई की मूर्ति स्थापित कर एक छोटे से मंदिर का निर्माण कराया था, जो आज उनके धार्मिक आस्था के रूप में नगर का मुख्य शक्ति आराधना केन्द्र है । जिसका प्रत्येक नवरात्र प्रथम ज्योत नगर के मालगुजार दीवान परिवार द्वारा जलाया जाता हैं। नगर के अलावा दूर-दराज के लोग भी देवी दर्शन कर अपने व परिजनों के लिए मंगलकामना करते नजर आए। नवागढ़ के मंदिरों में देर-रात तक मां के जयकारे गूंजते रहे। नवरात्र पर्व के पहले दिन सुबह से मंदिरों के पट के लिए खोल दिए गए थे। माता के दर्शन करने श्रद्धालुओं की कतार पिछले वर्षों की अपेक्षा काफी कम थी। वही पहले दिन से महिलाओं ने उपवास रखकर अपने सुहाग व परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।अब वे 9 दिनों तक माता की भक्ति में लीन रहेंगे। इस वर्ष महामाया मंदिर में भक्तों द्वारा मनोकामना ज्योत जलाए गए हैं।वही मुरता रोड स्थित मां शक्ति मन्दिर में ज्योत सहित माँ शारदा मन्दिर,लखनी देवी, गायत्री मन्दिर,भैरव बाबा, लक्ष्मीनारायण मन्दिर आदि में ज्योत जलाए गए।





### बस स्टैंड में सजा माँ दुर्गा का पंडाल, नही होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

इसके साथ ही नगर के बस स्टैंड में सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति द्वारा भव्य सुनहरा पंडाल सजाकर माता की मूर्ति की स्थापना की गई है, जिसके संरक्षक विधायक गुरुदयाल बंजारे एवं अध्यक्ष शक्ति धर दीवान है। वही यजमान के रूप में वीरेन्द्र जायसवाल ने सहपि क पूजन किया। ज्ञात हो कि नवागढ़ का नवरात्र एवं दशहरा महोत्सव पूरे छत्तीसगढ़ में चर्तित है, यहाँ प्रतिवर्ष शाम में स्कूली बच्चों द्वारा संस्कृतिक कार्य म तथा छत्तीसगढ़ी फिल्मी कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देते आ रहे है, लेकिन कोरोना के चलते इस वर्ष लोगो को इस अद्भुत नजारे से वंचित होना पड़ेगा। इसके अतिरिक्त नवागढ़ में ठाकुर देव महामाया पारा, देवांगन पारा,सुकुल पारा आदि स्थानों में पंडाल सजाकर माँ दुर्गा की मूर्ति की स्थापना की गई।

# मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना की पहली मेडिकल यूनिट पहुंची निगम

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्र में महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की पहल पर मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना की शुरूआत शीघ्र ही किया जाना है, योजना के तहत आधुनिक मेडिकल मोबाइल यूनिट का एक वाहन आज निगम परिसर में पहुंचा। जिसका निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने निरीक्षण किया! वाहन एजेंसी के संचालक ने वाहन में बुखार, बीपी, शुगर की जांच, चोट लगने पर मरहम पट्टी लगाने, दवाईयां मिलने वाली सभी प्रकार के सुविधाओं से अवगत कराया। निगम क्षेत्र के नागरिकों को उनकी बस्ती, मोहल्ला, पारा में ही चिकित्सा की उन्नत सेवा मेडिकल मोबाइल यूनिट के माध्यम से मिलेगी। मेडिकल मोबाइल यूनिट के बाहर लगे हुए स्क्रीन के माध्यम से जागरूकता के लिए विडियों प्रदर्शित की जाएगी! मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत आम नागरिकों को उनके मोहल्ले में ही जाकर मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से इलाज किया जाएगा। निगम आयुक्त रघुवंशी ने मेडिकल वाहन में फार्मेसी, दवाई एवं जांच करने सहित तमाम सुविधाओं का जायजा लिया।

मेडिकल मोबाइल यूनिट में स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए होंगी तमाम सुविधाएं मेडिकल मोबाइल यूनिट बस में डॉक्टर, नर्स, लैब टेक्निशियन व फार्मासिस्ट उपलब्ध होंगे जो शिविर को संचालित करेंगे। सभी के लिए अलग से केबिन बनाया गया है। मेडिकल यूनिट प्रतिदिन अलग-अलग क्षेत्रों में शिविर लगाएगी जहां प्राथमिक उपचार किए जाएंगे। इसमें सर्दी, खांसी, बुखार, टीबी, टाईफायड, डेंगू, मलेरिया जैसी वायरल बीमारियों की पैथोलॉजी में जांच कर निःशुल्क दवाई दिए जाएंगे साथ ही बीपी एवं शुगर की जांच की सुविधा भी होगी।

## क्विक न्यूज

### जादू टोना के शक में भतीजा ने चाचा को कुल्हाड़ी मारा, मौत



**रायगढ़।** लैलूंगा विकासखंड के हाड़ीपानी किलकिला में जादू टोना के संदेह पर भतीजा ने अपने सगे चाचा को कुल्हाड़ी मार कर हत्या कर दिया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि आरोपी बचन यादव के पुत्र का तबियत अक्सर खराब रहता था। वहीं कुछ दिन पूर्व आरोपी का पुत्र की मृत्यु हो गया था। इससे आरोपी जादू टोना का सख अपने सगा चाचा बीरबल यादव उम्र 57 वर्ष पर करता था। बीते रात में आरोपी ने अपने चाचा को पति पत्नी में झगड़ा हुआ है कहकर सलहा मसुहरा करने के लिए घर बुलाया और रात 11 बजे कुल्हाड़ी गले मे वार कर हत्या कर दिया। मृतक के पुत्र के रिपोर्ट पर तत्काल मौके लिए पुलिस टीम रवाना हो गई और मौके से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और आगे की कार्यवाही की जा रही है।

### नाबालिग को शादी का झांसा देकर ले भागा युवक

**अकलतरा।** प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 28.अक्टूबर18 को शाम करीब 06.00 बजे उसकी नाबालिग 16 वर्षीय लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति भगाकर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना अकलतरा में अपराध क्रमांक 314/18 धारा 363 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया था विवेचना हेतु पुलिस अधीक्षक जांजगीर चाम्पा पारुल माथुर (भा पु से) एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह (रा पु से) एवं अनुविभागीय अधिकारी(पुलिस) जांजगीर जितेन्द्र चंद्राकर के द्वारा महिला संबंधित अपराध की गंभीरता से जांच कर नाबालिग बालिका को अविलंब बरामद कर आरोपी को गिफ्तार करने दिशा निर्देश दिया गया था जिसके परिपालन में लगातार पतासाजी किया जा रहा था दौरान विवेचना नाबालिग बालिका को 12.अक्टूबर को बरामद किया गया।

# प्रशासन के निर्देशों का पालन दुर्गा पंडालों में नजर नहीं आ रहा

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले में नवरात्र पर्व को लेकर सुबह से ही मंदिरों में भक्तों का अना जाना प्रारंभ हो गया, किंतु इस बार बीते वर्ष की तुलना में भक्तों का इक्का दुक्का ही आना जाना रहा, जहां पूरा देश प्रदेश में कोरोना जैसे भयंकर संक्रमण के दौर से गुजर रहा है। जिसके चलते कई तीज त्यौहारों भेंट चढ़ चुके है, वही नवरात्र पर्व पर भी इसकी छाया साफ नजर आ रही है, ऐसे में जिला कलेक्टर ने नियम बनाकर दुर्गा उत्सव समितियों एवं मंदिरों को अनुमति तो प्रदान की है, किंतु प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन दुर्गापंडालों में नजर नहीं आ रहा है।

गौरतलब हो कि आज से नवरात्र की शुरूआत हो रही है, इस बार किसी भी प्रकार का तोड भांज नहीं होने के कारण नवरात्र पुरे 9 दिनों का होगा, षुभ मुर्हुत में मंदिरों में माई ज्योति कलश की स्थापना की गई । बीते चैत्र नवरात्र में जहां प्रषासन द्वारा सिर्फमाई ज्योति कलष की अनुमति दी गई थी, किंतु विडंबना यह है कि इस बार श्रद्धालु ज्योति कलश तो जलवा सकते है कितुं कलष के दर्षन की अनुमनी नही मिलने से श्रद्धालु निराश है जिसके चलते बहुत से श्रद्धालु ज्योति कलष नही जलवा रहे है, जिसके कारण ज्योति कलष की संख्या में कमी आने की संभावना बनी हुई है।

**प्रशासन द्वारा जारी आदेश** – प्रशासन ने नवरात्र को लेकर आदेष जारी किया है जिसमें मूर्ति की साईज , पंडाल की जगह सहित अन्य निर्देष भी है , जैसे मूर्ति की ऊंचाई एवं चौड़ाई 6 गुना 5 फीट से अधिक नही होनी चाहिए। मूर्ति स्थापना वाले पंडाल का आकार 15 गुना 15 फीट से अधिक न हो। पंडाल के सामने कम से कम 3000 वर्ग फीट की खुली जगह हो जिसमे कोई भी सड़क अथवा गली का हिस्सा प्रभावित न हो । एक पंडाल से दूसरे पंडाल की दूरी 250 मीटर से कम न हो। मंडप अथवा पंडाल के सामने दर्शकों के बैठने हेतु पृथक से पंडाल न हो।

दर्शकों एवं आयोजकों के बैठने हेतु कुर्सी नहीं लगाए जाएं। किसी भी एक समय में मंडप एवं सामने मिलाकर व्यक्तियों की संख्या 20 से अधिक न हो। मूर्ति स्थापित करने वाले व्यक्ति अथवा समिति एक रजिस्टर संधारित करेंगे जिसमें दर्शन हेतु आने वाले सभी व्यक्तियों का नाम, पता, मोबाइल नंबर दर्ज किया जाएगा ताकि उनमें से किसी भी व्यक्ति को कोरोना संक्रमित होने पर कांटेक्ट ट्रेसिंग किया जा सके। मूर्ति स्थापित करने वाले व्यक्ति अथवा समिति 4 सीसीटीवी लगाएगा ताकि उनमें से कोई भी व्यक्ति कोरोना संक्रमित होने पर कांटेक्ट ट्रेसिंग किया जा सके । मूर्ति दर्शन अथवा पूजा में शामिल होने वाला कोई भी व्यक्ति बिना मास्क के नहीं जाएगा । ऐसा पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति एवं समिति के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। मूर्ति स्थापित करने वाले व्यक्ति अथवा समिति द्वारा सैनिटाइजर, थर्मल स्कैनिंग, ऑक्सीमीटर, हैंडवाश एवं क्यू मैनेजमेंट सिस्टम की व्यवस्था की जाएगी।

थर्मल स्क्रीनिंग में बुखार पाए जाने वाले अथवा कोरोना से संबंधित कोई भी सामान्य या विशेष लक्षण पाए जाने पर पंडाल में प्रवेश नहीं देने की जिम्मेदारी समिति की होगी। व्यक्ति अथवा समिति द्वारा फिजिकल डिस्टेंसिंग आवागमन एवं प्रस्थान की पृथक से व्यवस्था बांस बल्ली से बैरिकेटिंग कराकर कराया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति जो मूर्ति स्थापना स्थल पर जाने के कारण संक्रमित हो जाता है तो इलाज का संपूर्ण खर्च मूर्ति स्थापना करने वाला व्यक्ति अथवा समिति द्वारा किया जाएगा।

## जांजगीर में नकली नोट खपाने वाला आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर
www.dailypioneer.com

मामले का विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 29.11.19 को दोपहर में नैला फाटक के पास अन्नपूर्णा किराना दुकान में दो युवक राजश्री खरीदने के बहाने से 50 रुपये के नकली नॉट से दुकान में राजश्री खरीद रहे थे।

दुकान संचालक को संदेह होने पर फाटक के पास ड्यूटी कर रहे यातायात आरक्षक को बताया जिस पर आरोपी विष्णु दास वैष्णव पिता तुलसी दास उम्र 25 वर्ष साकिन करमंदा थाना बलौदा को पकड़ा गया जिसके कब्जे से 50-50 रुपये के कुल 63 नग एवं 500 के 4 नग नोट एवं नोट छापने का प्रिंटर एवं अन्य सामान को जब्त कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया था।

उसका साथी विमल दास वैष्णव मौका पाकर फरार हो गया था।मुखबिर से सूचना मिली कि मामले का फरार दूसरा आरोपी विमल दास पिता श्याम दास वैष्णव निवासी करमंदा का बहुत दिनों बाद अपने घर आया हुआ है।मुखबिर सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।पुलिस अधीक्षक पारुल माथुर(भापुसे) के निर्देशन में ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जांजगीर जितेंद्र चंद्राकर के मार्गदर्शन में फरार आरोपी विमल दास पिता श्याम दास वैष्णव उम्र 28 वर्ष साकिन करमंदा थाना बलौदा को रेडकर गिरफ्तार किए,आरोपी से पूछताछ करने पर अपना जुर्म कबूल कर लिया और बताया कि आरोपी विष्णु दास के साथ मिलकर नकली नोट छपाई करते थे और वह नकली नोट खपाने के लिए भी साथ जाता था घटना दिनांक को भी वह नैला फाटक के पास विष्णु दास के साथ नकली नोट खपाने गया था, लेकिन मौका देखकर फरार हो गया था और पकड़े जाने के डर से लगातार ठिकाने बदल रहा था, कि 16.अक्टूबर को वह पकड़ा गया। आरोपी को तहत गिरफ्तार किया गया।आरोपी को न्यायालय पेश किया गया है, जहाँ से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी नैला उपनिरीक्षक ओमप्रकाश कुर्रे एवं चौकी स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## छापामार कार्रवाई, नकली सिलाई मशीन व एलईडी टीवी जब्त

पायनियर संवाददाता ➤ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



पुलिस ने कबीर इन्टरप्राईजेस में छापा मार कर नकली सिलाई मशीन व एलईडी टीवी जब्त किया । कम्पनी के फील्ड अधिकारी ने शिवरीनारायण थाना में किया था शिकायत । पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार 15 अक्टूबर को स्पीड सर्च एंड सिक्युरिटि नेटवर्क चंडीगढ़ के फील्ड अधिकारी अजय देवालिया पिता संतोष देवालिया ने शिवरीनारायण थाना में शिकायत किया था कि कबीर इन्टरप्राईजेस शिवरीनारायण में उषा कम्पनी की नकली बनावटी सामान बेचा जा रहा है जिससे हमारी कंपनी को आर्थिक नुकसान हो रहा है । फील्ड अधिकारी के इस शिकायत को शिवरीनारायण पुलिस ने गम्भीरता से लिया और पुलिस अधीक्षक पारूल माथूर, के मार्गदर्शन में कंपनी के जांच टीम के साथ कबीर इन्टरप्राईजेस में जा कर दुकान की तलाशी लिया जिसमें पुलिस को दुकान से उषा कम्पनी की 3 नग नकली सिलाई मशीन एवं 3 नग नकली एलईडी टीवी मिला। आरोपी के पास से उक्त सामानों का कोई कागजात नही मिलने पर आरोपी दिगम्बर साहू पिता फूलसाय साहू सा. शिवरीनारायण के विरूध्द अप.क. 334/ 20 धारा 420 भादवि एवं 63 ,65 कॉपीराईट अधिनियम 1957 के तहत पंजीबध्द कर उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया है।

## बाइक चोर गिरोह के दो आरोपी पूंजीपथरा पुलिस की गिरफ्त में

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पूंजीपथरा क्षेत्र में पिछले दिनों हुई तीन बाईक चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक मनीष नागर द्वारा सम्पत्ति संबंधी अपराधों में नियंत्रण के लिए थानाक्षेत्र में पुलिस की पेट्रालिंग व गस्त बढ़ा दिया गया। जिससे क्षेत्र में कबाड़ के अवैध परिवहन एवं चोरी की वारदातों में अंकुश लगा है। टीआई मनीष नागर क्षेत्र में अपने मुखबिरों को सक्रिय कर ऐसे आदतन आरोपियों की हर गतिविधियों पर निगाह रखने निर्देशित किया गया है कि गत दिनों मोटर सायकल चोरी के मामले में जमानत पर रिहा हुए बाइक चोर गिरोह के दो सदस्य राजेश खड़िया एवं दारासिंह सिक्ख की गतिविधियां पुनः संदिग्ध होने तथा रात में पूंजीपथरा क्षेत्र में घूमते देखे जाने पर पूंजीपथरा पुलिस द्वारा दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया।

आरोपी राजेश खड़िया ने पूंजीपथरा क्षेत्र जिंदल फेब्रिकेशन के पास से मोटर सायकल सीजी 13यूए 3849 तथा ओ.पी. जिंदल पार्क के सामने पूंजीपथरा से मोटर सायकल डिलक्स सीजी 13-यूजी 0750 एवं अपने साथी दारासिंह के साथ मिलकर नवदुर्गा सराईपाली से मोटर सायकल डिलक्स सीजी 13-यूई 9366 को चोरी करना स्वीकार किए हैं। थाना पूंजीपथरा में इन बाइक चोरी की रिपोर्ट पर धारा 379 दर्ज है।

## कलेक्टर की पहल पर दिव्यांग महिला को मिली नई मोटराईज्ड ट्रायसायकिल



पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

कलेक्टर से रायगढ़ के तुर्कापारा निवासी दिव्यांग रूकमणी देवी अग्रवाल अपनी समस्या के चलते मिलने पहुंची। मुलाकात के दौरान कलेक्टर ने उन्हें विभागीय योजनाओं के तहत किसी प्रकार की सहायता मिलने के संबंध में जानकारी ली। रूकमणी अग्रवाल ने बताया कि वह 80 प्रतिशत अस्थि बाधित है और पूर्व में उन्हें मोटराइज्ड ट्रायसायकिल दी गई थी जो अब पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। कलेक्टर ने इस पर समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को बुलाकर उन्हें तत्काल नई मोटराईज्ड ट्रायसायकिल देने के निर्देश दिये। जिसके पश्चात विभाग ने तुरंत महिला को ट्रायसायकिल उपलब्ध करवाया। अपर कलेक्टर आरए कुरूवंशी ने दिव्यांग महिला को बैटरी चलित ट्रायसायकिल सौंपी। महिला ने कलेक्टर भीम सिंह का इस सहयोग के लिये आभार जताते हुए साधुवाद दिया।

## आनलॉइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पोर्टल प्रारंभ करने तिथि निर्धारित

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले में संचालित समस्त शासकीय, अर्धशासकीय महाविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, आईटीआई, पॉलिटेक्निक आदि के संस्था प्रमुख छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत् अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का पात्रता रखते है। उन्हें शिक्षा सत्र 2020-21 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन प्रस्ताव स्वीकृति वितरण की कार्यवाही ीजजचरूध्ध्उचेबण्उचण्दपबण्पदध्ब हचउे वेबसाईट पर ऑनलाईन की जा रही है। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों के पंजीयन एवं संस्थाओं को प्रस्ताव स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा वर्ष 2020-21 के लिए तिथि निर्धारित किया गया है। विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन हेतु (नवीन एवं नवीनीकरण) 15 अक्टूबर से 30 नवम्बर 2020, ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 15 अक्टूबर से 10 दिसम्बर 2020, सैंक्शन ऑडर लॉक करने हेतु 15 अक्टूबर से 20 दिसम्बर 2020 तथा संस्थाओं द्वारा केवाईसी जमा करने हेतु 10 जनवरी 2021 है। निर्धारित तिथियों के पश्चात् शिक्षा सत्र 2020-21 के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन स्वीकृत नहीं किये जाएंगे।

एवं डॉफ्ट प्रपोजल लॉक अथवा सैंक्शन ऑडर लॉक करने का अवसर भी प्रदान नही किया जाएगा। निर्धारित तिथि पर कार्यवाही पूर्ण नही करने पर यदि संबंधित विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रहता है तो इसके लिए संस्था प्रमुख जिम्मेदार होंगे। साथ ही आधार नंबर को बैंक एंकाउट में जोडना अनिवार्य है।

## तीन दिन की मोहलत के बाद भी नहीं हटाया कब्जा, तो निगम ने हटाया

- आयुक्त व पुलिस की मौजूदगी में सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाया गया

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



एसडीएम नगर निगम आयुक्त एवं समस्त अधिकारियों ने चक्रधरनगर बोइरदादर में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर करीब आधा दर्जन दुकान बनाने वाले कब्जा धारी को स्वयं अपना कब्जा हटाने के लिए तीन दिन की मोहलत दी थी। पर जब 3 दिन बीत जाने के बावजूद अतिक्रमण कारी ने स्वयं अपना कब्जा नहीं हटाया, तो आज सुबह पुनः नगर निगम आयुक्त व चक्रधरनगर टीआई निगम के तोड़ू दस्ता के साथ बोइरदादर पहुंचे और अवैध कब्जा कर करीब आधा दर्जन दुकानों पर बुलडोजर चलाकर धराशाई किया गया।

कलेक्टर भीम सिंह ने रायगढ़ को स्मार्ट सिटी बनाने और शहर के मुख्य मार्गों से अवैध कब्जा हटाने के निर्देश निगमायुक्त को दिए थे, यह कार्यवाही उसी से जोड़कर देखी जा रही है। वहां के स्थानीय लोगों और महिलाओं द्वारा काफी विरोध किया गया, पर जिला प्रशासन के सामने उनकी एक न चली और अंततः जिला प्रशासन ने अवैध कब्जा को धराशाई किया। इसी विषय निगम आयुक्त आशुतोष पांडे ने बताया कि 3 दिन पूर्व इन्हें स्वयं अपना कब्जा हटाने का लिखित आवेदन निगम द्वारा दिया गया था, पर जब इन्होंने अपना कब्जा नहीं हटाया तब निगम को आज यह कार्यवाही करनी पड़ी है। कलेक्टर के निर्देश पर शहर के सभी मुख्य मार्गों में जहां भी अतिक्रमण हुआ है उस जगह को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।

## शक्ति में अग्रवाल समाज ने मनाई अग्रसेन जयंती

- नवरात्रि प्रारंभ के प्रथम दिवस देवी मंदिरों में हुई पूजा अर्चना

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



शक्ति शहर में कोरोनाकाल के बीच एवं शहर में जिला प्रशासन के निर्देशानुसार शनिवार लॉकडाउन में के दौरान देवी मंदिरों में नवरात्रि का पर्व प्रारंभ हुआ, तथा इस अवसर पर शहर के महामाई दाई मंदिर, मां भीमेश्वरी देवी बेरी वाली मंदिर सहित शहर एवं अंचल के अन्य देवी मंदिरों में जहां बिना भक्तों के ही मंदिरों के पुजारियों एवं मंदिर प्रबंधन द्वारा पूजा अर्चना कर मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए तो वही शक्ति शहर के अग्रवाल समाज द्वारा भी अग्रसेन चौक में सुबह अग्रवाल सभा के मार्गदर्शन में मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा द्वारा भगवान अग्रसेन जी की पूजा अर्चना का कार्यक्रम रखा गया। तथा इस अवसर पर श्री रामचंद्र मारवाड़ी पंचायती मंदिर ट्रस्ट के पुजारी पंडित रिंकू शर्मा ने अग्रसेन जी की विधिवत पूजा अर्चना संपन्न कराई तथा मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल के नेतृत्व में युवा मंच की शाखा ने लोगों को इस दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने तथा सुरक्षा मास्क का वितरण किया तो वही विधिवत अग्रसेन जी की पूजा अर्चना की गई तथा शक्ति शहर के हटरी धर्मशाला में भी नवगठित जन सेवा समिति के अध्यक्ष अशोक खेतान के नेतृत्व में भगवान अग्रसेन जी की पूजा अर्चना का कार्यक्रम किया गया, अग्रसेन चौक शक्ति में आयोजित पूजा अर्चना में अग्रवाल सभा समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, नगर पालिका शक्ति के पूर्व अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल, विनोद जिंदल, मारवाड़ी युवा मंच शाखा के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष गोविंद राम कथुरिया, संजय रामचंद्र, कन्हैया गोयल,मुकेश अग्रवाल डीएम, राजकुमार अग्रवाल राजू, हरिओम अग्रवाल, आनंद अग्रवाल,योगेश अग्रवाल सहित काफी संख्या में सदस्यगण उपस्थित रहे।

## पेज 1 के शेष...

### छानबीन समिति एवं चुनाव ...

जाति को प्राप्त होता है। 4-लोकतंत्र में अगर किसी व्यक्ति के पास आरक्षित सीट पर चुनाव लड़ने के लिए जाति प्रमाण पत्र नहीं है या जिसके पास फर्जी जाति प्रमाण पत्र है वह आरक्षित सीट पर कैसे चुनाव लड़ सकता है पिता के जाति प्रमाण पत्र को निरस्त कर दिया गया था और हाईकोर्ट द्वारा उसमें स्टे भी नहीं दिया गया था इस आधार पर जनता कांग्रेस अध्यक्ष अमित जोगी के जाति प्रमाण पत्र को निरस्त किया गया एवं अमित जोगी और मरवाही उपचुनाव में दावेदारी कर रही ऋचा जोगी के जाति प्रमाण पत्र को भी छानबीन समिति ने निरस्त किया और उसी आधार पर उनका दावेदारी को चुनाव आयोग ने निरस्त किया गया। ऋचा जोगी के द्वारा 11 जमीन की खरीदी बिक्री में अपने जाति का उल्लेख नहीं किया गया है जबकि आदिवासी समाज द्वारा बेचे जाने वाले जमीन को आदिवासी ही खरीद और बेच सकता है। ऋचा जोगी अपने आप को गोड़ी जाति का बता रही थी जबकि मुंगेली जिले में गोड़ी जाति निवासरत नहीं है।

## करबला तालाब ऑक्सीजोन बदहाल देख बिफरीं महापौर

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com




नगर निगम महापौर शुक्रवार को पुनः शहर के बूढी माई मंदिर क्षेत्र ऑक्सीजोन एवं मरीन ड्राइव में चल रहे कार्यों का जायजा लेने पहुंची। साथ में निगम के एम आई सदस्य एल्डरमैन एवं कांग्रेस के पदाधिकारी मौजूद रहे। नवरात्र के आगमन को लेकर निगम की महापौर जानकी काट्जू शहर के प्रतिष्ठित एवं आस्था के केंद्र बूढ़ी माई मंदिर क्षेत्र का निरीक्षण किया जिसमें बीते दिनों करबला तालाब के सफाई के लिए भूमि पूजन कर कार्य आरम्भ किया गया था जिस का जायजा लेने पहुंची। तालाब से जलकुम्भी को निकाला जा रहा था साथ ही वार्ड वासियों के निवेदन पर निकले हुए कचरा को डंप करने के लिए रामपुर भेजवाया जा रहा है यह बताना लाजिमी होगा कि वार्ड के पार्षद एवं एमआईसी सदस्य लोक निर्माण विभाग के प्रभारी विकास ठेठवार के प्रयास से कर्बला तालाब सफाई के लिए स्वीकृति मिली जिस पर महापौर का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ। तत्पश्चात जूट मिल छठ घाट ऑक्सीजोन में निरीक्षण करने पर पता चला कि अव्यवस्था का अम्बार दिखा। जिसे देख महापौर एवं उपस्थित जन प्रतिनिधि ने निगम के ईई को संपर्क कर हाल बताया। जिसे आनन-फानन में कर्मचारी भेजकर व्यवस्था देखा गया। वहां लगे हुए सैकड़ों पौधों को गाय चर रहे थे चिंताजनक स्थिति से महापौर ने आयुक्त को भी अवगत कराने बात कही। वहीं बेलादुला मरीन ड्राइव में रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक महापौर जानकी काट्जू एवं सभापति जयंत ठेठवार के कर कमलों से उद्घाटित नाली का निर्माण कार्य देखकर प्रसन्न हुई। वहां का निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता एवं समय पर निष्पादित हो रहा था। निरीक्षण दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष शाखा यादव एल्डरमेन विजय टंडन अमृत काटजू एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

Email Id : birgaonmcp@gamil.com http://www.nagarnigambirgaon.com

क्रं./235/न.पा.नि./लो.नि.शाखा/2020 बीरगांव, दिनांक 15.10.2020

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

**e-Procurement Tender Notice (1st Call)**

**(System Tender 68458)**

नगर पालिक निगम बीरगांव द्वारा 14वें वित्त आयोग अन्तर्गत स्वीकृत बेन्द्री नाला डायवर्सन कार्य के लिए System **Tender No 68458** अनुसार लोक निर्माण विभाग में **(Unified Schedule of Rates (PWD Road/Building and Bridge 01.01.2015 & WRD SOR 2010 with all amendments up to date)** से प्रचलित एस.ओ.आर. में प्रतिशत दर पर ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक सक्षम पात्र निविदाकार, निविदा प्रपत्र, अनुमानित लागत राशि, नियम एवं शर्तें, धरोहर राशि, Key Date एवं विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में निकाय कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम बीरगांव की वेबसाईट **www.nagarnigambirgaon.com** व संचालनालय की वेबसाईट **www.uad.cg.gov.in** में भी उपलब्ध है। इसे **https://eproc.cgstate.gov.in** से डाउनलोड / प्राप्त कर ईटेण्डरिंग के माध्यम से निविदा भरने की कार्यवाही कर सकते हैं।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

# 3 करोड़ के विकास कार्यों को मिली स्वीकृति

## पालिका के सामान्य सभा की बैठक में प्रस्ताव पास

पायनियर संवाददाता ◂ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

नगर के गौरवपथ में जल्द ही 33 नई दुकाने बनेगी। इसके लिए पालिका के सामान्य सभा में एक करोड़ 25 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा नगर में विभिन्न विकास कार्यो के लिए दो करोड़ पांच लाख के विभिन्न निर्माण कार्यो का सामान्य सभा की बैठक में परिषद ने अनुमोदन किया। नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने जानकारी देते हुए बताया कि सामान्य सभा में बैठक में नगर के विकास को लेकर विभिन्न मुददो पर चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से 3 करोड़ से अधिक राशि के विकास कार्यो का अनुमोदन किया गया है। इसमें नगर के वार्ड क्रमांक 03 में गौरवपथ के समनांतर 33 नई दुकान बनाए जाने को लेकर भी प्रस्ताव पारित कर स्वीकृति दी गई हैं। उन्होने बताया कि नई दुकान बनने से नगरवासियों को रोजगार हेतु दुकाने उपलब्ध होगी। इससे रोजगार भी बढ़ेगा और गरीब तपके के लोगो को रोजगार के लिए उचित जगह भी उपलब्ध होगी। नपा अध्यक्ष ने कहा कि नई दुकाने बनने से गौरवपथ में भी रौनक आएगी।



इसके अलावा सामान्य सभा की बैठक में 15 वे वित्त आयोग अन्तर्गत विभिन्न विकास कार्यों हेतु 50 लाख, नगर पालिका परिषद गरियाबंद कार्यालय भवन के प्रथम तल में ब्याज मद से अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य हेतु 18 लाख, शासन के स्वीकृति अनुसार गौठान निर्माण कार्य हेतु 18 लाख, 108 पुलिस आवास गृह में जलप्रदाय हेतु पाईप लाईन विस्तार कार्य हेतु 17.50 लाख, वार्ड क 03 संतोषी मंदिर के पीछे सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु 15 लाख, वार्ड कमांक 03 आंगनबाडी केन्द्र का डिस्मेंटल कर नवीन आंगनबाडी भवन निर्माण हेतु 5 लाख, वार्ड क्रमांक 09 स्थित शुक्रवारी बाजार में क्रांकटीकरण एवं पेवर ब्लाक कार्य हेतु 15 लाख, वार्ड क्रमाक 09 स्थित महेन्द्रा होटल के पीछे से चंडी चौक तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य के लिए 11 लाख, वार्ड कमाक 02 में आंगनबाड़ी से नीतू देवदास के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य हेतु 8 लाख, वार्ड कमाक 09 स्थित बस स्टैण्ड में बीटी (डामरीकरण कार्य) रोड निर्माण कार्य हेतु 35 लाख, वार्ड कमांक 15 में मुख्य मार्ग से साहेब खान घर तक पेवर ब्लाक लगाए जाने 15 लाख, वार्ड कमांक 15 में शीतला मंदिर परिसर का समुचित विकास कार्य हेतु 18 लाख, वार्ड क्रमांक 10 में जावेद मेमन के घर से ठाकुर दिया तक पेवर ब्लॉक लगाए जाने हेतु 5 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई।

इसके अलावा कपोस्टिंग शेड परिसर स्थित तालाब को स्वसहायता समुह को मछली पालन हेतु देने तथा स्वसहायता समुह द्वारा कपोस्टिग शेड परिसर में उद्यान एवं नर्सरी तैयार करने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया।

इस अवसर पर बैठक में नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके, सभापति आसिफ मेमन, वंश गोपाल सिन्हा, गुलेश्वरी ठाकुर, नीतू देवदास, पार्षद रिखीराम यादव, विष्णु मरकाम, रितिक सिन्हा, संदीप सरकार, विमला साहू, प्रतिभा पटेल, ज्योति साहनी, पदमा यादव, देवा मरकाम, सांसद प्रतिनिधि प्रहलाद सिंह ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि ममता राठौर सहित नगर पालिका अधिकारी संध्या वर्मा, इंजी अश्वनी वर्मा, हरीश मांझी सहित पालिका के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# इरशाद हत्या कांड को लेकर सर्व समाज ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

## प्रदेश में लगातार हो रहे अनाचार पर शासन प्रशासन नहीं उठा रही ठोस कदम: सर्व समाज

पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

सर्व समाज की जिला इकाई के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को बड़ी संख्या में राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम तीन अलग-अलग मामलो को लेकर ज्ञापन सौपा है। बंगाराम सोरी व अन्य समाज प्रमुखों के नेतृत्व में शुक्रवार 16 अक्टूबर को अलग अलग मामलो को लेकर सर्व समाज राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपने कलेक्ट्रेट पहुंचा था।

### हत्या से सुरक्षा की पोल खुली प्रशासन की

सर्व समाज ने ज्ञापन सौपते कहा कि राजधनी रायपुर में बस्तर के एक युवा कारोबारी की हत्या कई प्रश्नों को जन्म दे रहा है। बंगा राम ने कहा कि बस्तर के लोगो में राजधानी के सफर को लेकर अब भय नजर आ रहा है, शासन को विशेष अभियान चलाना प?ेगा कि यहाँ के लोग खुद को भय मुक्त महसूस कर सकें।वहीं हत्या की उच्चस्तरीय जांच व मृतक इरशाद (चाउस) के परिजनों को आर्थिक सहायता सहित बच्चो के शिक्षा के प्रबंधन के लिए आग्रह किया गया है।



अलावा ग्राम बंजोडा की युवती के आत्महत्या के मामले की न्यायिक जांच करवाने व उसकी पोस्ट मार्टम रिपोर्ट का खुलासा किये जाने को लेकर व छोटे ओडागाव में अनाचार व युवती के आत्महत्या मामले में निष्पक्ष जांच कराते दोषियों को कठोर दंड व परिजनों को मुवावजे की मांग के अलावा एक शासकीय कर्मचारी की शिकायत को लेकर भी ज्ञापन सौंपा गया है। सर्व समाज जिला कोंडागाँव के द्वारा विभिन्न मुद्दों को लेकर कलेक्टर कोंडागाँव को ज्ञापन सौंपा गया, इस कार्यक्रम में सर्व समाज पदाधिकारी शामिल हुए सर्व आदिवासी समाज जिला अध्यक्ष बंगाराम सोरी, सर्व अनुसूचित जाति जिलाध्यक्ष धंसराज टंडन, सर्व पिछड़ा वर्ग जिला संरक्षक नीलकंठ शार्दूल, सीआर कोराम सर्व आदिवासी समाज संरक्षक, इरशाद खान मुस्लिम समाज लखमु राम टंडन सतनामी समाज, जीवन लाल नाग आदिवासी समाज, भारत जैन कलार समाज, यतींद्र सलाम युवा प्रभाग, सुरेंद्र मिश्रा ब्राहमण समाज, गुरूचरण मारकन्डेय सतनामी समाज, तरूण नाग उत्कल समाज, बसंत साहू साहू समाज, पीडी विश्कर्मा विश्वकर्मा समाज, भरत लाल वर्मा कुर्मी समाज, गणेश मरावी आदिवासी समाज, शंकरलाल नेताम सामाजिक कार्यकर्ता, फतेह सिंह जुर्री संगठन मंत्री सर्व आदिवासी समाज, बाल सिंह बघेल जिला पंचायत सदस्य, जितेन्द्र सुराना, रंजीत गोटा आदिवासी युवा प्रभाग, शिवा नेताम जिला उपाध्यक्ष आदिवासी समाज, बुधराम नेताम सामाजिक कार्यकर्ता, राजेंद्र बघेल शिल्प कलाकार, शिशिर प्रकाश पटेल पटेल समाज, बाल सिंह बघेल जिला पंचायत सदस्य, व अन्य कार्यक्रम में शामिल रहे।

# नवरात्रि, दीपावली उत्सव के लिए शांति समिति की हुई बैठक

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शुक्रवार को थाना पूंजीपथरा में दशहरा नवरात्रि एवं दीवाली के संबंध में थाना क्षेत्र में दुर्गा एवम् दशहरा उत्सव समिति तथा आसपास के जनप्रतिनिधियो,के साथ शांति समिति की बैठक आहूत की गई।



बैठक में थाना क्षेत्र लोगों की उपस्थिति में निरीक्षक मनीष नागर एवं थाना के अन्य अधिकारी कर्मचारी की उपस्थिति में नवरात्रि एवं दशहरा एवं दीवाली पर्व पर शांतिपूर्ण सहद्र पूर्ण मनाने का निर्णय लिया गया। जिसमें किसी भी प्रकार की वाद विवाद की स्थिति उत्पन्न ना हो कोई भी अप्रिय घटना घटित होने पर तत्काल थाना को सूचित करने के लिए समझाइश दी गई तथा उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों से राय लिया गया। त्यौहार को शांतिपूर्ण मनाने के लिए सहमत हुए तथा कोविड-19 संक्रमण महामारी बीमारी को ध्यान में रखते हुए नवरात्र में दशहरा पर्व मनाने हेतु उ%च अधिकारियों के निर्देश का पालन करने के लिए समझाइश दिया गया। प्रशासन द्वारा जारी गाइड लाइन का विशेष ध्यान रखते हुए मूर्ति की उचाई पंडाल का साइज सोशल डिंटेंस का पालन एवं सुरक्षा नियमों का पालन आदि कराया जाना सुनिश्चित कराया जाए।

# खाद एवं धान में आई कमी, शासन को हुआ लाखों का नुकसान

## खुले बाजार में ब्लैक में बेची खाद, किसान खाद के लिए तरसे

पायनियर संवाददाता ◂ सरायपाली
www.dailypioneer.com

भंवरपुर जिला सहकारी बैंक अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति उड़ेला में धान खरीदी एवं खाद वितरण में प्रभारी व्यवस्थापक द्वारा लाखों का घोटाला किया गया है, लेकिन घोटालेबाज को बचाने के लिए पर्यवेक्षक, बैंक प्रबंधक एवं समिति के लोग एड़ी चोटी एक कर रहे हैं. सहायक समिति प्रबंधक (पूर्व व्यवस्थापक) को जिम्मेदार बताते हुए बिना हस्ताक्षर किए बैंक प्रबंधक द्वारा नोटिस भेजकर जवाब मांगा गया है, जबकि 2019-20 में किए गए धान खरीदी से लेकर खाद वितरण तक की जिम्मेदारी समिति प्रभारी बसंत लाल नाग ने संभाली थी। जानकारी अनुसार उड़ेला सहकारी समिति में धान खरीदी के पहले पूर्व व्यवस्थापक शिवलाल नायक द्वारा इस्तीफा देकर 19 सितंबर 2019 को समिति का व्यवस्थापक बसंत लाल नाग को सौपा. 6 नवंबर 2019 को उन्हें समिति के धान खरीदी से लेकर खाद वितरण तक का पूर्ण चार्ज दिया गया. बसंत ने स्टाम्प में लिख कर भी उच्च अधिकारियों को दिया और समिति को आश्वासन किया कि धान खरीदी में किसी तरह की कमी- बेशी होगी तो उसकी संपूर्ण जवाबदारी उनकी स्वयं की होगी. अंत में



तीसरा कॉलम में उनके द्वारा शासन एवं समिति के नियमों एवं शर्तों के अधीन किसी भी तरह के अवैधानिक कार्य नहीं करने की बात कही गई है. लेकिन 1 दिसंबर 2019 से 20 फरवरी 2020 के मध्य किए गए धान खरीदी में 4729.94 क्विंटल ,जिसका शासन के समर्थन मूल्य बोनस सहित( एक करोड़ 18 लाख 24850 रुपए) शार्टेज पाया गया है. अब शार्टेज धान को भरने की बात आई तो वे समिति को दिये वादे से मुकरने लगे हैं और स्वयं द्वारा किए गए भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए पूर्व व्यवस्थापक को घसीटा जा रहा है।

बात यहीं समाप्त नहीं होती, इसके अलावा उनके द्वारा 10 अप्रैल 2020 से 23 सितंबर 2020 के मध्य किसानों के लिए आए 4100 बोरी डीएपी खाद में 3100 बोरी खाद का आवक रजिस्टर में एंट्री किया गया और 1000 बोरी खाद की अफरा-तफरी की गई. जबकि खाद गोदाम की चाबी समिति प्रभारी के पास रहती है और उनके बिना अनुमति के किसी भी किसान को एक बोरा खाद तक नहीं मिलता. लेकिन 1000 पैकेट खाद कहां गया, यह भी जांच का विषय है. इसमें भी अपने आप को बचाने के लिए समिति प्रभारी ने पर्यवेक्षक एवं बैंक प्रबंधक से सांठगांठ कर पूर्व समिति प्रभारी द्वारा 500 पैकेट डीएपी खाद की अफरा-तफरी किए जाने की शिकायत कर दी और बिना हस्ताक्षर के बैंक प्रबंधक द्वारा भी प्रभारी नाग को बचाने के लिए पूर्व समिति प्रबंधक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया. इस तरह उड़ेला सोसाइटी में हुए लाखों रुपए के घोटाला को छिपाने एवं समिति प्रभारी बसंतलाल नाग को बचाने का पुरजोर प्रयास किया जा रहा है.

विश्वस्त सूत्रों से यह भी जानकारी मिली है कि समिति प्रभारी बसंत लाल नाग उक्त समिति में पूर्व में चौकीदार के पद पर पदस्थ था, जिसे समिति द्वारा मोटी रकम लेकर समिति के पूर्व व्यवस्थापक को हटाकर उनके स्थान पर व्यवस्थापक का प्रभार दिया गया. किसी एक चौकीदार का एकाएक समिति का व्यवस्थापक बन जाना कहीं ना कहीं समिति के अलावा अधिकारियों का भी हाथ दिखाई देता है. वर्तमान में किए गए घोटाले को उसी नजरिये से देखा जा रहा है कि उनके द्वारा किए गए मोटी रकम वसूली के लिए अन्य व्यक्ति को फंसाने का प्रयास हो रहा है.

इस संबंध में पूर्व व्यवस्थापक शिवलाल नायक से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि विगत 2019- 20 में बसंत लाल नाग को धान खरीदी से लेकर खाद वितरण तक का प्रभार दिया गया है।

# वेंकटरामा पोल्ट्री फार्म के प्रदूषण से 10 गांव प्रभावित

पायनियर संवाददाता ◂ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

समीपस्थ ग्राम बिलाड़ी में- वेंकटरामा पोल्ट्री फार्म जो कि हमेशा से सुर्खियों में रहता है चाहे वह आदिवासी की जमीन हो या फिर महिलाओं का मुद्दा हो, प्रदूषण इस कदर हावी है कि आसपास के 10 गांव प्रभावित है। पोल्ट्री की गंदी बदबू से बिलाड़ी, केसदा, बिनेका ,ओतगन, खपरी, सिनोधा, खपरीकला रिंगनी के अलावा अन्य कई गांव इस पोल्ट्रीफार्म की गंदी बदबू और मखियो के कारण ग्रामीण जन प्रदूषण का दंश झेलने के लिए मजबूर हैं ।ग्रामीणों द्वारा बताया जाता है कि यह पोल्ट्री फार्म 150 एकड़ जमीन पर हैं सारे शैडो में मुर्गी पालन करते है उनसे निकलने वाले गंदे खाद को कही स्टोर करने का निर्धारित स्थान नही है इस वजह से यहां की पोल्ट्री की गंदी बदबु का दंश झेल रहे है उसके बाद भी प्रशासनिकअधिकारी ग्रामीणों की कोई सुनने वाला नही जहाँ प्रशासन ये दावे करता है कि प्रदूषण के सारे नियमों का पालन किया जाता हैं ।जबकि वेंकटरामा पोल्ट्री फार्म के



गंदे पानी की वजह से ग्राम खपरी कला के लगभग 25 से 30 एकड़ में लगी धान की फसल खराब होगई है।

ग्रामीण किसानो ने सरपंच के साथ पोल्ट्री प्रबंधन से मुवावजे के लिए चर्चा किया परन्तु उन्हें कोई जवाब नहीं मिला तब किसान नेता एवं जिला पंचायत सभापति राजू शर्मा ने किसानो के परेशानियों को देखते हुए पोल्ट्री प्रबंधन से मुवावजे नहीं दिए जाने पर मुख्यमंत्री। कृषि मंत्री से शिकायत कर किसानो को मुवावजा दिलाने की बात कही हैं। गौरवपथ में बनेगी 33 नई दुकाने लोगों को मिलेगा रोजगार।

# पटवारी महिला से मारपीट ग्रामीण के नाम पर एफआईआर दर्ज

**अकलतरा।** नवागढ़ क्षेत्र के मड़पार गांव में महिला पटवारी से मारपीट, गाली-गलौज के मामले में पुलिस ने आरोपी ग्रामीण के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है. आरोपी का नाम राजेश रात्रे है, जो बरभाठा गांव का रहने वाला है. महिला पटवारी की रिपोर्ट पर एफआईआर के बाद पुलिस तफ्तीश कर रही है. नवागढ़ थाने के टीआई विवेक पांडेय ने बताया कि बरभाठा-मुड़पार गांव की पटवारी अंजू राय, बुधवार को मुढ़पार में कार्य कर रही थी. तभी बरभाठा गांव का राजेश रात्रे पहुंचा और महिला पटवारी से खसरा चेंज करने की बात कहते दबाव बनाने लगा. महिला पटवारी ने नियमानुसार कार्य होने की बात कही तो ग्रामीण राजेश रात्रे तैश में आ गया और विवाद किया. इसके बाद गाली-गलौज करते बाल पकड़कर महिला पटवारी से मारपीट की. मौके पर कुछ अन्य लोग भी मौजूद थे. पामगढ़ क्षेत्र के भैसों गांव की रहने वाली महिला पटवारी अंजू राय की रिपोर्ट पर आरोपी राजेश रात्रे के खिलाफ आईपीसी की धारा 294, 323, 332, 353 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।



# महिला रोजगार सहायक से अभद्रता दो पर एफआइआर

**रायगढ़।** महिला रोजगार सहायक से अक्सर अभद्रता कर गांव के दबंग सरकारी कार्य में बाधा डाल रहे थे। तालाब खुदाई में मजदूरों को कार्य न करने देने तथा आए दिन गाली गलौज किए जाने से परेशान रोजगार सहायक ने पुसौर पुलिस से शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने, धमकी देने की धाराओं में अपराध दर्ज कर रिमांड पर जेल भेजा है। पुसौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए ग्राम पंचायत लोहर सिंह की महिला रोजगार सहायक ने बताया कि वह अपनी देखरेख में गांव के शासकीय कार्यों को कराती है। समय से काम पूरा हो इसके लिए वह मौके पर रह कर मजदूरों की देखरेख करती है। गांव में नरवा डीपीआर तालाब का गहरीकरण कराया जा रहा है। तालाब खुदाई के दौरान पिछले कई दिनों से गांव के मनोहर नायक पिता मोहित राम नायक तथा गांधी नायक पिता जय करण नायक आकर अभद्रता और गाली गलौज करते रहते थे। विरोध करने पर उसके साथ भी अश्लीलता के साथ पेश आए और जान से मारने की धमकी दी। रोजगार सहायक का आरोप है कि गांव के दबंगों से परेशान होकर तालाब की खुदाई करने वाले कई मजदूर भी काम पर नहीं आ रहे हैं। उक्त लोगों की दंबगई से वह मानसिक रूप से परेशान हैं। थाना प्रभारी पुसौर ने बताया कि शिकायत पर मनोहर नायक व गांधी नायक के खिलाफ धारा 186, 294, 34, 509 के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

**गांव के दबंगों पर अभद्रता तथा सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप**

## 10 वर्षों से पीड़ित परिजनों को नहीं मिली अनुकंपा नियुक्ति, 16 वें दिन भी उपवास जारी

# अनुकंपा नियुक्ति के आदेश को जारी करने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता ◂ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव एवं अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अभिमन्यु वर्मा ने बताया कि वर्ष 2000 में राज्य विभाजन के पश्चात विघटित राज्य परिवहन निगम के कर्मचारियों/अधिकारियों को छत्तीसगढ़ शासन परिवहन विभाग, मंत्रालय दाऊ कल्याण सिंह भवन रायपुर, मुख्य सचिव पी.जान.उम्मैन, छत्तीसगढ़ शासन के पत्र क्रमांक एफ 2-12/दो/आठ-परि/2006 रायपुर, 29/जून/2010 द्वारा विभाग/निगम मंडलों में रिक्त पद पर संविलियन करने निर्देश प्रदान किए गए हैं। छत्तीसगढ़ शासन परिवहन विभाग मंत्रालय रायपुर, विशेष सचिव, अशोक जुनेजा, परिवहन विभाग द्वारा पूर्ववर्ती मध्य प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के अधिकारियों/कर्मचारियों का विभिन्न निगमों/मंडलों में संविलियन के नियम ज्ञापन क्रमांक 1209/1265/दो-आठ/परि/07, रायपुर 10/दिसंबर2007 द्वारा राज्य के समस्त विभाग, समस्त विभागाध्यक्ष, समस्त जिला अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ शासन, राज्यपाल के सचिव राजभवन, सचिव छत्तीसगढ़ विधानसभा, रजिस्ट्रार छत्तीसगढ़ न्यायालय, प्रबंध संचालक सीआईडीसी को पृष्ठांकित किया गया।

अर्थात यह स्पष्ट है कि छत्तीसगढ़ राज्य शासन सामान्य प्रशासन विभाग के नियम राज्य के सभी विभागों, निगम मंडलों, बोर्डों मैं यथावत लागू होंगे। वर्ष 2011 में सामान्य प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ शासन के अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में पंचायत विभाग के अंतर्गत शिक्षाकर्मी के पद पर नियुक्ति दिए जाने का प्रावधान था जिसमें बीएड, डीएड और टीईटी की अनिवार्य योग्यता थी।

अर्थात राज्य के आकस्मिक निधन हुए कर्मचारियों को अनुकंपा नियुक्ति के लिए योग्यता अनुसार तत्काल पूरा कर पाना संभव नहीं था। कर्मचारी संगठन की मांग पर वर्ष 2013 में छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा पुनः संशोधित कर तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों में योग्यता अनुसार नियुक्ति के निर्देश हुए हैं। इस दौरान सीआईडीसी पूर्व राज्य परिवहन निगम के आकस्मिक निधन हुए स्वर्गीय अश्वनी शर्मा परिचालक, स्वर्गीय सतीश शर्मा परिचालक, स्वर्गीय गणपति प्रसाद यादव परिचालक, स्वर्गीय जुगल किशोर मिश्रा उच्च श्रेणी लिपिक, स्वर्गीय उदय प्रताप सिंह गौर, स्वर्गीय हेंद्र कुमार बडगैय्या परिचालक, स्वर्गीय चंद्रशेखर पांडे और स्वर्गीय प्रीतम सिंह छाबड़ा के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई है। किंतु वर्ष 2013 में समान प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ शासन के अनुकंपा नियुक्ति निर्देश के बावजूद अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को जिला स्तर पर रोक कर छत्तीसगढ़ शासन समान प्रशासन विभाग के निर्देशों की अवहेलना करते हुए विभागीय और जिला कलेक्टरों द्वारा प्रकरणों को डंप कर एकत्र कर दिया गया।

फलस्वरुप लगभग 75 परिवार दर-दर भटकने मजबूर हो गए। मुख्य सचिव आरपी मंडल, अपर मुख्य सचिव वित्त विभाग अमिताभ जैन, सचिव परिवहन विभाग कमलप्रीत सिंह, सचिव सामान्य प्रशासन विभाग रीता शांडिल्य, प्रबंध संचालक सीआईडीसी आशीष भट्ट द्वारा दिसंबर 2019 में संचालक मंडल में विभिन्न निगमों/मंडलों में रिक्त पदों में अनुकंपा नियुक्ति देने के लिए निर्णय लिया गया।

तत संबंध में उच्च न्यायालय के आदेश 09/दिसंबर2020 में, अप्रैल 2020 तक नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश जारी किए गए हैं। यदि पूर्व राज्य परिवहन निगम के कर्मचारियों के 75 परिवार के आश्रित सदस्यों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जाएगी तो इसमें रू. 15,600/- न्यूनतम वेतन के आधार पर सालाना लगभग 01 करोड़ 40 लाख रुपए राशि का व्यय भार होगा। जो कि शासन द्वारा किए जा रहे अन्य व्ययों से बहुत कम है।

# केक बना कर आत्म निर्भर बन रही बालिकाएं



पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com

समाज में बालिकाओं और महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के उद्देश्य से दिव्य शक्ति रायगढ़ द्वारा पहले निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण एवं निशुल्क ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण दिया गया था। साथ में बाती बनाना, आलू चिप्स, बड़ी, मंगोड़ी ऐसे ही कई चीजें सिखाया गया था। अब निशुल्क केक बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इससे वे आत्मनिर्भर बन अपने समय का सदुपयोग के साथ ही आमदनी भी कर सकती हैं। ऐसे में केक बना कर अब बालिकाए आत्म निर्भर भी बन रही हैं। इस संबंध में में दिव्य शक्ति की कविता बेरिवाल ने बताया कि सभी बालिकाओं को केक बनाने का प्रशिक्षण कविता मनीष पंजाबी और माही बंटी अंबवानी दे रहे हैं। प्रशिक्षण अवधि में सोशल डिस्टेंसिंग का पूर्ण रूप से पालन करते हुए प्रथम बैच में 4, दूसरे बैच में 7 और तीसरे बैच में 9 प्रशिक्षार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किए। कुछ प्रशिक्षार्थी पूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना कार्य भी आरंभ कर दिया है। निसंदेह ही लोगों को जागरूक और आत्म निर्भर बनाने के क्षेत्र में निरंतर प्रयासरत कविता बेरीवाल की यह पहल काफी सराहनीय और उपयोगी सिद्ध हो रहा है।

**दिव्य शक्ति रायगढ़ का आत्म निर्भरता की और अगला कदम**





**प्रज्जवलित हुई ज्योत, नवरात्र शुरु**

**राजनांदगांव।** मां आदि शक्ति की उपासना का पर्व शनिवार से प्रारंभ हो गया। देर शाम माता के दरबार में ज्योत प्रज्जवलित की गईं। मां बम्लेश्वरी मंदिर सहित जिले के विभिन्न मंदिरों में हजारों ज्योति कलश स्थापित किए गए हैं। शारदीय नवरात्र के पहले दिन श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किए। हालांकि ज्योत कलश और कई मंदिरों में माता के दर्शन श्रद्धालु कोरोना संक्रमण के चलते नहीं कर पाएंगे। इन स्थानों पर एलईडी, प्रोजेक्टर और लाईव प्रसारण के माध्यम से श्रद्धालु दर्शन लाभ ले सकेंगे। कोरोना के प्रभाव के चलते इस बार बहुत कम प्रतिमाएं विराजीत हुई हैं। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में भी पंडालों में माता की प्रतिमा स्थापित की गई है। इस बार यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम या प्रसादी वितरण जैसे गतिविधियां नहीं हो सकेंगी।

# धान खरीदी : कोचियों और सरहद पार से आने वाले पर होगी पैनी नजर

## कलेक्टर ने धान खरीदी के संबंध में ली बैठक, धान खरीदी में लापरवाही करने पर होगी कड़ी कार्रवाई

- जिले की सीमा पर निगरानी रखने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा ने जिला पंचायत सभाकक्ष में धान खरीदी और किसान पंजीयन के संबंध में बैठक ली। कलेक्टर वर्मा ने बैठक में कहा कि जिले के अधिकांश तहसील महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश सीमा से लगे हुए है। सीमा से लगे होने के कारण कोचियों द्वारा धान लाने की संभावना बनी रहती है। ऐसी स्थिति में आवागमन वाले सभी रास्तों पर कड़ी निगरानी रखनी होगी।

उन्होंने कहा कि सीमा से लगे धान केन्द्रों में कोचियों के माध्यम से धान खपाने की संभावना बनी होती है। समिति प्रबंधकों को धान खरीदी के समय सतर्कता रखनी होगी। धान खरीदी का कार्य पूरी सतर्कता से किया जाना चाहिए। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि केन्द्रों में सिर्फ खरीफ वर्ष का ही धान खरीदा जाएगा। कुछ लोगों द्वारा पुराने धान को मिलाकर बेचे जाने की शिकायत होती है इस पर भी कड़ी निगरानी रखी जाए।

इस दौरान उन्होंने धान खरीदी प्रारंभ होने से पहले सभी तैयारियां पूरी कर लिए जाने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्रों में कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करना अनिवार्य है। धान के पंजीयन का कार्य 31 अक्टूबर तक किया जाना है इस कार्य को समय-सीमा में शत प्रतिशत पूरा किया जाए। पंजीयन कार्य पूरा होने के बाद इसका दावा-आपत्ति भी होना चाहिए। जिससे किसानों को पंजीयन के बाद उनके रकबे की सही जानकारी रहे। बैठक में समिति प्रबंधकों और कम्प्यूटर ऑपरेटर शामिल थे।

### लापरवाही न हो, प्रोटोकॉल का पालन भी करना होगा

कलेक्टर वर्मा ने कहा कि धान खरीदी केन्द्रों में बारदाने की व्यवस्था पहले ही कर ली जाए। केन्द्रों में किसानों के लिए पेयजल, छाया, बिजली एवं अन्य सभी व्यवस्थाएं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण टला नहीं है। धान खरीदी में कोरोना के प्रोटोकॉल का पालन किया जाना सुनिश्चित करें। धान खरीदी केन्द्रों के कर्मचारी सहित किसानों को मास्क लगाना अनिवार्य है। केन्द्रों में सोशल डिस्टेसिंग का पालन होना चाहिए इसका ध्यान रखा जाए। कोरोना संक्रमण से सुरक्षा के सभी उपाए पहले ही कर ली जाए। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। धान खरीदी में किसानों को कोई दिक्क त नहीं होनी चाहिए। शिकायत मिलने और सही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### सोसायटी में मिलेगा वर्मी कंपोस्ट

कलेक्टर वर्मा ने कहा कि जिले में लगातार गोबर की खरीदी की जा रही है और इसका भुगतान हर 15 दिन में हितग्राहियों के खाते में किया जा रहा है। शासन की यह महत्वपूर्ण योजना इसका प्रचार-प्रसार भी करना आवश्यक है। इस गोबर से वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण किया जा रहा है जिसका विक्रय सोसायटी के माध्यम से किसानों को किया जाएगा। इस अवसर पर उप संचालक कृषि जीएस धुर्वे, जिला खाद्य अधिकारी केके सोमावार, सीईओ जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक सुनील वर्मा, जिला विपणन अधिकारी सौरभ भारद्वाज, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं जान खलखो सहित समिति प्रबंधक उपस्थित थे।

# ओपन जिम में विदेशी पौधे होंगे आकर्षण का केन्द्र



- जनप्रतिनिधियों एवं पत्रकारों ने रोपे पौधे

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर के पुलिस थाना, नया बस स्टैंड व विद्युत् कार्यालय समीप तिराहे स्थित ओपन जिम अब विदेशी पौधों से आच्छादित हो गए हैं। जनप्रतिनिधियों व पत्रकारों ने जिम के परिसर में विदेशी पौधे फौक्सक्ल पॉम, एरिका पॉम व फाइकस सहित अशोक के पौधे रोपे। इस विशेष अवसर पर गणमान्यजन भी शरीक हुए।

उक्त अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा निषाद, पुर्व नपं अध्यक्ष श्रीमती संध्या नरेंद्र साहू, पार्षदगण श्रीमती वैशाली वीरेंद्र बोरकर, सतीश वैष्णव, दीपक देवांगन, पार्षद डिकेश साहू, रामकुमार गुप्ता, इंदु साहू, दीपक शर्मा, श्रुति शुक्ला, प्रियंक व गिरिजाशंकर सहित समस्त पार्षदगण सहित सीएमओ अनुभव सिंह व श्रीमती विभा सिंह सहित गणमान्यजन व पत्रकारगण सम्मिलित हुए।



# उत्कृष्ट कार्य के लिए सुरेश साहू सम्मानित



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय संस्था छात्र युवा मंच परिवार ने 15 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ.रमन सिंह के जन्म दिन को रचनात्मक एवं सकारत्मक रूप से मानते हुए विशाल रक्त दान शिविर एवं कोरोना वारियर्स सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। युवा बेरोजगार संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश साहू को निरंतर समाज हित में रक्त दान, वृक्षारोपण, कोरोना महामारी जागरूकता अभियान के प्रति निरंतर निस्वार्थ भाव से व पूरी निष्ठा से कार्य करने पर कोरोना वारियर्स सम्मान से सम्मानित किया। निरंतर ऐसे नेक कार्य करने के अपना आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन दिया। दल्ली राजहरा निवासी ग्रीन कमांडो नीरेंद्र साहू को कारोना महमारी में विशेष जागरूकता अभियान एवं देश का सबसे बड़ा मस्का बनाकर लोगो को मास्का लगाने के लिए प्रेरित करने के लिए व बालोद जिले का इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज करने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# हत्या की वजह बना अवैध संबंध का शक, आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय से महज 5 किलोमीटर दूर जीई रोड स्थित ग्राम सुंदरा में उस समय सनसनी फै ल गई जब एक शख्स ने पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। वारदात की सूचना मिलते ही थाना चिखली की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। चिखली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

ग्राम सुंदरा में रात लगभग 10:30 बजे आरोपी शख्स ने पत्नी पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतिका के सिर पर गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं। बताया जा रहा है कि मुकेश अपनी पत्नी पर शक करता था कि उसका किसी अन्य व्यक्ति के साथ अवैध संबंध है। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच कुछ विवाद हुआ और गुस्से में आकर मुकेश ने पत्नी पर ताबड़तोड़ वार कर दिया।



**हिरासत में भेजा :** इसकी सूचना जैसे ही चिखली थाना को लगी, तत्काल टीम घटनास्थल पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ की गई जिसमें उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। सीएसपी मणिशंकर चंद्रा का कहना है कि आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अवैध संबंध के शक के कारण पति पत्नी में झगड़े होते थे जिसके चलते आरोपी ने महिला की हत्या की है।



**विरोध पर भारी आस्था...**

**मानपुर।** मां दुर्गा की आराधना का विरोध किए जाने का जवाब ग्रामीणों ने आस्था और एकता से दिया है। वर्ग विशेष ने क्षेत्र में देवी व प्रतिमा पूजा का विरोध किया था। जिसे लेकर नवरात्र पर्व के अयोजन को लेकर कई आशंकाए थीं लेकिन ग्रामीणों की आस्था और एकता आदि शक्ति की आराधना से दूर नहीं हुई। मानपुर अंचल में शारदीय नवरात्र का पर्व उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यहां मां अम्बे की प्रतिमा भी स्थापित की गई हैं तथा विभिन्न मंदिरों मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए हैं।

# बाबा साहब की सीख का पालन करें, जागरुक रहें और कोविड 19 से बचें : अरुण यादव

**राजनांदगांव।** चिल्हाटी क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य व कृषि, शिक्षा, खनिज, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति के सदस्य अरुण यादव के मुख्य आतिथ्य में अंबागढ़ चौकी क्षेत्र के हांडीटोला में धम्मचक्र दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। कोविड 19 को देखते हुए हिदायतों के बीच कार्यक्रम संपन्न हुआ। यहां जुटे सैकड़ों ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने इस दिन से जुड़े इतिहास पर बात की। उन्होंने बताया कि डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने यह दिन बौद्ध धम्म दीक्षा के लिए चुना क्योंकि इसी दिन ईसा पूर्व 3री सदी में सम्राट अशोक ने भी बौद्ध धर्म ग्रहण किया था। तब से यह दिवस बौद्ध इतिहास में अशोक विजयादशमी के रूप में जाना जाता था। सैकड़ों ग्रामीणों को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि, बौद्ध धर्म और डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर के अनुयायी इस दिन को हर्षोल्लास से मनाते आए हैं। लेकिन मौजूदा कोविड 19 के प्रकोप के चलते हमारे पर्व-त्यौहार मनाने का तौर तरीका भी बदला है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने लोगों को जागरुक करने अपना जीवन समर्पित कर दिया। इस विपरित घड़ी में आप सभी भी जागरुक हों और शपथ लें कि कोविड 19 से बचाव के लिए जरुरी सभी सुरक्षा उपायों का इस्तेमाल करेंगे और नियमों का पालन करेंगे।

## अतिक्रमण हटवाने के लिए सांकेतिक धरना-प्रदर्शन

# तहसीलदार के आश्वासन के बाद टूटा कल्याणपुर के ग्रामीणों का अनशन

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com



विकासखंड के ग्राम पंचायत कल्याणपुर में पूर्व सरपंच सत्यपाल खोब्रागढ़े के द्वारा गांव में किये गए अतिक्रमण को हटवाने के लिए एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन के बाद शुक्रवार को पंचायत भवन में सरपंच, उपसरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने आमरण अनशन प्रारंभ किया था। इसे शाम को तहसीलदार अविनाश ठाकुर के आश्वासन के बाद तोड़ा गया।

जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व सरपंच जो पेशे से वकील हैं उन्होंने ग्रामीणों को अंधेरे में रखकर अपनी शिक्षा का दुरुपयोग किया और गांव का विकास करने का वादा करके गांव की सत्ता में आये। लेकिन राजनीति का चोला पहनते ही वे ग्रामीणों से किये हुए वादों को भूलकर गांव के विकास को दरकिनार कर अपना विकास करने में लग गए। 15 वर्षो की सरपंची में उन्होंने लगभग 5 से 6 शासकीय स्थानों पर अतिक्रमण किया । इन्हीं में से दो स्थानों का मामला तहसील न्यायालय में पिछ्ले चार वर्षों से लंबित है जिसकी सुनवाई अब तक नहीं हुई है। इससे परेशान होकर ग्रामीणों ने आमरण अनशन का रास्ता इख्तियार किया।

इधर तहसीलदार अविनाश ठाकुर मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि एक माह के भीतर इस प्रकरण की सुनवाई कर दी जायेगी लेकिन तब तक किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना ना घटे इस बात की जिम्मेदारी पंचायत को लेनी होगी। इधर पूर्व सरपंच के भाई धरमपाल खोब्रागढ़े का कहना है कि पूर्व में पंचायत द्वारा अतिक्रमण का मामला दर्ज करवाया गया था जिसमें वर्ष 2013 में तहसील न्यायालय ने उक्त प्रकरण को सिरे से खारिज कर दिया गया था। जिसके बाद वर्ष 2016 में पुनः उसी प्रकरण को तहसील न्यायालय में दर्ज कराया गया था जिसकी सुनवाई चल रही है। उसके बाद भी न्यायालय में विचाराधीन मामले को लेकर आमरण अनशन करना केवल व्यक्तिगत तौर पर परेशान करने की साजिश है। जबकि गांव में और भी लोगो ने अतिक्रमण किया है और न्यायालय ने उनसे अर्थदंड लेते हुए कार्यवाही करने का आदेश पंचायत को जारी किया है। लेकिन पंचायत प्रतिनिधि उन्हें छोड़कर केवल हमे परेशान कर रहे हैं।

## निधन

### विमला सारडा

**राजनांदगांव।** वरिष्ठ पत्रकार शशांक तिवारी की सासु माँ एवं श्रीमती प्रेरणा तिवारी की माता श्रीमती विमला सारडा का आज निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज उनके निवास स्थान रामाधीन मार्ग से 4.30 बजे निकलेगी। वरिष्ठ जनो सहित पत्रकार समुदाय व शुभचिंतकों ने शोक व्यक्त करते हुए शोकसंतप्त परिवार हेतु संवेदना प्रकट की है।

### मानसिंह साहू



छुरिया। ग्राम हालेकोसा के प्रतिष्ठित नागरिक एवं किराना व्यवसाई मानसिंह साहू (70 वर्ष ) का शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। शनिवार की सुबह 9:00 बजे उनके गृह ग्राम हालेकोसा स्थित आवास से उनकी अंतिम यात्रा निकली जिसमें पारिवारिक सदस्यों के अलाव सामाजिकजन व ग्रामीणा शामिल हुए। लोगों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदन प्रकट की और मौन रखकर मृतात्मा को श्रद्धांजलि प्रदान की। स्व. श्री मानसिंह साहू, तहसील साहू संघ छुरिया के पूर्व अध्यक्ष जोधीलाल साहू के बड़े भाई थे।

## क्विक न्यूज

### बर्तन साफ कराने के बहाने घर ले जाकर दुष्कर्म की कोशिश, गिरफ्तार

**बिलासपुर ।** एक ड्राइवर बारह बरस की बच्ची को पैसा देकर बर्तन साफ कराने के बहाने अपने गाड़ी मालिक के घर ले गया और उसके साथ दुष्कृत्य करने की कोशिश की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला तोरवा क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार देवरी खुर्द निवासी पप्पू सिंह 29 वर्ष बापू उपनगर निवासी एक ट्रैवल कंपनी संचालक की कार चलाता है। उसकी कार रेलवे में लगी है। इससे वह रेल अफसर को घर से आफिस ले जाता है। घटना बुधवारी बाजार की है,जहां पर वह खड़ा था। इसी दौरान उसकी नज़र 12 साल की बच्ची पर पड़ी। लड़की अपने भाई-बहन के साथ कबाड़ बीन रही थी। ड्राइवर उसके करीब गया और अपने घर में बर्तन साफ कराने के बहाने कार से अपने वाहन मालिक के घर ले गया। उसके गाड़ी मालिक बाहर गए हैं। चाबी ड्राइवर के पास ही रहती थी। वहां ले जाकर बच्ची के साथ उसने दुराचार करने की नीयत से छेड़खानी की। इस बीच बच्ची के भाई बहन आ गए। वे कार का पीछा कर रहे थे।

# 22 से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर गुजरेगी पांच पूजा स्पेशल ट्रेन

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




रेल यात्रियों की सुविधाओं एवं मांग को ध्यान में रखते हुए रेल्वे प्रशासन के द्वारा दिनांक 12 अक्टूबर से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से एवं होकर जानी वाली भुवनेश्वरङ्कलोकमान्य तिलक टर्मिनल-भुवनेश्वर, पूरीङ्कसूरत-पूरी, पूरी-लोकमान्य तिलक टर्मिनल-पूरी, विशाखापट्टनम- निजामुदिन- विशाखापट्टनम एवं विशाखापट्टनम- लोकमान्य तिलक टर्मिनल- विशाखापट्टनम सहित पाँच पूजा स्पेशल ट्रेनों की सुविधा ।

01) 02880 / 02879 भुवनेश्वर-लोकमान्य तिलक टर्मिनल-भुवनेश्वर द्वि-साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन की सुविधा 22 अक्टूबर से 02 दिस्म्बर, तक इस गाड़ी का परिचालन होगा । यह गाड़ी 02880 भुवनेश्वरङ्कलोकमान्य तिलक टर्मिनल द्वि-साप्ताहिक पूजा स्पेशल प्रत्येक सोमवार एवं गुरुवार को भुवनेश्वर से 22, 26 एवं 29 अक्टूबर, 02, 05, 09, 12, 16, 19, 23, 26 एवं 30 नवम्बर, 2020 को चलेगी । इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी 02879 लोकमान्य तिलक टर्मिनल-भुवनेश्वर द्वि- साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनल से 24, 28 एवं 31 अक्टूबर, 04, 07, 11, 14, 18, 21, 25 एवं 28 नवम्बर, 02 दिसम्बर, 2020 को चलेगी । इस गाड़ी में 04 एसी थ्री, 01 एसी टू टायर, 11 स्लीपर, 01 पेंट्रीकार एवं 02 सामान्य सहित कुल 19 कोच रहेंगे । इस गाड़ी में कनफर्म टिकट यात्रियो को ही यात्रा करने की अनुमति दी जायेगी । इन गाड़ी का ठहराव एवं समय सारणी पूर्व में चल रही 12880 / 12879 भुवनेश्वर-लोकमान्य तिलक टर्मिनल-भुवनेश्वर द्वि- साप्ताहिक एक्सप्रेस का बेलपहाड़ स्टेशन को छोडकर बाकी सभी स्टेशनो में इस स्पेशल गाड़ी का ठहराव दिया गया है ।

02 ) 02827 / 02828 पूरी-सूरत-पूरी साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन की सुविधा 25 अक्टूबर से 01 दिस्म्बर, 2020 तक इस गाड़ी का परिचालन होगा । यह गाड़ी 02827 पूरीङ्कसूरत साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन प्रत्येक रविवार को पूरी से 25 अक्टूबर, 01, 08, 15, 22 एवं 29 नवम्बर, 2020 को चलेगी । इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी 02828 सूरत-पूरी साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन प्रत्येक मंगलवार को सूरत से 27 अक्टूबर, 03, 10, 17 एवं 24 नवम्बर, 01 दिसम्बर, 2020 को चलेगी । इस गाड़ी में 04 एसी थ्री, 01 एसी टू टायर, 10 स्लीपर एवं 05 सामान्य सहित कुल 20 कोच रहेंगे । इस गाड़ी में कनफर्म टिकट यात्रियो को ही यात्रा करने की अनुमति दी जायेगी । इन गाड़ी का ठहराव एवं समय सारणी पूर्व में चल रही 22827 / 22828 पूरी-सूरत-पूरी साप्ताहिक एक्सप्रेस का तालचेर स्टेशन को छोडकर बाकी सभी स्टेशनो में इस स्पेशल गाड़ी का ठहराव दिया गया है।

02866 /02865 पूरीङ्कलोकमान्य तिलक टर्मिनल-पूरी स्पेशल ट्रेन की सुविधा 20 अक्टूबर से 26 नवम्बर, तक इस गाड़ी का परिचालन होगा । यह गाड़ी 02866 पूरीङ्कलोकमान्य तिलक टर्मिनल स्पेशल ट्रेन प्रत्येक मंगलवार को पूरी से 20 एवं 27 अक्टूबर, 03, 10, 17 एवं 24 नवम्बर, 2020 को चलेगी । इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी 02865 लोकमान्य तिलक टर्मिनल-पूरी स्पेशल ट्रेन प्रत्येक गुरुवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनल से 22 एवं 29 अक्टूबर, 05, 12, 19 एवं 26 नवम्बर, 2020 को चलेगी । इस गाड़ी में 05 एसी थ्री, 01 एसी टू टायर, 01 एसी प्रथम, 09 स्लीपर, 01 पेंट्रीकार, 02 एसएलआरडी एवं 04 सामान्य सहित कुल 23 कोच रहेंगे । इस गाड़ी में कनफर्म टिकट यात्रियो को ही यात्रा करने की अनुमति दी जायेगी । 02817 / 02818 विशाखापट्टनम-निजामुदिन- विशाखापट्टनम स्पेशल ट्रेन की सुविधा 20 अक्टूबर से 01 दिस्म्बर, 2020 तक इस गाड़ी का परिचालन होगा । यह गाड़ी 02817 विशाखापट्टनम-निजामुदिन स्पेशल ट्रेन प्रत्येक मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शनिवार एवं रविवार को विशाखापट्टनम से 20 अक्टूबर से 29 नवम्बर, तक चलेगी।

## अंग्रेजी मिडियम स्कूल मंगला में अतिरिक्त कक्ष का कलेक्टर ने किया भूमिपूजन



पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर ने आज मंगला स्थित शासकीय उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल में बनाए जा रहे अतिरिक्त कक्ष का भूमि पूजन किया। शहर के एन.जी.ओ बिलासपुर राउन्ड टेबल 283 द्वारा इस कक्ष का निर्माण कराया जा रहा है। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि बच्चों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अधोसंरचना भी बेहतर होनी चाहिए ताकि उनका सर्वागींण विकास हो सके।

उल्लेखनीय है कि शासकीय उच्चतर माध्यिमक मंगला का उन्नयन उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम शाला के रूप में किया गया है। इस स्कूल के प्रथम तल में चार अतिरिक्त कक्ष का निर्माण के लिए एन.जी.ओ. द्वारा सहयोग किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर ने उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शहर के लोगों का इस प्रकार सहयोग के लिए आगे आना स्वागत योग्य है। कलेक्टर ने कहा कि यह शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। इसका क्रियान्वयन हम सभी को मिलकर करना है। कार्यक्रम में जिला शिक्षाधिकारी श्री ए.के. भार्गव, शिक्षा विभाग के सहायक संचालक संदीप चोपड़े , एन. जी. ओ. राउन्ड टेबल 283 के अध्यक्ष नवदीप अरोरा एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## महर्षि स्कूल का तुगलकी फरमान, फीस नहीं पटाया तो डिफाल्टर घोषित कर देंगे

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



महर्षि स्कूल मंगला की ज्यादती से स्कूली बच्चे और उनके परिजन मानसिक अवसाद झेल रहे है, जिसके खिलाफ अभिभावकों में आक्रोश है, स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को फीस के नाम पर मानसिक प्रताड़ना की शिकायत परिजनों ने कलेक्टर से की है, और स्कूल प्रबन्धन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

कोरोना संक्रमण के चलते हुए लॉकडाउन और उसके बाद आर्थिक तंगी से जूझ रहे अभिभावकों पर स्कूल प्रबंधन अब ज्यादती करने पर आमादा है। हाईकोर्ट से ट्यूशन फीस लेने के आदेश के बावजूद मंगला के महर्षि स्कूल में पूरी फीस ही ट्यूशन फीस बताकर वसूली जा रही है। स्कूलों पर कोई कार्रवाई न होने की वजह से स्कूल प्रबंधन हौसले सातवें आसमान पर है, और वे कोरोना काल में आपदा में अवसर तलाश कर दूसरे सालों से ज्यादा कमाई की फिराक में है।

महर्षि स्कूल प्रबन्धन को तो स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को मानसिक अवसाद की ओर धकेलने से भी गुरेज नहीं.. प्रबन्धन ने बाकायदा एक नोटिस भेजा है, जिसमें कहा गया है, कि स्कूल की फीस जमा न करने वाले बच्चों को डिफाल्टर घोषित कर नोटिस चस्पा की जाएगी, इतना ही नहीं उसका फोटो खींचकर बच्चों के वॉट्सएप ग्रुप में भेजा जाएगा । नोटिस मिलने पर स्कूली बच्चे दहशत में हैं, वहीं परिजन भी हैरान-परेशान हैं।

## हार चोरी का आरोपी 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार, भेजा गया रिमांड पर

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



कोतरारोड थाना प्रभारी निरीक्षक चमन सिन्हा के नेतृत्व में स्टाफ द्वारा ग्राम धनागर में कृषक के सुने मकान से हार चोरी के आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना कोतरारोड में रहने वाला तिलसाय उरांव 14 अक्टूबर को थाना कोतरारोड में उसके घर पर चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराया है। रिपोर्टकर्ता बताया कि 10 अक्टूबर की सुबह करीबन 07-08 बजे घर में ताला बंद कर परिवार सहित मेहमानी में ग्राम गोढी तमनार गए थे। उसी दिन रात करीब 08-09 बजे वापस घर आए तो देखे घर का दरवाजा खुला था। घर अंदर जाकर देखने पर आलमारी में रखा सोने का माला कीमती करीबन 50,000 रुपए का नहीं था। चोरी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफधारा 454, 380 पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी कोतरारोड चमन सिन्हा द्वारा मौके पर जाकर रिपोर्टकर्ता एवं आसपास के लोगों से पूछताछ किए। जिस पर गांव के युवक अजीत उरांव पर शंका जहिर किए। उसी दरम्यान संदेही अजीत उरांव को पूछताछ के लिए थाने लाए कड़ी पूछताछ पर अजीत उरांव द्वारा तिलसाय उरांव के घर से हार की चोरी करना स्वीकार किया। जिसके मेमोरंडम, निशादेही पर हार की जप्ती की गई है। आरोपी अजीत उरांव पिता परस उरांव उम्र 28 साल निवासी धनागर मदनपुर थाना कोतरारोड़ को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## नूतन चौक में बेचता था नशीली दवाइयां, पुलिस ने किया गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

सकरी क्षेत्र का युवक नूतन चौक में नशे की दवाइयां बेचता था। अब वह सरकंडा पुलिस की गिरफ्त में है।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक की जिले में नशे के अवैध कारोबार करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के आदेश है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप के नेतृत्व में टीम बनाकर सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया था। नशे का अवैध कारोबार करने वालों के विरुद्ध अधिक से अधिक कार्रवाई की जाने की बात कही गई ।

इसी आदेश के परिपालन में आज कार्रवाई करते हुए सरकंडा थाना प्रभारी जेपी गुप्ता एवं स्टाफ के द्वारा सरकंडा थाना क्षेत्र के नूतन चौक में एक युवक अजय साहनी , सकरी अटल आवास निवासी को गिरफ्तार कर प्रतिबंधित नाइट्रेशन टेबलेट बरामद किया।

# पिकअप ड्रायवर से लूटपाट, दो युवक व अपचारी बालक पकड़ में आए

■ **पुलिस के टारगेट में थे तीनों आदतन आरोपी, जमानत पर रिहा, दबोचे गए**

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com




पूंजीपथरा पुलिस ने गत 13 जून को झिंगोंल-पूंजीपथरा के मध्य, नाला के पास सब्जी विक्रेता पिकअप वाहन के चालक से मोबाइल व नगदी लूटपाट के मामले को सुलझा लिया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रिपोर्टकर्ता कल्याण मिंज, ग्राम आमाघाट तमनार द्वारा थाना पूंजीपथरा में 13 जून को रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 12 जून की सुबह प्रतिदिन की तरह कुंजेमुरा के राजकुमार उरांव के साथ सब्जी भाजी रायगढ़ सब्जी मंडी पटेलपाली लेने अपनी पिकअप वाहन सीजी 13 जेड 5614 में आ रहे थे कि करीब दो-ढाई बजे झिंगोल के आगे एक बाइक में सवार तीन लड़के अपनी बाइक पिकअप के सामने अड़ाकर रुकवाए और मारपीट कर दो मोबाइल और 16,500/-रुपए लूटकर भाग गए थे। रिपोर्ट पर थाना पूंजीपथरा में धारा 341, 394, 34 पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना की जा रही थी। इस लूट की विवेचना में विवेचनाधिकारी को तमनार थाने के 341, 392, 34 में गिरफ्तार आरोपियों पर इस लूटपाट में शामिल होने की पूर्ण आशंका थी। थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक मनीष नागर द्वारा दोनों मामले में लूटपाट की वारदातों का एक जैसा पाते हुए तमनार लूट के अपराध डायरी की कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेजों को इस लूट डायरी में संलग्न किया गया तथा तमनार लूट के आरोपीगण अविनाश तिग्गा उम्र 19 साल, राहुल सहित उम्र 20 साल इंदिरानगर तमनार, अपचारी बालक के जमानत पर रिहा होने के बाद उन्हें हिरासत में लेकर पिकअप वाहन चालक से लूटपाट करने के संबंध में पूछताछ किया गया जिस पर तीनों ने इस लूट को करना भी स्वीकार किए और बताये कि लूट की हुई दोनों मोबाइल को रास्ते में फेंक दिए थे तथा लूटे रकम को आपस में बांट लिए थे जो खर्च हो गए हैं। आरोपीगण द्वारा फेंका हुआ दोनों मोबाइल रास्ते में एक महिला को मिला है जिसे बरामद किया गया है। आरोपीगण को गिरफ्तार कर सक्षम न्यायालय रिमांड पर भेजा जा रहा है। आरोपियों की गिरफ्तारी में निरीक्षक मनीष नागर, प्रधान आरक्षक गौतम ठाकुर एवं आरक्षक विद्याधर सिदार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### विशेषज्ञ समिति ने किया उप जेल का निरीक्षण



**मुंगेली।** जेलों में निरूद्ध बच्चों के सत्यापन एवं निरीक्षण हेतु विशेषज्ञ समिति द्वारा आज 16 अक्टूबर को उपजेल मुंगेली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल में 148 विचारधीन बंदी पाये गये। समिति द्वारा बैरकों में जाकर बंदियों से उम्र, देखरेख एवं वाले बच्चों के बारे में जानकारी ली गई। उपजेल परिसर में साफसफाई एवं बैरक व्यवस्थित पाया गया । कोरोना वायरस से बचाव हेतु नये बंदियों को अलग बैरक में रखा जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिला कार्य म अधिकारी राजेन्द्र कश्यप, जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्रीमति अंजूबाला शुक्ला, संरक्षण अधिकारी छविलाल साहू, कपिल कुमार यादव, सामाजिक कार्यकर्ता अजय कुमार कंवर व अधीक्षक उपजेल मुंगेली उपस्थित थे।

## शहर में उठाईगिरी के बाद पुलिस अलर्ट

■ **एसपी के निर्देशन पर शहर में आर्म्स के साथ होगी पेट्रोलिंग**

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com




बीते रोज शहर में उठाईगिरी की घटना के बाद एसपी रायगढ़ संतोष कुमार सिंह द्वारा सभी थाना/चौकी प्रभारियों को इस प्रकार की वारदातों को रोकने के लिये अलर्ट किया गया है। उन्होंने नवरात्रि, दुर्गा, विजयादशमी पर्व पर खरीददारी करने आये लोगों से मार्केट में संख्या पहले से ज्यादा होने पर सर्तक किया गया है व निर्देश दिए हैं कि अभी त्यौहार के सीजन को देखते हुए प्रतिदिन मार्केट समय पुलिस की मौजूदगी यातायात पुलिस के साथ दिखे तथा थाना, चौकी प्रभारी अपने स्टाफ के साथ आर्म्स लेकर पेट्रोलिंग करें व संदिग्धों से व्यापक पूछताछ कर कार्रवाई करें। शहर के अलावा देहात थानाक्षेत्र के प्रभारी भी अपने-अपने क्षेत्र के सभी निगरानी बदमाश, सजायाफ्ता, सस्पेक्ड को प्रतिदिन चेक करें। सम्पत्ति संबंधी अपराधों पर रोक लगाने के लिये प्रभावी रूप से लघु अधिनियम की कार्यवाही की जाए। एसपी संतोष कुमार सिंह द्वारा पहले भी कहा गया है कि पुलिस रिस्पांस किस प्रकार कर रही है यह काफी मायने रखता है और इससे ही अपराध के घटित होने के बाद अपराधी को तत्काल पकड़ा जा सकता है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशों के बाद शहर में सभी थाना, चौकी प्रभारी अपने स्टाफ के साथ आर्म्स लिए हुए पैदल पेट्रोलिंग किया गया। इस दौरान संदिग्धों से पूछताछ किया गया जो त्यौहारी सीजन तक लगातार जारी रहेगा।

**योजना में प्रचार-प्रसार पर जोर दें : अजगले**

# अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति में 74 हितग्राहियों का चयन

पायनियर संवाददाता ◄ अकलतरा
www.dailypioneer.com

जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय निगम की योजना के 74 हितग्राहियों का चयन बैंक ऋण के लिए किया गया है। कलेक्टर यशवंत कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांसद गुहाराम अजगल्ले, जांजगीर-चांपा विधायक नारायण प्रसाद चंदेल सहित उपस्थित अधिकारियों ने लाटरी के माध्यम से आवेदकों का चयन किया। सांसद अजगल्ले ने योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए कहा कि संबंधित वर्ग के हितग्राहियों को योजना की जानकारी मिले ताकि योजनाओं का लाभ उन्हें प्राप्त हो सके। विधायक चंदेल ने कहा कि संबंधित वर्ग के हितग्राहियों तक योजनाओं की जानकारी मिलनी चाहिए। इसके लिए प्रचार-प्रसार जरूरी है।

**चयनित हितग्राहियों में** - अनुसूचित जाति वर्ग ट्रेक्टर ट्राली योजना- अवधेश कुमार कुरदा, विजय कुमार खुटे लटियाडीह, संजय कुमार सकराली, प्रकाश बसंत मेड़ापाली, कौशल प्रसाद भारद्वाज मेढापाली, लोकनाथ अजय खुरघट्टी,

अनुसूचित जाति वर्ग पैसेंजर व्हीकल योजना- शैलेंद्र कुमार जांगड़े भिलोनी, अशोक कुमार खटकर मेहंदी, विजय कुमार पाटले केसला।

अनुसूचित जाति वर्ग गुड्स कैरियर योजना - राकेश कुमार बसंत मेड़ापाली, भुनेश्वर खांडे नरियारा, मिथिलेश बघेल कोसीर ।

अनुसूचित जाति वर्ग स्मॉल बिजनेस योजना- अन्नपूर्णा खांडे जांजगीर, शैलेश कुर्रे जांजगीर, मेनदेव आनंद बोड़सरा, कुमारी मनीषा धनगांव, राजकुमार मुड़पार, राम कुमार नेगुरडीह।

अनुसूचित जाति वर्ग स्मॉल बिजनेस योजना- दुष्यंत जांगड़े जवाली, हरीश कुमार धनवा, प्रकाश खुटे भिलौनी, श्री अजय कुमार बगडबरी, शेरा कुमार बर्मन खैरताल, पहलाद भक्त बाराद्वार,

अनुसूचित जाति वर्ग लघु व्यवसाय योजना- सत्य प्रकाश डोंगरी, जानकी शरण टाण्डे कुशमुल, दिनेश बर्मन अरसिया, धनंजय लाल बरभाठा, प्रदीप कुमार रनकोटा।

अनुसूचित जाति वर्ग स्व सहायता समूह योजना- राजीव गांधी खाद्य सुरक्षा पोषण एवं सहकारी समिति पिहरीद, जय मां अन्नपूर्णा स्व सहायता समूह तागा, अनुसूचित जाति मछुआ सहकारी समिति पिसौद, खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सेवा सहकारी समिति किरारी।

पिछड़ा वर्ग स्व सहायता समूह योजना - पुरुषोत्तम शबरी

**सफाई कामगार महिला, अधिकारिता योजना** - मुन्नी बाई, अनीता सारथी, कुमारी कमला नायक, नंदनी सारथी, कुमारी प्रीतिका, अंजोरा बाई, बुधवारा, रानी सारथी, समारीन और सुरजा बाई सोनवानी ।

**सफाई कामगार स्कीम योजना** - सर्वश्री संतोष कुमार, दुकालूराम, मुकेश, संतोष सारथी, संतलाल चैहान, प्रीतम चैहान, मारू लाल चैहान, प्रदीप कुमार चैहान, सोनाउ सारथी और गुमान सिंह चैहान। अनुसूचित जनजाति वर्ग स्मॉल बिजनेस योजना -दिल चंद्र बोड़ जाजंग।

## दुष्कर्म के आरोपी को 12 घंटे के भीतर पकड़ा, भेजा जेल

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



दुष्कर्म के आरोपी को 12 घंटों के भीतर पकड़ने में पुलिस ने सफलता पाई है। मामला लाल पुर थाना क्षेत्र का है जहां प्रार्थिया कुसुमलता नवरंग पिता गोरेलाल नवरंग उम्र 24 साल निवासी डेरहाकापा थाना लालपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी सूर्यकांत भारद्वाज पिता पंचराम भारद्वाज निवासी बिल्हा द्वारा शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाया ।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए आरोपी सूर्यकांत को 12 घंटो के भीतर ही गिरफ्तार कर रिमांड में भेज दिया। उक्त कार्यवाही में सीटी कोतवाली थाना प्रभारी विष्वजीत सिंह, उप निरिक्षक षिव कुमार कोसरिया उप निरिक्षक संजीव कुमार ठाकुर स उ नि बी आर राजपूत प्र आ मनीश सिंह दिलीप दिवाकर आरक्षक दिलीप साहू दयाल गावस्कर संजय यादव गिरीराज परिहार रवि कुमार जांगडी का योगदान रहा।

# प्रांजल उपाध्याय ने किया छत्तीसगढ़ में टॉप

## नीट में धमतरी के प्रांजल उपाध्याय ने ऑल इण्डिया में 90 रैंक व छत्तीसगढ़ में पहला स्थान हासिल किया

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

नेशनल एलिजिबिलिटी एंट्रेंस टेस्ट (नीट) में धमतरी के प्रांजल उपाध्याय ने छत्तीसगढ़ में टॉप और ऑल इंडिया में 90 रैंक लाकर शहर और छत्तीसगढ़ में अपना परचम लहराया है। प्रांजल को 720 में से 700 अंक प्राप्त हुए।

**सफलता की कहानी**

लॉकडाउन के दौरान मिले 5 माह में उन्होंने ऐसी तैयारी की कि छत्तीसगढ़ में टॉप कर गए। प्रांजल के पिता डॉ रोशन उपाध्याय और मां डॉ रश्मि उपाध्याय धमतरी में नर्सिंग होम का संचालन करते हैं ।प्रांजल की शिक्षा दीक्षा धमतरी में ही हुई है।

11वीं के बाद वह भिलाई में पढ़ने के लिए चल दिए थे। शुरू से ही प्रतिभावान रहे प्रांजल अपने लक्ष्य पर ही ध्यान दिए और आज यह मुकाम हासिल किया। उनकी मंशा दिल्ली के मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई करने की है । परिणाम आने के बाद बधाई देने का सिलसिला लगातार जारी है।

### लॉकडाउन के समय का किया भरपूर उपयोग

छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त करने के बाद उपाध्याय परिवार खुशी से फूले नहीं समा रहा है । प्रांजल उपाध्याय को सभी तरफ से बधाइयां मिल रही है । अपनी सफलता का राज बताया ।उन्होंने कहा कि वह 11वीं से ही नीट की तैयारी में लग गए थे। स्कूल उसके बाद कोचिंग फिर घर आकर लगभग 4 घंटे की पढ़ाई करते थे।

11वीं 12वीं उत्तीर्ण होने के बाद कोरोना संक्रमण में लॉक डाउन लग गया। इस दौरान उन्हें पढ़ाई करने का भरपूर मौका मिला ।पूर्व में अपेक्स क्लासेस और आईआईटी जोन से कोचिंग ली थी ।यहीं से ही लगातार मार्गदर्शन लेते रहे ।यहां के शिक्षक और उनकी स्टडी मैटेरियल का भरपूर उपयोग किया। लॉक डाउन के दौरान लगभग 6 से 7 घंटे की रोजाना पढ़ाई करते रहे।





### धमतरीवासियों का आभार

इस संबंध में डॉ रोशन उपाध्याय ने बताया कि उनका पुत्र का जन्म धमतरी में ही हुआ शिक्षा दीक्षा के बाद 11वीं 12वीं के लिए भिलाई शिफ्ट हो गया। अभिभावक होने के नाते उन्हें गौरव महसूस हो रहा है कि आज उनका पुत्र छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया ।धमतरी में ही उनकी नींव रखी गई उन्होंने धमतरी के सभी शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### लक्ष्य पर ध्यान दिया माता-पिता का मिला भरपूर सहयोग

उन्होंने बताया कि माता-पिता का भरपूर सहयोग मिला। छुट्टियों में दोनों उनके पास आ जाते थे ।खासकर मम्मी का सहयोग ज्यादा मिला। विद्यार्थी के जीवन में मानसिक सपोर्ट की अत्यंत आवश्यकता होती है जो उनके माता-पिता ने पूरी की ।भिलाई में नानी के साथ रहते हैं। वे छत्तीसगढ़ में टॉप करेंगे ऐसी उम्मीद नहीं थी, बस पिता के बताए मार्गदर्शन पर चलते हुए उनके सपनों को पूरा करने के लिए मेहनत करते रहे ।उन्होंने अपना रोल मॉडल कोचिंग के सीनियर और पास किए हुए छात्रों को बताया। उनसे भी लगातार फोन पर बात करते रहते थे, मार्गदर्शन प्राप्त करते रहते थे। प्रांजल ने बताया कि उनकी मंशा दिल्ली के मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई करने की है ।पीजी करने के लिए अभी नहीं सोचा है ।वर्तमान समय के विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि अभी कोरोना के कारण समय का उपयोग करना चाहिए ।नियमित रूप से ऑनलाइन क्लासेस में बताएं चीजों का उपयोग कर ह्युद्बघद्ध-ह्युह्लह्लस4 पर ध्यान देना चाहिए विद्यार्थी के जीवन में माता-पिता का सहयोग काफी महत्वपूर्ण रहता है। हर विद्यार्थी को अपने टारगेट पर ध्यान देना चाहिए कि आखिर वह क्या करना चाहता है और क्यों करना चाहता है ।विद्यार्थी के मन में यदि किसी भी प्रकार की मानसिक समस्या है तो उसे छुपाना नहीं चाहिए उसे अपने परिवार जनों के साथ शेयर करनी चाहिए।

# मुख्यमंत्री ने नीट परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को दी बधाई और शुभकामनाएं

## मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने सफल विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अखिल भारतीय स्तर पर चिकित्सा स्नातक में राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा (नीट) में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन पर प्रसन्नता जताई है। उन्होंने इस परीक्षा में सफल रहे विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। नीट परीक्षा में प्रयास आवासीय विद्यालयों के 166 विद्यार्थियों में सफलता प्राप्त की है। चिकित्सा स्नातक में राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा (नीट) का परिणाम 16 अक्टूबर को जारी हुआ। आदिम जाति कल्याण मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, विभाग के सचिव डी.डी.सिंह और संचालक शम्मी आबिदी ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके



उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि चिकित्सा स्नातक में राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा (नीट) में 367 विद्यार्थी शामिल हुए, इनमें से 166 विद्यार्थी सफल हुए हैं। सफल विद्यार्थियों में सर्वाधिक 38 बालिकाएं प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय रायपुर की हैं। इसके अलावा प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग के 33, प्रयास आवासीय विद्यालय बस्तर के 26, प्रयास आवासीय विद्यालय बिलासपुर के 24, प्रयास बालक आवासीय विद्यालय रायपुर के 19, प्रयास आवासीय विद्यालय अंबिकापुर के 17 और प्रयास आवासीय विद्यालय कांकेर के 9 विद्यार्थी परीक्षा में सफल हुए हैं। इसके अतिरिक्त नक्सल प्रभावित क्षेत्र दंतेवाड़ा से 34 विद्यार्थियों और जशपुर में संकल्प विद्यालय के 15 विद्यार्थियों ने नीट की परीक्षा क्वालीफाई की है।

# सामाजिक कार्यों के लिए बड़ा दिल, हौसला, लगन जरूरी : मंत्री डहरिया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

नगरीय प्रशासन और श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा कि समाजिक कार्यों के लिए बड़ा दिल, हौसला और लगन होना चाहिए। राजश्री सद्भवना समिति के कार्यों में यह बात स्पष्ट रूप से दिख रही है। इस संगठन ने गरीबो, बेरोजागारों और महिला सशक्तिकरण की दिशा में जो कार्य किए हैं वह सराहनीय है। मंत्री डॉ. डहरिया ने आज शताब्दी नगर में आयोजित राजश्री सद्भावना समिति के कार्यालय भवन के शुभारंभ अवसर पर सम्बोधित कर रहे थे। नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ डहरिया ने कहा कि महात्मा गांधी, बाबा साहेब डॉ. भीव राव अम्बेडकर जैसे महापुषों ने समाज के दबे, कुचले और शोषितों के हित में काम करके उचाईयों पर पहुंचे हैं। हमे भी सच्चे दिल से ऐसे लोगों की सेवा कर आगे बढने की दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ लोग ऐसे होते है जो अपने



विचारों और कार्यों से भावी पीढ़ी में याद किए जाते हैं। हर परिस्थिति में मजबूत हौसला के साथ निरंतर सामाज सेवा के कार्यों को बढना चाहिए। डॉ. डहरिया ने कहा कि शिक्षा के जरिए ही हम अपने अधिकारों की रक्षा कर सकते हैं। शिक्षा के जरिए ही हम संगठित और संघर्षशील बन सकते हैं, जीवन के हर क्षेत्र में सफलता अर्जित कर सकते हैं। इस अवसर पर उन्होंने संस्था के उत्कृष्ठ कार्य करने वाले लोगों को शाल और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में समिति की अध्यक्ष शकुन डहरिया सहित के.पी. खाण्डे, शताब्दी नगर कॉलोनी के अध्यक्ष सी.एस. ठाकुर, एमआईसी मेम्बर सुन्दर जोगी, अलख चतुर्वेदानी संयुक्त क्लेक्टर राजेश पात्रे, रेखराम पात्रे, अनिता भतपहरी, याचना भतपहरी, अमरौतिन भतपहरी, शशिबाला सोनकेवरे, इन्दु डहरिया सुनीता देशलहरे,डॉ. अमित भारद्वाज, सनत कुमार गिलहरे नरेश कुमार जांगड़े,डॉ. अनिल कुमार भतपहरी, सुनील कुमार भतपहरी, सुशील कुमार भतपहरी सनत कुमार डहरिया,डॉ. जे. आर. सोनी,डॉ. प्रशान्त, पप्पू बघेल, डॉक्टर नादकुमार कोसले, साहू, पूर्वा साहू केशव राम वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित थे।

# 7 दिनों तक परिजनों को शव के लिए भटकाया

# कोविड की आड़ में शासन-प्रशासन आम जनता के साथ खेल रहा खेल

पायनियर संवाददाता < चारामा
www.dailypioneer.com

कांकेर कोविंड सेंटर में भर्ती किये गये मरीज की अचानक मौत और परिवार को बिना बताये 7 दिनों तक परिजनों को शव के लिए भटकाने के मामले में स्वास्थ्य विभाग सहित प्रशासन के बड़े खेल का आभास नजर आ रहा है। कही न कही कोविड की आड़ मेम शासन प्रशासन आम जनता से खेल रहा है। इसका जीता जागता उदाहरण ग्राम तारसगॉव के 50 वर्ष के व्यक्ति एंव उनके परिवार के साथ देखा गया। ग्राम तारसगॉव निवासी प्रतापदेव वारदे जो कि पुर्व मे 03 वर्ष से बीमार थे और घर पर ही रहते थे, 06 अक्टूबर को उनकी तबीयत खराब होने से उनके छोटे बेटे और बहु उन्हे कांकेर जिला अस्पताल ले गये। जहॉ उनका सबसे पहले कोरोना टेस्ट किया गया। जिसमे उनकी रिपोर्ट पाजिटिव आई। 06 अक्टुबर को ही उन्हे अलबेला पारा के कोविंड सेंटर मे भर्ती किया गया। किसी भी प्रकार की दिक्कत के लिए बेटे के द्वारा वहॉ के डॉक्टरो को अपना नम्बर भी दिया गया। साथ ही पिता को भी एक मोबाइल दिया गया। ताकि उनसे बाते हो सके,जिसके बाद बहुत और बेटा तारसगॉव घर वापस आ गये। 07 अक्टुबर को बेटे ने पिता को फोन किया,घंटी पुरी गई ,लेकिन पिता ने फोन नही उठाया,दो तीन बार ट्राई करने के बाद भी फोन नहीं उठाने पर बेटे ने यह सोचकर दुबारा फोन नही किया कि पिता शायद आराम कर रहे होगे।जिसके बाद 07 अक्टुबर को फ ोन नही किया,फिर 08 ,09 और 10 अक्टूबर को भी बार बार फोन करने पर भी पिता ने फ ोन नहीं उठाया।क्योंकि परिजनों को कोविंड सेंटर आने की अनुमति नहीं थी, इसलिए कोई कोंविड सेंटर नहीं गया। 11 अक्टूबर को 10.30 बजे पिता के मोबाइल पर फोन करने पर किसी स्वास्थ्य कर्मचारी ने फोन उठाया ,जब पिता की जानकारी चाही तो उन्हें कोविड सेंटर से रिफर करने की बात कही गई। कहां रिफर किये जाने पर पूछने पर शायद रायपुर रिफ र की बात कर्मचारी ने कही। और उनका समान आकर ले जाने को कहां गया। जब परिजन समान लेने कांकेर कोविड सेंटर पहुंचे तो उनका समान सेंटर से बाहर पड़ा हुआ था। परिजनों ने पिता का हाल चाल पूछा तो वहां कर्मचारियों ने जानकारी नहीं होने की बात कही और चारामा बीएमओ से बात करने को कहा, जिसके बाद चारामा बीएमओ ओ पी शंक्कार से जब परिजनों ने फोन कर पूछा तो उन्होने जगदलपुर 07 अक्टूबर को ही रिफ र करने की बात कही। जब परिजन जगदलपुर कोविंड सेंटर के हेल्पलाईन में फोन कर पिता के नाम से जानकारी चाही ,तो वहॉ के कर्मचारियों ने उस नाम से वहां किसी भी मरीज के एडमिट होने से इंकार कर दिया गया। जिसके बाद परिजन कांकेर कोविड के इंचार्ज लोकेश देव से बात की तो उन्होंने किसी भी जानकारी नहीं होने की बात कही और परिजनों को धुतकारते हुए फ ोन रखने को कहा।परेशान परिजनो ने कुछ देर बार सीएचएमओ जे एल उईके के नम्बर पर फोन किया ,तो उनके द्वारा रायपुर रिफ र करने की जानकारी दी गई। जब परिजनों ने कहा कि पहले कर्मचारियों ने जगदलपुर रिफ र करने की बात बताई थी ,तो सीएचएमओ ने कन्फर्म जानकारी नहीं होने की बात कहकर फोन काट दिया। इसके अलावा परिजनों ने जिला कलेक्टर के एल चौहान को जब पूरी कहानी बताई तो उनके द्वारा सीएचएमओ से बात कर जानकारी देने की बात कही,लेकिन उनके द्वारा दोबारा कोई जानकारी परिजनों को नहीं दी गई। परेशान परिजन 12 अक्टूबर को सांसद मोहन मंडावी के पीए राजेन्द्र ठाकुर से मिले,तब उन्होंने पूरी जानकारी ली। तब अंत में जाकर पता चला कि उन्हें 07 अक्टुबर को रायपुर मेकाहारा अस्पताल में भर्ती किया गया जहां 7 अक्टूबर की शाम को उनकी मृत्यु हो गई थी। लेकिन मृत्यु के बाद से 12 अक्टूबर तक परिजनों को उनके मृत्यु की जानकारी देने की बजाय स्वास्थ्य विभाग का हर अधिकारी उनसे यह बात छुपाकर अंजान बन रहा था। जब परिजन पुनः सीएचएमओ को लगाकर मृत्यु की जानकारी क्यों छुपाई गई तब सीएचएमओ जे एल उईके ने बताया कि उनकी मृत्यु 07 अक्टूबर की शाम को ही हो गई थी। कल 13 अक्टूबर को बॉडी दे दी जायेगी । मृत्यु की खबर सुनते ही परिजन टूट से गये। 13 अक्टूबर को दिन भर शव के आने का इंतजार परिजन करते रहे।लेकिन शव शाम 7 बजे गॉव अंधेरे के समय लाया गया। और सीधे नदी ले जाया गया। जहॉ उनकी बॉडी पूरी तरीके से झिल्ली में पैक की गई थी।




# युवोदय वॉलंटियर्स को प्रोत्साहित करने के लिए कलेक्टर ने स्वयं भी किया वॉल पेंटिंग

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com



कोरोना से बचाव और बस्तर नोनी हेल्पलाइन नम्बर के जागरूकता कार्यक्रम के तहत कलेक्टर रजत बंसल और अपर कलेक्टर अरविंद एक्का ने सर्किट हाउस रोड में दिवाल पर पेंटिंग किया और यूवोदय के वलिटियर्स को दोनों अधिकारियों ने जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित हो कर प्रोत्साहित किया कोविड-19 से बचाव और नियंत्रण के लिए लोगों में जागरूकता हेतु युवोदय के वॉलंटियर्स ने जगदलपुर शहर में लगातार दीवाल पर लेखन और पेंटिंग तथा नुक्कड़ नाटक, चौक चौराहों पर कर लोगों को कोरोना से सावधान कर रहे हैं।

# दिव्यांगों को मोटर ट्राईसिकल मिलने से जीवन स्तर में होगा सुधार : शकुंतला साहू

पायनियर संवाददाता < डोंगरीडीह
www.dailypioneer.com

संसदीय सचिव शकुंतला साहू ने कसडोल विधानसभा के पलारी में 26 दिब्यांगजनों को मोटर ट्राइसिकल वितरण किया गया ।साथ ही राज्य आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत महिला स्व सहायता द्वारा गोबर ने निर्मित दीया एवं मूर्ति का अवलोकन की एवं समूह से दीया क्रय की । शकुन्तला साहू ने दिव्यांगों को मोटर ट्राइसिकल मिलने से उनकी जीवन स्तर में सुधार आएगा साथ ही वे अपने से आत्मनिर्भर




होंगे,महिला स्व सहायता समूहों को बधाई दिए जो गोबर से दीये बनाये है ,इससे उनको आर्थिक लाभ होगी। ट्राइसिकल मिलने से हितग्राहियों ने आभार माना इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष खिलेन्द्र वर्मा ,उपाध्यक्ष मनोज आडिल ,ब्लाक कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष गनेश शंकर जायसवाल , वरिष्ठ कांग्रेस नेता बाबू खान ,जिला पंचायत के सदस्य एवं जनपद पंचायत के सदस्य गण व जनपद पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी एवं महिला बाल विकास के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे ।

# राज्यपाल कोरोना से सुरक्षित रहें इसलिए बैठक में नहीं गया : गृहमंत्री

## चुप्पी तोड़ते साहू ने बताई वजह

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राजभवन में आयोजित नक्सली समस्याओं पर आयोजित बैठक में क्वॉरेंटाइन का हवाला देकर शामिल नहीं होना और मुख्यमंत्री के साथ आयोजित बैठक में शामिल होने की चर्चा पूरे राज्य में फैल गई। इस मामले में भाजपा ने आदेश की आवहेलना कर दिया था और कल कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे एवं वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने राज्यपाल से सौजन्य मुलाकात की इस मामले का पटाक्षेप किया था। आज खुद गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने चुप्पी तोड़ते हुए बैठक में शामिल नहीं होने की वजह



बताते हुए कहा कि वे क्वॉरंटीन थे और राज्यपाल कोरोना से सुरक्षित रहे इसलिए वे बैठक में नहीं गए, इसकी सूचना राजभवन को दे दी गई थी। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री भी क्वॉरंटीन थे इसलिए उनके बुलावे पर वहां की बैठक में शामिल हुए।

गृहमंत्री ने चुप्पी तोड़ते हुए पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि राज्यपाल, राज्य की संवैधानिक प्रमुख हैं और उनके अपमान या आदेश की अवहेलना करने का सवाल पैदा नहीं होता। गृहमंत्री ने बताया कि राजभवन से पत्र मिला था जिसमें गृहमंत्री, एसीएस और डीजीपी के साथ राज्यपाल ने नक्सल मामलों को लेकर बैठक करने की इच्छा जताई थी। एसीएस (गृह) को राजभवन से संपर्क कर बैठक तय करने के लिए निर्देश दिए थे। राज्यपाल 13 तारीख को व्यस्त थीं इसलिए 14 तारीख को राजभवन में बैठक तय की गई। राज्यपाल के आदेश के अहवेलना करना होता, तो हम मीटिंग खुद ही क्यों रखवाते। गृहमंत्री ने बताया कि कांग्रेस प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया रायपुर आए थे और 10 तारीख को उनके कोरोना होने की पुष्टि हुई।

### संवैधानिक संकट खड़ा करके मुकरना प्रदेश सरकार का राजनीतिक चरित्र बनता जा रहा : विष्णुदेव साय

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने प्रदेश के गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू के प्रदेश के हालात और राजभवन में आहूत बैठक में अनुपस्थिति को लेकर दिए बयान पर कटाक्ष किया है। साय ने कहा है कि संवैधानिक संकट खड़ा करके बाद में उससे मुकरना प्रदेश सरकार का राजनीतिक चरित्र बनता जा रहा है। गृह मंत्री को इस संवैधानिक संकट के बाद अपनी सफाई में कोई कहानी गड़ने में इतने दिन का समय लग गया। प्रदेश सरकार कई मौकों पर राजभवन से टकराव के रास्ते पर चलती नजर आई है। अभी प्रदेश सरकार का राज्यपाल की सहमति लिए बिना राजभवन के सचिव का तबादला करना न केवल संवैधानिक प्रमुख के अपमान का मामला है,अपितु यह संवैधानिक मर्यादा के उल्लंघन का परिचायक भी है।

NABH द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान
मध्यभारत का 100 बिस्तरों का अत्याधुनिक
संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल
• कैंसर सर्जरी • कीमोथैरेपी
• रेडियोथैरेपी • पेट स्कैन
• रक्त रोग • ब्लड कैंसर
• ब्लड बैंक • PSMA स्कैन
• फ्रोजन सेक्शन
• सभी न्यूक्लियर मेडिसीन स्कैन
• बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट
दावड़ा कॉलोनी पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4061010, 4081010
मो. 73899-04010, 73899-05010
info@scch.co.in, www.scch.co.in




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403